4 रायपुर संभाग
देवशयनी एकादशी पर जनकपुर राष्ट्रीय गौशाला में आज भव्य...

6 अभिमत
उपचुनाव परिणाम 'इंडिया' को बढ़त

09 विविध
कुम्हारी में वार्ड परिसीमन को लेकर नगर में हुई राजनीति तेज

10 संस्कारधानी
100 प्रतिशत आरक्षण पूरा हुआ बगैर फिर परिसीमन...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 17 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-325 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### गौवंश व दुधारु पशुओं तस्करी, वध व मांस की बिक्री पर होगी कार्रवाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर गृह विभाग द्वारा गौवंश व दुधारु पशुओं के अनाधिकृत परिवहन (तस्करी), वध व मांस की बिक्री आदि घटनाओं की रोकथाम तथा संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के संबंध में आदेश जारी किया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि साय सरकार गौवंश के अवैध परिवहन पर सख्ती से निपट रही है। हमने सजा और जुर्माने का प्रावधान करके यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी इस कानून का उल्लंघन न कर सके। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में अब गौ तस्करी संभव नहीं और इसके लिए हमने प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी तय की है।

### शंकराचार्य का काम नेताओं के घर जाकर राजनीतिक बयान देना नहीं : नारायण गिरि

**नयी दिल्ली।** दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष तथा श्रीदूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के श्रीमहंत नारायण गिरि ने ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य



अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के घर जाकर राजनीतिक बयान देने को गलत बताया और कहा कि हिन्दू धर्म परंपरा में शंकराचार्य शीर्ष आसन है तथा उनका काम पूजा पाठ करना है और ऐसे पूज्यपाद का किसी के घर जाकर राजनीतिक बयान देना अनुचित है। पंचदशनाम जूना अखाड़े के प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि ने एक वीडिया जारी कर कहा कि शंकराचार्य ने शिवसेना उद्धव गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे के घर जाकर राजनीतिक बयान दिया है और यह अनुचित है।

### बिहार में आतंकराज स्थापित : तेजस्वी

**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने




विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता की हत्या को लेकर सरकार पर फिर से हमला बोला और कहा कि प्रदेश में आतंक का राज स्थापित हो चुका है। यादव ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा कि मुकेश सहनी जी के पिता की अपराधियों द्वारा निर्मम हत्या की दुःखद खबर सुन स्तब्ध एवं मर्माहत हूं। उन्होंने कहा, प्रदेश में आतंकराज स्थापित हो चुका है।

# डोडा में विदेशी आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के चार जवान शहीद

वार्ता < जम्मू
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए पुलिस के साथ संयुक्त और समन्वित अभियान के दौरान एक कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी शहीद हो गये। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जम्मू स्थित रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) सुनील बर्तवाल ने कहा कि सोमवार रात 8.40 बजे एक खोज दल ने डोडा क्षेत्र से 10 किमी उत्तर में उरारबग्गी में आतंकवादियों को छिपे हुए होने की सूचना पर अभियान शुरू किया। वह इलाका घने जंगलों वाला और पहाड़ी क्षेत्र है और बादलों व बारिश के कारण दृश्यता सीमित है। उन्होंने कहा, शुरुआती गोलीबारी में, सेना के चार जवान घायल हो गए, जिन्होंने बाद में दम तोड़ दिया। आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए अतिरिक्त सैनिक और उपकरण बुलाए गए एवं ड्रोन तथा अन्य तकनीकी संसाधनों का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। शहीद सैनिक हैं: कैप्टन ब्रिजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र और सिपाही अजय। पीआरओ ने कहा, सेना उन विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त और समन्वित अभियान चला रही है, जो घुसपैठ कर चुके हैं तथा उधमपुर, डोडा, किश्तवाड़ एवं भद्रवाह जिलों के ऊपरी इलाकों और



उसके बाद कश्मीर घाटी की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह के ऑपरेशन कठुआ क्षेत्र में लगातार चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हाल के दिनों में कई ऑपरेशनों के परिणामस्वरूप 26 जून को गंदोह में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया, साथ ही 11 जून को छत्तर गली आतंकवादी हमले को भी सफतापूर्वक विफल कर दिया गया। उन्होंने कहा,मृत आतंकवादियों के पास से बरामद बड़ी मात्रा में युद्ध जैसे भंडार के विश्लेषण से सीमा पार की शुरुआती एजेंसियों का हाथ होने का पता चलता है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोस्ट किया, मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। राष्ट्र हमारे सैनिकों के परिवारों के साथ दृढ़ता से खड़ा है जिन्होंने कर्तव्य के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया है। आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं, और हमारे सैनिक आतंकवाद के संकट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा क्षेत्र में शांति एवं व्यवस्था बहाल करें। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी ड्यूटी के दौरान सेना के जवानों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, डोडा जिले में हमारे सेना के जवानों और जेकेपी कर्मियों पर कायरतापूर्ण हमले के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। हमारे राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि। शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। उन्होंने कहा, हम अपने सैनिकों की मौत का बदला लेंगे और आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर देंगे। मैं लोगों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और हमें सटीक जानकारी प्रदान करने का आह्वान करता हूं ताकि हम आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर सकें तथा आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को बेअसर कर सकें। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, मेरे लोकसभा क्षेत्र में जिला डोडा के देसा इलाके में सशस्त्र मुठभेड़ों की खबरों से बेहद परेशान हूं। उन्होंने कहा, हमारे बहादुरों की शहादत पर शोक व्यक्त करने और निंदा करने के लिए शब्द कम पड़ रहे हैं। आइए हम सभी मिलकर दुश्मन के नापाक मंसूबों को हराएं और शांति और सद्भाव बनाए रखें जिसके लिए डोडा हमेशा से जाना जाता है।

## 20 लाख के इनामी एक महिला माओवादी सहित चार नक्सलियों का समर्पण

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



सुकमा जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब 20 लाख की इनामी महिला माओवादी समेत चार कट्टर नक्सलियों ने आत्समर्पण कर दिया। बताया जाता है कि समर्पण करने वाली महिला नक्सली लगभग 14 साल व पुरुष नक्सली लगभग 14-15 सालों से नक्सली संगठन में सक्रिय रहकर कई बड़ी-बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा पदों के अनुरूप आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से महिला नक्सली पर आठ लाख, दो पर पांच-पांच लाख व अन्य एक पर दो लाख यानी कुल 20 लाख रुपये का इनाम घोषित है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के मुताबिक उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की 'छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वासनीति' व 'नियद नेल्ला नार' योजना से प्रभावित होकर व अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से समर्पण किया। आत्मसमर्पित महिला नक्सली लगभग 14 साल व पुरुष नक्सली लगभग 14- 15 सालों से नक्सली संगठन में सक्रिय रहे हैं। साथ ही ये सभी छतीसगढ़, महराष्ट्र, आंध्र प्रदेश में कई बड़ी-बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहे हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कम्पनी नम्बर 10 प्लाटून 'ए डिप्टी कमाण्डर /सेक्शन-ए ' डिप्टी कमाण्डर, प्लाटून नंबर 30 का पीपीसीएम, दक्षिण बस्तर डिवीजन टेक्निकल सदस्या/एसीएम एवं महाराष्ट्र (गढ़चरोली डिवीजन अन्तर्गत) भामरागढ़ एरिया कमेटी/ सीएनएम पार्टी सदस्यों के पदों पर सक्रिय रहे हैं।

## जीतन सहनी की हत्या की राहुल प्रियंका ने की कड़ी निंदा

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार में विकासशील इंसान पार्टी-वीआईपी के संस्थापक तथा पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए इस घटना को निंदनीय बताया है। दोनो नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके पीड़ित परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की और कहा कि इस अपराध के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और सहनी परिवार को न्याय मिलना चाहिए।

## भूपेंद्र, दीपेन्द्र से उनके कुशासन का हिसाब मांगने का वक्त आ गया है : शाह

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



अमित शाह ने कहा कि हरियाणा में 'नॉट फाउंड सूटेबल कैंडिडेट' बताकर पिछड़ों के आरक्षण का हक मारने वाली कांग्रेस और उनके नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा से उनके कुशासन का हिसाब मांगने का वक्त आ गया है। शाह ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ पाली में आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि राज्य का संपूर्ण समाज और विशेष कर पिछड़ा वर्ग आगामी चुनाव में तीसरी बार पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनाकर कांग्रेस और पिता-पुत्र (भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और दीपेन्द्र हुड्डा) से पिछड़ों से अन्याय का हिसाब लेगी, ऐसा उन्हें पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि हुड्डा के 10 साल के कुशासन का हिसाब भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता मांगेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 10 साल के कुशासन में हरियाणा को सिर्फ 41 हजार करोड रुपये दिये थे, वहीं 10 साल में भाजपा की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दो लाख 59 हजार करोड़ रुपये हरियाणा को दिये हैं।

## सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने संसद की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलाने के बारे में विचार विमर्श के लिए बजट सत्र से पहले रविवार को सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्रालय ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे संसदीय सौंध में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में सरकार की ओर से संसद की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलाने के लिए सभी दलों के नेताओं से बात कर विपक्ष को विश्वास में लेने की कोशिश की जायेगी।

## कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की आत्मा और रीढ़ : चौहान

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की आत्मा और किसान को रीढ़ करार देते हुए कहा कि देश में सीमांत किसानों और छोटी जोत के किसानों के लिए 'मॉडल फॉर्म ' बनाने की ज़रूरत है। चौहान ने मंगलवार को यहां 96वें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) स्थापना एवं प्रौद्योगिकी दिवस 2024 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा है। किसान एवं खेती प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कृषि विविधिकरण से किसानों की खेती में आय बढ़ाना संभव है और सरकार इसी संकल्प के साथ काम कर रही हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी एवं राम नाथ ठाकुर, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्रालय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) एवं महानिदेशक (आईसीएआर) हिमांशु पाठक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर फसलों की 25 किस्में जारी की गयी और कुछ उत्पाद किसानों को समर्पित किये गये। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कई प्रकाशन का विमोचन भी किया गया। चौहान ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित बनाने में कृषि और कृषि संबंधित क्षेत्र ही महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

## एन. कोटेश्वर सिंह, आर. महादेवन एन. कोटेश्वर सिंह, आर. महादेवन उच्चतम न्यायालय के लिए न्यायाधीश नियुक्त

**नयी दिल्ली।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह और मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आर. महादेवन को उच्चतम न्यायालय में नियुक्त किया गया है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा की गयी ये नियुक्तियां इन न्यायाधीशों के कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी। विज्ञप्ति में कहा गया, राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह, मुख्य न्यायाधीश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय, (मूल उच्च न्यायायल मणिपुर) और आर. महादेवन, न्यायाधीश, मद्रास उच्च न्यायालय को वरिष्ठता के उस क्रम में भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त किया है, जो उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी है। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ दोनों नए न्यायाधीशों को शपथ दिलाएंगे। इन नियुक्तियों से उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की 34 की संख्या पूरी हो जाएगी।

## उद्योगों की स्थापना के लिए राज्य सरकार देगी हर संभव सहयोग : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए हर संभव सहयोग करेगी। नए उद्योगों की स्थापना हो, छत्तीसगढ़ में वैल्यू एडिशन का काम हो और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले, ऐसी सरकार की मंशा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उक्त बातें अपने निवास कार्यालय में भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा नई औद्योगिक नीति 2024-29 के लिए दिए गए सुझावों पर चर्चा के दौरान कही। इस दौरान मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, सीआईआई के छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के चेयरमैन आशीष सराफ वाइस चेयरमैन संजय जैन, सर्व नरेंद्र गोयल, आनंद सिंघानिया, रमेश अग्रवाल, पंकज सारडा सहित सीआईआई छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर भारतीय उद्योग परिसंघ के सदस्यों ने सिंगल विंडो सिस्टम और मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार सृजन के लिए उद्योगों को बढ़ावा दिए जाने के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों और बहुमूल्य खनिजों के विपुल भंडार मौजूद हैं। प्रदेश में लघु वनोपजों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि चाहे खनिज हो या लघु वनोपज, इनका वैल्यू एडिशन छत्तीसगढ़ में ही हो, ताकि प्रदेश को इसका लाभ मिले। साय ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में सैकड़ो एमओयू हुए हैं, लेकिन इनका क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। राज्य सरकार की मंशा है कि यहां नए-नए उद्योग स्थापित हों, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सीआईआई द्वारा नई औद्योगिक नीति के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं, प्रदेश के उद्योग मंत्री और नीति तैयार करने वाली समिति को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सुझावों का अध्ययन कर, अच्छे सुझावों को नई औद्योगिक नीति में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना की है और अगले 5 वर्षों में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इन्हीं लक्ष्यों को पूरा करने हम विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नई औद्योगिक नीति और विकसित छत्तीसगढ़ का विजन डॉक्यूमेंट भी जारी किया जाएगा। भारतीय उद्योग परिसंघ के सदस्यों प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ में सिंगल विंडो सिस्टम की प्रशंसा की।

### हरित ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए राज्य में इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा दिया जा रहा

## सुक्खू ने पीएम मोदी से उदार वित्तीय सहायता का किया आग्रह

वार्ता < शिमला/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। उन्होंने प्रधानमंत्री से हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा संपन्न राज्य बनाने के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से भी मोदी को अवगत करवाया। सुक्खू ने कहा कि ताप विद्युत खरीद की शर्तों एवं नियमों में राहत देते हुए राज्य को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए क्योंकि प्रदेश जल्द ही हरित ऊर्जा निर्भर राज्य बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए राज्य में इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने ई-बसों की फंडिंग के लिए नाबार्ड के तहत ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) ऋण प्रदान करने की अनुमति देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्पीति में 1000 मेगावॉट हाइब्रिड सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन की क्षमता है जिसका ग्रीन कॉरिडोर ट्रांसमिशन के जरिए दोहन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सतलुज घाटी मे सौर, पवन और जलविद्युत ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को केंद्र सरकार के पास लंबित बिजली परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने कहा कि बार-बार आग्रह करने के बावजूद भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड ने काफी समय से लंबित एरियर का हिमाचल प्रदेश को भुगतान नहीं किया है। इसके अलावा शानन पावर प्रोजेक्ट की पट्टा अवधि पूरी होने के बावजूद प्रदेश को अभी तक इसका मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। उन्होंने एसजेवीएन और एनएचपीसी की बिजली परियोजनाओं को दी जा रही निशुल्क पावर रॉयल्टी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया और इस संबंध में अनुकूल निर्णय लेने का आग्रह किया। सुक्खू ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के तौर पर विकसित किया जा रहा है, वहीं कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार की प्रक्रिया भी जारी है। उन्होंने केंद्र सरकार से भूमि अधिग्रहण का पचास फीसदी खर्च उठाने और हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के लिए विशेष अनुदान देने का भी आग्रह किया। उन्होंने पर्यटन, रोजगार और आर्थिक विकास के लिए पर्यटन विशेष आर्थिक क्षेत्र के लिए नीति बनाने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य से इस तरह की नीति को शुरू करना बहुत लाभदायक होगा। उन्होंने मोदी को विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के बारे में भी अवगत करवाया और उदार वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया ताकि राज्य सरकार बीते वर्ष मानसूज सीजन में नुकसान से जल्द उबर सके। मोदी ने मुख्यमंत्री की सभी मांगों को विनम्रता से सुना और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर राज्य के वित्त विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर और आवासीय आयुक्त मीरा मोहंती मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे।

## मणिपुर-त्रिपुरा में हिंसा की घटनाएं प्रायोजित : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पूर्वोत्तर के मणिपुर और त्रिपुरा अशांति बनी हुई है और वहां हिंसा की घटनाएं प्रायोजित रूप से हो रही हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि वहां की हिंसा प्रायोजित है और वहां जानबूझकर हिंसा और आतंकवाद का माहौल पैदा किया जा रहा है। उन्होंने कहा वहां हो रही हिंसा प्रायोजित है। भाजपा इस देश को ऐसे कगार पर ले जा रही है, जहां से लौटना बहुत मुश्किल हो जाएगा। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। मणिपुर की हिंसा से इनका मन नहीं भरा इसलिए अब ये त्रिपुरा में भी वही हालात पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि वहां पंचायत चुनाव से पहले हिंसा हो रही है, इसलिए इसे वहां शांति का माहौल स्थापित हो यह जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की है। उनका कहना था कि पूर्वोत्तर में जंगलराज चल रहा है और मणिपुर तथा त्रिपुरा में स्थिति बहुत ही खराब है। उन्होंने कहा ये पूरी तरह से नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की जिम्मेदारी है। त्रिपुरा में आम लोग चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें विश्वास है कि इस लोकतंत्र में वे बिना हिंसा के ईमानदारी से निष्पक्ष चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन यहां ऐसा संभव नहीं है क्योंकि भाजपा ने ठान लिया है कि उनके खिलाफजो भी नामांकन करेगा उसे मारेंगे।

## रक्षा मंत्रालय ने देश में ही बनाये जाने वाले रक्षा उत्पादों की पांचवीं सूची जारी की

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढावा देने तथा आयात पर निर्भरता को लगातार कम करने के सिलसिले को जारी रखते हुए भविष्य में देश में ही बनाये जाने वाले 346 रक्षा उत्पादों की पांचवीं सूची मंगलवार को यहां अधिसूचित कर दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इनमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सिस्टम,सब-सिस्टम,असेंबली ,सब-असेंबली, कलपुर्जे और उपकरण तथा कच्चे माल शामिल हैं, जिनका आयात मूल्य 1,048 करोड़ रुपये है। भविष्य में इन उत्पादों की खरीद केवल देश से ही की जायेगी। रक्षा मंत्रालय इससे पहले भी 4666 रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण की चार सूची जारी कर चुका है जिनमें से 3,400 करोड़ रुपये मूल्य के आयात वाले 2,972 उत्पाद पहले ही देश में बनाये जा रहे हैं। इन सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणालियाँ, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने घरेलू विक्रेताओं को 7,572 करोड़ रुपये का ऑर्डर दिया है। इन उत्पादों का विनिर्माण सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों तथा लघु और सूक्ष्म इकाईयों में किया जायेगा। इससे अर्थव्यवस्था में विकास को गति मिलेगी, रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। इसके अलावा, इससे शिक्षा जगत और अनुसंधान संस्थानों की भागीदारी के कारण घरेलू रक्षा उद्योग की डिजाइन क्षमताओं में वृद्धि होगी। रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए 2020 में सृजन पोर्टल की शुरूआत की थी इस पोर्टल पर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सेवा मुख्यालय स्वदेशीकरण के लिए एमएसएमई और स्टार्ट-अप सहित उद्योगों को रक्षा उत्पादों की पेशकश करते हैं।

# स्वास्थ्य संसद–2024 में डॉ. राजाराम त्रिपाठी होंगे सम्मानित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




बीएससी (गणित), एलएलबी, कार्पोरेट-ला एवं पांच अलग-अलग विषयों में स्नातकोत्तर की डिग्रियों तथा 'डाक्टर आफ फिलासफी' की उपाधि के साथ देश के सबसे ज्यादा पढ़े लिखे अग्रिम पंक्ति के किसान-नेता के रूप में जाने जाते हैं डॉ राजाराम, स्वास्थ्य सांसद-2024 में देश की महान हस्तियों की उपस्थिति में 21 जुलाई को बस्तर के कृषि वैज्ञानिक डॉ राजाराम त्रिपाठी स्वस्थ भारत सारथी सम्मान 2024 से सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जुलाई 19 20 21 को प्रभु राम की पावन जन्मभूमि अयोध्या के नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में तीन दिवसीय स्वास्थ्य संसद-2024 का आयोजन हो रहा है।अमृतकाल में भारत का स्वास्थ्य एवं आहार परंपरा विषय पर अमृत-मंथन होगा जिसमें देश भर के स्वास्थ्य चिंतक, चिकित्सक व पत्रकारों का जुटान होगा। यह आयोजन 'प्रधानमन्त्री भारतीय जन औषधि परियोजना' तथा आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जागरण पत्रकारिता संस्थान एवं स्वस्थ भारत न्यास के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न होने जा रहा है। इसमें कई राज्यों के राज्यपाल, मंत्री, सांसद, विधायक तथा बड़ी संख्या में मानव स्वास्थ्य से संबद्ध विभिन्न क्षेत्रों की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभूतियां सम्मिलित होने जा रही हैं। स्वास्थ्य संसद में स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर तीन दिनों तक लगातार विचारों का महामंथन होगा तथा कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में स्वास्थ्य के क्षेत्र में दीर्घकालिक विशिष्ट योगदान हेतु देश की चुनिंदा विभूतियां का सम्मान भी किया जाएगा। डॉ राजाराम त्रिपाठी को यह विशिष्ट राष्ट्रीय सम्मान उनके द्वारा विगत 30 वर्षों से अधिक समय से प्रमाणित जैविक पद्धति से हर्बल कृषि के क्षेत्र में किए गए नए-नए शोधों एवं प्रयोगों द्वारा हर्बल कृषि में वैश्विक स्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश में खेती को फायदे का सौदा बनाने के लिए प्रदान किया जा रहा है।

इस आयोजन में देशभर के विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे, जिनमें से एक प्रमुख आकर्षण है, कई पीढ़ियों पूर्व प्रतापगढ़ से छत्तीसगढ़ आकर बसे बस्तर छत्तीसगढ़ की माटी के लाल डॉ राजाराम त्रिपाठी द्वारा विशिष्ट-वक्ता के रूप में खेती किसानी में शोध व नवाचार तथा जनजातियों की विशिष्ट पोषण पद्धति पर विशेष भाषण। इस सम्मान प्राप्ति की घोषणा की सूचना पर डॉक्टर त्रिपाठी ने कहा है कहा कि उनका परिवार पिछले पांच पीढ़ियों से बस्तर छत्तीसगढ़ की सेवा कर रहा है। मेरी जन्मभूमि तथा कर्मभूमि दोनों ही बस्तर है, और मैं बस्तर से सर्वाधिक प्यार करता हूं। साथ ही हमारे पुरखों की धरती उत्तर प्रदेश एवं प्रभु राम की जन्मभूमि से भी हमारा आत्मिक तथा आध्यात्मिक लगाव है। इसलिए उत्तर प्रदेश के किसानों की उन्नति हेतु वह हर संभव सहायता करने के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मान दरअसल उनका सम्मान नहीं है, यह तो बस्तर की माटी का सम्मान है और उन्होंने अपने सम्मान को मां दंतेश्वरी हर्बल समूह परिवार के सभी सदस्यों को सादर समर्पित किया है। गौरतलब है कि डॉ त्रिपाठी द्वारा माँ दंतेश्वरी हर्बल फार्म तथा रिसर्च सेंटर के जरिए विगत तीन दशकों से कई प्रकार के देश विदेश में भारी मांग वाली हर्बल फसलों जैसे सफेद मूसली,स्टीविया,काली मिर्च,आस्ट्रेलियन टीक आदि फसलों की गुणवत्ता उत्पादकता तथा लाभदायकता बढ़ाने के दृष्टिकोण से इनपर निरन्तर शोध कार्य करते हुए कई हर्बल फसलों की उन्नत किस्में भी विकसित की गई हैं। इन नई किस्मो के अंकुरण दर और उनकी उत्पादन क्षमता में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इनके द्वारा विकसित की गई उन्नत किस्म की काली मिर्च मां दंतेश्वरी काली मिर्च-16 और 'आस्ट्रेलियन टीक' की सफल जुगलजोड़ी ने कृषि जगत में ही नहीं वल्कि अंतरराष्ट्रीय कृषि क्षेत्र में भी धूम मचाई है । पिछले वर्ष इन्हें 40 लाख रुपए में बनने वाले 1 एकड़ के पाली हाउस का मात्र डेढ़ लाख रुपए में सस्ता टिकाऊ और ज्यादा लाभ देने वाला नैसर्गिक विकल्प नेचुरल ग्रीन हाउस के सफल मॉडल हेतु, देश के कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के हाथों देश के सर्वश्रेष्ठ किसान (Best Farmer Award-wx) का अवार्ड भी प्रदान किया गया है। बीएससी ,(गणित), एलएलबी, कार्पोरेट-ला एवं पांच अलग-अलग विषयों में स्नातकोत्तर की डिग्रियों तथा डॉक्टरेट की उपाधि के साथ डॉ त्रिपाठी देश के सबसे ज्यादा पढ़े लिखे अग्रिम पंक्ति के किसान-नेता के रूप में भी जाने जाते है। सबसे बड़ी बात यह है कि इनके इन रिसर्च तथा नवाचारों के फायदे बस्तर छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के किसान उठाने लगे हैं। डॉ त्रिपाठी के उच्च लाभदायक बहुस्तरीय खेती तथा नेचुरल ग्रीनहाउस के 'कोंडागांव-मॉडल' को देश की खेती का गेम चेंजर माना जा रहा है।

# तत्परता से करें जनसमस्याओं का निराकरण: सीएम यादव

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जन सामान्य की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता और तत्परता से किया जाए। जाति और निवास प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है। डॉ यादव उज्जैन के आस्था गार्डन में आयोजित जन संवाद शिविर को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने शिविर में उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी एवं जिला प्रशासन को निराकरण के निर्देश दिए। डॉ यादव की ओर से शिविर में उज्जैन आजीविका स्व-सहायता समूह की महिलाओं को एक करोड़ 47 लाख ऋण राशि का चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए कार्यों को पूर्ण कराएं। 'एक जिला-एक उत्पाद' अंतर्गत उज्जैन में चयनित बुटिक प्रिंट के साथ हैंडलूम, पॉवरलूम, लघु, कुटीर और फुटकर उद्योगों को भी समान रूप से बढ़ावा मिले, जिससे रोजगार के अधिक से अधिक अवसरों का सृजन हो सके। उन्होंने कहा कि उज्जैन में भगवान की मूर्तियां, वस्त्र और पूजन सामग्री बनाने का काम भी आरंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा महाकाल की सवारी उज्जैन ही नहीं पूरे प्रदेश का गौरव हैं। सवारी में जनजातीय जिले डिंडौरी, मंडला, बालाघाट आदि के नृत्य कलाकारों को भी शामिल किया जाए। बाबा महाकाल की सवारी में मंत्रीगण भी शामिल होंगे। डॉ यादव ने कहा कि सिंहस्थ के नोटिफाइड एरिया को चिन्हित कर विकास कार्यों को गति प्रदान करें।
उज्जैन नगर से महानगर की ओर अग्रसर हो रहा है।

# नागालैंड के आर्थिक विकास के लिए तिजु जुंकी नदी का कार्गो और यात्री परिवहन के लिए उपयोग करने की योजना: सर्बानंद सोनोवाल

**पर्यटन के विकास के लिए डोयांग नदी झील विकास को सामुदायिक जेट्टियों और रो पैक्स फेरी से जोड़ने की योजना: सर्बानंद सोनोवाल**

**दीमापुर।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आयोजित हितधारकों के सम्मेलन में नागालैंड की जलमार्ग क्षमताओं को कुशल बनाने के उद्देश्य से आज प्रमुख पहलों की घोषणाएं की हैं। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने सर्बानंद सोनोवाल के साथ मिलकर तिंजु-जुकी (राष्ट्रीय जलमार्ग 101) के विकास की घोषणाएं की हैं। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) तथा परिवहन विभाग, नागालैंड सरकार मिलकर इस बारे में क्षमताओं का अध्ययन करेंगे। रियो और सोनोवाल ने राज्य में दोयांग नदी की पर्यटन संभावनाओं के विकास के लिए पहल करने की भी घोषणा की है। इस सिलसिले में सामुदायिक जेट्टियों और रो पैक्स फेरी संबंधी व्यावहारिकता अध्ययन भी किया जाएगा। इन प्रयासों से राज्य की पर्यटन संभावनाओं को बल मिलेगा। ये घोषणाएं पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा आयोजित हितधारक सम्मेजल में आयोजित एक इंटरेक्टिव सत्र के दौरान की गई। इस सम्मेलन में राज्य के उप मुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन, पर्यटन मंत्री टेम्जेन इम्ना अलोंग के अलावा लोकसभा सांसद एसएस जामिर, राज्य सभा सांसद फांगनॉन कोन्याक, विधायक एवं सलाहकार, नागालैंड एम यान्थान, विधायक एवं सलाहकार परिवहन एवं तकनीकी शिक्षाटेम्जेनमेनबा, विधायक एवं सलाहकारएसके यिमचुंगेर, विधायक नागालैंड जेडएन न्यूथे, विधायक नागालैंड सीके संतम, के अलावा आईडब्ल्यूएआई के वाइस चेयरमैन सुनील सिंह, आयुक्त एवं सचिव, परिवहन विभाग, नागालैंड सरकार तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों के कुछ वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस मौके पर,




केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, जलमार्ग वास्तव में, परिवहन के सबसे किफायती, सस्टेनेबल और कुशल साधन होता है। हमारे लोकिप्रय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमेशा से देश के भीतर अंतर्देशीय जलमार्गों को वैकल्पिक परिवहन मार्गों के तौर पर विकसित करने पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, हमारी सरकार देश के समृद्ध संसाधनों का इस्तेमाल कर एक दशक से भी कम अवधि में देश को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत है। देश का पूर्वोत्तर का इलाका भारत के विकास के इंजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यहां जलमार्गों की जटिल और गतिशील व्यवस्था देशभर में विकास की आंधी को बढ़ावा देने के लिहाज से शानदार अवसर है। हम इस क्षेत्र में जलमार्गों के विकास पर जोर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं आज यहां उपस्थित सभी हितधारकों जैसे ट्रांसपोर्टरों, एग्ज़िम ट्रेडरों, व्यावसायिक हितधारकों तथा पोत मालिकों का आह्वान करता हूं कि वे क्षेत्र में बेहतर बनाए जा चुके जलमार्गों द्वारा उपलब्ध कराए अवसरों का लाभ उठाएं। इस बीच, मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पूर्वोत्तर के युवाओं से मैरीन सेक्टर (समुद्री क्षेत्र) में रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए समुद्री कौशल विकास केंद्र से समुद्री कौशल में प्रशिक्षण प्राप्त करने का भी आह्वान किया। नागालैंड में राष्ट्रीय जलमार्ग 101 लोंगमात्रा (नागालैंड) से अवांगखुतक जाता है जहां आईडब्ल्यूएआई द्वारा व्यावहारिकता अध्ययन कराया जाएगा। इस अध्ययन में जलमार्गों के विकास, नेवीगेशन सहायता, न्यूनतम इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ टर्मिनल, कौशल विकास तथा पोतों की खरीद के परिप्रेक्ष्यों को टटोला जाएगा।

नागालैंड की तिजु नदी आगे म्यांमार में हत्मंथी में चिंदडाउन नदी (जो कि इरावदी नदी की तीसरी सबसे बड़ी सहायक है), जिसे म्यांमार में निंग्थी नदी के नाम से भी जाना जाता है, से मिलती है। इरावदी मांडले चौक, प्रोमे और हिंथदा से होते हुए आगे चलकर इरावदी डेल्टा के बाद अंडमान सागर में समाती है। इस प्रकार ये भारत के पूर्वोत्तर से अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्गों पर कार्गो परिवहन के लिए जलमार्गों के इस्तेमाल का बेहतरीन विकल्प उपलब्ध कराती है।

## गौवंश हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में गौ हत्या के मामलें में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुख्यालय की ओर दी गई जानकारी के अनुसार जंगल अमझरा में चरने के लिए फरियादी ने छह गाय को छोड़ा था। इस बीच आरोपी असलम, सादिक, अरसलान, नसुरुद्दीन ने सभी गौवंश की हत्या कर मांस (गोस्त) को वाहन में भरकर बेच दिया था। पुलिस ने इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार न्यायालय पेश कर दिया है।



## सारण में दो लोगों का शव बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने मंगलवार को दो लोगों का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि ताल पुरैना चंवर से गौरा थाना क्षेत्र के अगहरा गांव निवासी केशव पंडित के पुत्र सुरेश पंडित (40) का शव बरामद किया गया है। इस मामले में मृतक के परिजनों से मिले आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि जलालपुर जाने वाले सड़क से एक युवती का शव बरामद किया गया है। मृतक युवती की उम्र करीब 25 वर्ष है, और उसकी पहचान नहीं की जा सकी है। युवती की हत्या कहीं दूसरी जगह पर करने के बाद साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को लाकर फेंका गया है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक युवती की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## केरल में बारिश से संबंधित घटनाओं में चार लोगों की मौत

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर और पलक्कड़ जिलों में बारिश से संबंधित अलग-अलग घटनाओं में मंगलवार तड़के एक ही परिवार के दो सदस्यों सहित चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि पलक्कड़ जिले के कन्नम्बरा के पास कोट्टेक्कड़ में आज तड़के जारी मूसलाधार बारिश के कारण एक घर की दीवार ढहने से मां और बेटे की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान सुलोचना (54) और पुत्र रंजीत (33) के रूप में हुई। एक अन्य घटना कन्नौर जिले के मट्टनूर के पास कोलेरी में हुई जहां भारी बारिश के कारण घर के पास ही धान के खेतों में जलभराव होने से सोमवार शाम एक महिला सी कुन्हामिना (51) सहित दो लोग डूब गये। महिला का शव बरामद कर लिया गया। राज्य के थालास्सेरी के पास ओलाविलम में एक अन्य घटना में के चंद्रशेखरन (63) कल रात घर लौटते समय धान के खेत में डूब गये। गौरतलब है कि केरल में रविवार में भारी बारिश जारी है। यहां पांच जिलों मलप्पुरम, कोझीकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड में ऑरेंज अलर्ट जबकि सात जिलों कोट्टायम, इडुक्की, पथानामथिट्टा, अलप्पुझा, एर्नाकुलम, त्रिशूर और पलक्कड़ में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## तेलंगाना में भारी वर्षा होने के आसार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के कई जिलों के अलग-अलग स्थानों पर 18 और 19 जुलाई को भारी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) ने मंगलवार को बताया कि मुलुगु, भद्रादी , वारंगल और जयाशंकर और अन्य कई जिलों के अलग-अलग स्थानों पर 18 जुलाई को जबकि निर्मल, निज़ामाबाद, अदिलाबाद और जगितल सहित अन्य कई जिलों के अलग-अलग स्थानों पर 19 जुलाई को भारी वर्षा होने के आसार हैं। मौसम अधिकारियों ने तेलंगाना के अलग-अलग स्थानों पर अगले पांच दिनों के दौरान भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। इसी दौरान, राज्य के सभी जिलों के अलग-अलग स्थानों पर 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है।

## अंतर्विभागीय राज्य स्तरीय समिति का गठन

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय उद्यानों एवं वन्यजीव अभ्यारण्यों के अधिसूचित इको सेंसेटिव जोन्स का जोनल मास्टर प्लान मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा बनाया जा रहा है। उक्त जोन मास्टर प्लान के गजट नोटिफिकेशन से पूर्व परीक्षण एवं स्पष्ट अनुशंसा के लिये अंतर्विभागीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव वन विभाग होंगे। समिति में सदस्य के रूप में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग और समिति के सदस्य सचिव के रूप में प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग होंगे। समिति के सदस्य सचिव अन्य सभी संबंधित विभागों से समान्वय स्थापित कर प्रति सप्ताह कार्य में हो रही प्रगति की स्थिति से अवगत करायेंगे।

# पूर्वी रेलवे ने ट्रेनों की गति बढ़ाने का लिया फैसला



वार्ता < कोलकाता
www.dailypioneer.com

पूर्वी रेलवे ने लंबी दूरी के लिये ट्रेनों की गति 110 किलोमीटर प्रति घंटे से बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटे करने का फैसला लिया है ताकि यात्रा का समय कम किया जा सके। पूर्वी रेलवे के सूत्रों ने मंगलवार को कहा, कई ट्रेनों की अधिकतम गति 110 से बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटा की जाएगी, जिससे लंबी दूरी की ट्रेनों की औसत गति बढ़ेगी और यात्रा का समय कम होगा। यह उच्च गति बहुत जल्द ही प्रभावी होगी। उन्होंने कहा, ईआर अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार विभिन्न आधुनिकीकरण उपाय कर रहा है और एलएचबी कोचों को शामिल करना उस प्रयास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। एफआईएटी कोच उच्च गति को लागू करने और रेक को उच्च गति पर चलाने और यात्रा को सुगम बनाने में सक्षम होने की उम्मीद कर रहे हैं। अपग्रेड की गई ट्रेनों में आसनसोल-सीएसएमटी साप्ताहिक एक्सप्रेस, टाटानगर-जसीडीह सुपर फास्ट एक्सप्रेस, दुर्ग-आरा एक्सप्रेसः संबलपुर-पटना सुपर फ़ास्ट एक्सप्रेसः पुरी-जयनगर साप्ताहिक एक्सप्रेस, पुरी-पटना बैद्यनाथधाम एक्सप्रेसः कोलकाता-गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेसः कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस शामिल हैं।

# हजारीबाग: कई करोड़ रुपए के ब्राउन सुगर के साथ छह गिरफ्तार

वार्ता < हजारीबाग
www.dailypioneer.com




झारखंड की हजारीबाग जिला पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, उत्तरप्रदेश की संयुक्त टीम ने जिले के नगवां स्थित लक्ष्मी लाइन होटल के समीप से करोड़ों रुपए के ब्राउन सुगर के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि टास्क फोर्स के जरिये सूचना मिली कि हजारीबाग शहर के समीप राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या-33 पर ब्राउन शुगर बेचने वाले गिरोह के कुछ लोग तस्करी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) हजारीबाग के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया जिसमें उत्तर प्रदेश के जिला बाराबंकी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम भी शामिल रही। सूत्रों ने बताया कि नगवां स्थित लक्ष्मी लाइन होटल के समीप पहुंच कर छापेमारी टीम निगरानी रखने लगी। इस दौरान ब्राउन शुगर की तस्करी करने आए कुल छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चार किलो 80 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कई करोड़ रुपए आंकी गयी है। इस दौरान मौके पर से कार, दो मोटरसाइकिल एवं कई मोबाइल फेन भी मिले। मामले को लेकर कोर्रा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार सभी लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## झारखंड की खोयी अस्मिता को लौटाना ही हमारा राजनीतिक दायित्व : सुदेश महतो

**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य की खोयी अस्मिता को लौटाने और जनता के साथ विश्वास के संबंध को मजबूत बनाना ही हमारा राजनीतिक दायित्व है। महतो ने भादुडीह चांडिल में आयोजित ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में कहा कि आजसू पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता अपने दायित्वों के निर्वहन में दिन-रात मेहनत करें। मौके पर उपस्थित सभी चूल्हा प्रमुखों ने शपथ ग्रहण किया। चुल्हा प्रमुख हर एक परिवार की आवश्यकताओं को नेतृत्व प्रदान करने का काम करेगा। इस दौरान क्षेत्र के कई समाजसेवियों और युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। महतो ने कहा कि हम मिशन 2024 की शुरुआत आज ईचागढ़ से कर रहे हैं। आने वाले दिनों में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति और जनादेश हमें दायित्व का बोध कराता है। पार्टी कार्यकर्ता अपने दायित्वों को समझें और जनता के बीच रहकर जमीनी स्तर पर काम करें। महतो ने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल करार देते हुए कहा कि निशुल्क बिजली का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार निर्बाध बिजली देने में असफल है।



# कर्नाटक विधानसभा में भाजपा ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति की मांग की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में भाजपा ने वाल्मिकी वाल्मिकी फंड घोटाले पर बहस के दौरान सदन में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की उपस्थिति की मांग की। पार्टी ने कहा कि यह मुद्दा वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आता है जिसकी देखरेख सिद्दारमैया करते हैं। इस मांग ने भाजपा और कांग्रेस विधायकों के बीच तीखी और व्यक्तिगत टकराव छेड़ दी, जो शब्दों और आरोपों के तीखे आदान-प्रदान में बदल गया। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री सीएन अश्वथ नारायण पर भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाया। शिवकुमार ने कहा, सीएन अश्वथ नारायण भ्रष्टाचार और घोटालों के पीछे के मास्टरमाइंड हैं। उनके पास हमसे सवाल करने का कोई नैतिक आधार नहीं है। भाजपा विधायक वी सुनील कुमार ने तीखा पलटवार करते हुए कांग्रेस सरकार पर सभी घोटालों और भ्रष्टाचार का जनक होने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दलितों के लिए दिए गए धन का दुरुपयोग किया है। कुमार ने जवाब दिया, आपने दलितों के लिए आवंटित धन का गबन किया है इसलिए अब हम पर आप आरोप लगा रहे हैं। हंगामे के कारण स्पीकर यूटी खादर को कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने आरोप लगाया कि वाल्मिकी समुदाय के विकास के लिए दिए गए धन का चुनाव उद्देश्यों के लिए दुरुपयोग किया गया। येदियुरप्पा ने संवाददाताओं से कहा, ''दलितों के उत्थान के लिए आया पैसा उनके करीबियों को भेज दिया गया है।

# पूर्व विधायक गुलाब यादव और आईएएस अधिकारी संजीव हंस के ठिकानों पर ईडी का छापा

वार्ता < पटना/मधुबनी
www.dailypioneer.com




प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने बिहार में मधुबनी जिले में झंझारपुर के पूर्व विधायक गुलाब यादव और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि झंझारपुर के पूर्व विधायक गुलाब यादव के गंगापुर स्थित आवास पर सुबह पांच बजे ईडी की टीम पहुंची। केंद्रीय पुलिस बल टीम ने उनके आवास को चारो ओर से घेर लिया और मुख्य द्वार को बंद कर दिया। ईडी के छापे की जानकारी मिलते ही आवास के बाहर स्थानीय लोग जुटने लगे।
स्थानीय प्रशासन को भी इस संबंध में कोई जानकारी नही थी। यादव के पटना और पुणे स्थित आवास पर भी आज सुबह छापेमारी की गई। ईडी की टीम की जांच जारी है। हालांकि पूर्व विधायक यादव गंगापुर आवास पर नहीं हैं। ईडी की टीम यादव की पत्नी विधान पार्षद अम्बिका गुलाब यादव, उनकी पुत्री और जिला परिषद अध्यक्ष बिंदु गुलाब यादव और उनके कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। इसके साथ ईडी की टीम ने आईएएस अधिकारी संजीव हंस के आवास और कार्यालय पर भी दबिश दी। बताया जाता है कि पूर्व विधायक यादव और आईएएस अधिकारी हंस पर मनी लांड्रिंग के मामले में ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। गौरतलब है कि गुलाब यादव पूर्व में विधायक रहे हैं। साथ ही वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सिंबल पर और 2024 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सिंबल पर चुनाव लड़ चुके हैं। राजद से उन्हें निष्कासित कर दिया गया है।

# जोजिला दर्रे पर सड़क हादसे में बेंगलुरु के तीन पर्यटकों की मौत

वार्ता < श्रीनगर
www.dailypioneer.com

श्रीनगर-लद्दाख राजमार्ग पर जोजिला दर्रे पर एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया जिससे बेंगलुरु के तीन पर्यटकों की मौत हो गई और एक नाबालिग घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना आज सुबह जोजिला दर्रे पर कैप्टन मोर के पास पानीमथा में हुई जब एक सूमो वाहन चालक के नियंत्रण खो देने के बाद सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। वाहन सोनमर्ग से जीरो पॉइंट की ओर जा रहा था, तभी कैप्टन मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे दो महिलाओं सहित तीन पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान सुनैल कुमार दास की पत्नी तंद्रा दास (67), सौरिश खान की 41 वर्षीय पत्नी मोनालिशा दास (41) और सुनील कुमार के बेटे चंपक दास के रूप में की गई है। सभी बेंगलुरु के बेलंदूर के निवासी हैं। गंभीर रूप से घायल बच्चे की पहचान सौरीश खान की बेटी आद्रिता खान के रूप में हुई है, जिसे नजदीकी स्वास्थ्य सुविधा में प्राथमिक उपचार प्रदान करने के बाद विशेष उपचार के लिए शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस सौरा, श्रीनगर में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि वाहन के चालक की पहचान हकनार गुंड निवासी इशफाक अहमद मलिक के रूप में हुई है।

# भाजपा सरकार बस्तर के आदिवासियों को षड्यंत्र पूर्वक ख़त्म करना चाहती है: विक्रम मंडावी

## स्वास्थ्य मंत्री से मिलने पालक इंतज़ार करते रहे लेकिन मंत्री पीड़ित परिवारों से नहीं मिले- नीना रावतिया उद्दे

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



मंगलवार को ज़िला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि पोटाकेबिन में अध्ययनरत दो छात्राओं की मौत दुःखद है। उन्होंने आगे कहा कि तरलागुड़ा और संगमपल्ली पोटाकेबिन में मलेरिया से छात्रों की हुई मौत को रोका जा सकता था। इस घटना से पालकों में डर और भय का माहौल है पालक अपने अपने बच्चों को पोटाकेबिन से वापस घर ले जा रहे है इन सारे चीजों को देखने से ऐसा लगता है कि प्रशासन के निचले स्तर से लेकर बड़े स्तर तक लापरवाही बरती गई है इस मामले में ज़िला प्रशासन पूरी तरह दोषी है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि भाजपा सरकार से न तो सरकार संबल रही है और न ही स्वास्थ्य सेवाएँ संबल रही है। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि भाजपा सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बीजापुर तो आतें है लेकिन वे पीड़ित परिवारों से मिलने नहीं जाते केवल औपचारिकता निभाने बीजापुर आकर वापस चले जातें है ये दुर्भाग्य की बात है।

प्रेस वार्ता में बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार षड्यंत्र पूर्वक बस्तर के आदिवासियों को किसी न किसी तरीक़े से हत्या कराना चाहती है। चाहे निर्दोष ग्रामीणों का फर्जी मुठभेड़ हो, चाहे नक्सली की गोलियो से हत्या हो या फिर चाहे बीमारियों से मौत हो हर तरह से आदिवासियों की ही मौत हो रही है भाजपा सरकार आदिवासियों को सुरक्षा देने में पूरी तरह विफ्ल है इसलिए कांग्रेस पार्टी की मांग है कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को इस्तीफ़ा दे देना चाहिए।

वहीं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जांचदल की संयोजक नीना रावतिया उद्दे ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से आदिवासी क्षेत्र में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है पोटाकेबिन में अध्ययन करने वाले छात्रायें मलेरिया से ग्रसित है और भाजपा सरकार में छात्रों का मलेरिया से इलाज नहीं हो पाना दुःख की बात है सोमवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बीजापुर के दौरे पर रहे पीड़ित परिवार के लोग स्वास्थ्य मंत्री से मिलना चाहते थे लेकिन मंत्री जी बीजापुर में ही औपचारिकता निभाकर चले गये। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नीना रावतिया उद्दे ने कहा कि छात्रावासों में न नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होता है और न ही स्वच्छता का ख़्याल रखा जा रहा है जैसे ही किसी छात्रा का तबियत ज़्यादा ख़राब हो जाती है तो अधीक्षक छात्र का इलाज करवाने के बजाय उसे परिजनों को घर ले जाने को कहा जाता है। नीना रावतिया उद्दे ने आगे कहा कि जिले में अधीक्षक से लेकर बड़े अधिकारी केवल भ्रष्टाचार करने में लगे है।

विदित हो कि तारलागुड़ा और संगमपल्ली पोटाकेबिन में अध्ययनरत छात्रों की मलेरिया से हुये मौत को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने ज़िला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस की महामंत्री श्रीमती नीना रावतिया उद्दे के नेतृत्व में 9 सदस्यीय जांच दल का गठन किया था जिसमें नीना रावतिया उद्दे को जांच दल का संयोजक, एवं सरिता चापा जिला पंचायत सदस्य, पार्वती कश्यप जिला पंचायत सदस्य, संतकुमारी मंडावी जिला पंचायत सदस्य, गीता कमल अध्यक्ष-जिला महिला कांग्रेस, निर्मला सरपल्ली अध्यक्ष-जनपद पंचायत, अनिता तेलम अध्यक्ष-जनपद पंचायत, बोधी ताती, अध्यक्ष-जनपद पंचायत, रिंकी कोराम, अध्यक्ष-नगर पंचायत आदि को जांच दल का सदस्य बनाया गया था। जांच समिति के सदस्यों से अविलंब प्रभावित पोटाकेबिनों का दौरा कर पीड़ितों सहित स्थानीय ग्रामवासियों से भेंट / चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करने का आग्रह किया गया था। जांच दल ने सोमवार 15 जुलाई को प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था।

प्रेस वार्ता के दौरान ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, ज़िला पंचायत सदस्य बसंतराव ताटी, सोमारु कश्यप, ज़िला महामंत्री सुखदेव नाग, पुरुषोत्तम खत्री, पुरुषोत्तम सल्लूर, सोनू पोटाम, सुनील उद्दे समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रेस वार्ता के दौरान मौजूद थे।

# कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति मे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। कलेक्टर अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 42 लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में देवभोग क्षेत्र के कुछ किसानों ने 2023 में अल्प वर्षा से प्रभावित गांवो को सूखा राहत दिलाने, ग्राम परेवापाली के ग्रामीणों ने निष्ठीगुड़ा से परेवापाली होते हुए सेन्दमुड़ा पहुंच मार्ग के संबंध में, राजिम की दुर्गा सोनी एवं मीना सोनी ने आवासीय भूमि का पट्टा जारी करने, ग्राम बहेरापाल के लोगो ने खाली जमीन पर वृक्षारोपण कराने, ग्राम धुरवागुड़ी के देवबिलास सिन्हा ने अपनी पुत्री को प्री-मेट्रिक बालिका आश्रम में जगह दिलाने, ग्राम देवगांव की परमेश्वरी नगारची ने भगिनी प्रसूति सहायता योजना के तहत ऑनलाईन कराने, ग्राम मोंहदा की सूरत बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का तृतीय किश्त की राशि प्रदान करने, ग्राम नहरगांव के बलराम ध्रुव ने जमीन अतिक्रमण मामले में सुनवाई एवं मुआवजा दिलाने, श्रीसांई फ्यूल्स पाण्डुका ने डीजल, पेट्रोल व ऑयल की बकाया राशि प्रदाय करने आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कड़ेनार और कीलम में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

## पशुओं को लगाए गए टीके, बीमार पशुओं का किया गया उपचार

पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com





कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर कोंडागांव जिले के दुर्गम ग्राम कड़ेनार और कीलम में मंगलवार को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा सेवायें के उप संचालक डॉ. एस.के.पाण्डेय जिला कोंडागांव के एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. के. नाग के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सालय मर्दापाल एवं चलित पशु चिकित्सा इकाई विकासखण्ड कोंडागांव के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम कड़ेनार एवं कीलम में बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दोनों गांव के 142 पशुओं में लम्पि स्किन डिसीज़ तथा 478 पशुओं में गलघोटू एवं एकटंगिया रोग के टीके लगाए गए। 83 पशुओं में कृमिनाशक दवापान तथा 28 पशुपालकों को औषधि वितरण किया गया। 4 बीमार गाय-बैल के रक्त नमूने एवं रक्त पट्टी बनाकर डीआई लैब भेजा गया एवं उपचार भी किया गया।

साथ ही पशुपालन के.सी.सी. के 3 प्रकरण भी बनाए गए। शिविर में मर्दापाल के प्रभारी पशु चिकित्सक डॉ. के.के.कोर्राम, मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई के प्रभारी डॉ. अनिल कटरावत, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आलोक नेताम, संजीत मरकाम, खेमेश्वर साहू, परिचारक गोंडुराम, सनत राम कोर्राम, पैरा वेटेनरी दिनेश कोर्राम उपस्थित रहें।

# पीएम जनमन योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी: कलेक्टर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि समय-सीमा के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर शुक्रवार 19 जुलाई को मैनपुरखुर्द में आयोजित किया जायेगा। इससे पूर्व उन क्षेत्रों के ग्रामीणों को जनसमस्या निवारण शिविर की जानकारी से अवगत कराने के लिए मुनादी कराये। ताकि ग्रामीण शिविर में आकर अपनी मांग, समस्या, शिकायत एवं अन्य आवेदन विभागीय अधिकारी को दे सके। उन्होंने कहा कि शिविर में सभी जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से शिविर के दिन उपस्थित रहेंगे। इससे पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों को भी शिविर के बारे में जानकारी दे और उन्हें शिविर में आने के लिए आमंत्रित करें। शिविर स्थल पर ग्रामीणों के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था, विभागीय स्टॉल, पार्किंग, छाया, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी ग्रामीणों को अपने-अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एवं पात्र हितग्राही को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभागीय स्टॉल लगाकर शिविर स्थल पर आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाई उपलब्ध कराये। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जिले में यदि कही बोरवेल खुला है, तो उसे कैपिंग करें। जिससे कि किसी प्रकार की जनहानी न हो। उन्होंने आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी छात्रावास एवं आश्रम अधीक्षकों की बैठक बुलाये और उन्हें आश्रम-छात्रावास के सही तरीके से संचालन के बारे में जानकारी दे। राजीव युवा मितान क्लब के लिए पंचायतों को दी गई राशि का आडिट का कार्य शीघ्र पूरा कराये।

उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति एवं छूटे हुए लोगों के लिए गांवों में शिविर लगाकर आवास, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, केसीसी, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, राशन कार्ड, पीएम विश्वकर्मा, बैंक में खाता खोलना सहित अन्य योजनाओं से उन्हें शत प्रतिशत लाभान्वित करें।

# आंगनबाड़ी के रिक्त पदों में भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 25 जुलाई तक आमंत्रित

**गरियाबंद।** कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना देवभोग अंतर्गत आने वाले 01 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 07 आंगनबाड़ी सहायिका एवं 01 मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पद भरे जाने है। रिक्त पदों के भर्ती हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप में मंगवाया गया था। जिसमें से अनंतिम योग्यता सूची प्रकाशित कर दिया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना देवभोग ने बताया कि अनंतिम सूची के संबंध में दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। 25 जुलाई 2024 तक संध्या 5:30 बजे तक कार्यालय में आकर अनंतिम योग्यता सूची में दावा आपत्ति कर सकते हैं। 25 जुलाई 2024 के संध्या 5:30 के पश्चात् किये गये दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

# सरपंचों से बदसलूकी, जिपं सीईओ को प्रभारी मंत्री ने लगाई फटकार

## *अफसर के बेसिर-पैर फरमानों को लेकर सरपंचों ने की थी प्रभारी मंत्री से शिकायत*

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत दंतेवाड़ा में पदस्थ आईएएस सीईओ द्वारा जिले के सरपंचों से दुर्व्यवहार करने और गेट आउट कहने के मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने उक्त अफसर की जमकर क्लास ली। दरअसल, जिले के सरपंचों ने सोमवार को दंतेवाड़ा प्रवास पर आए वन मंत्री व जिला प्रभारी केदार कश्यप से मुलाकात कर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के खिलाफ जमकर शिकायत की। अफसर के बेसिर-पैर वाले फरमानों और डीएमएफ मद के कार्यों में जबरन मनरेगा से मजदूरी भुगतान का दबाव बनाने की जानकारी दी। सरपंच संघ ने दो दिन पहले उक्त अफसर से मुलाकात करने के दौरान सरपंचों से बदसलूकी करते हुए कमरे से गेट आउट कहने की शिकायत की। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी जिला पंचायत सीईओ की कार्यप्रणाली से असंतोष जताते हुए प्रभारी मंत्री से जमकर शिकायत की।

# आगामी पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता: केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com





## कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति ने देश को कमजोर किया

मतदाता आभार सम्मेलन में बीजापुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं आभार प्रकट करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री व कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता साल के 365 दिन कार्य करता है, और जनता के हित में कार्य करता है । आने वाले 3 महीने बाद पंचायत और नगरीय निकाय के चुनाव होने जा रहे हैं , भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जैसे विधानसभा और लोकसभा चुनावों में डटकर कार्य करके भाजपा को जिताया था वैसे ही मजबूती के साथ चुनावी मोर्चे पर डटे रहना है और कांग्रेस को बूथ से नेस्तनाबूद करना है । उक्त बातें मतदाता आभार सम्मेलन में बीजापुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कही। कश्यप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार महतारी वंदन योजना का लाभ दे रही है , धान बोनस सहित विभिन्न जनहितकाकारी योजनाओं का क्रियान्वयन हमारी सरकार के द्वारा किया जा रहा है । राज्य की विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार से कमी होने नही दी जाएगी । कश्यप ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति ने देश को कमजोर किया , लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश विकास के नए सोपान तय कर रहा है । देश आज हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा हैं । हमारे सभी कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए कमर कसकर तैयार रहें। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बीजापुर विधानसभा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगे भी इसी तरह कार्य करने के प्रेरित किया। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने मतदाता आभार सम्मेलन में कार्यकर्ताओ काभी आभार जताया। गागड़ा ने कहा विषम परिस्थितियों में भी कार्यकर्ता मैदान नही छोड़े, आगे भी इसी तरह मैदान में डटे रहे । गागड़ा ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने मतदाता आभार कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत किया और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधान सभा संयोजक शिव नारायण पांडे, विधानसभा प्रभारी दीपक वाजपेई, बस्तर प्रभारी जी. वेंकट, जिला महामंत्री सतेंद्र सिंह ठाकुर, गोपाल पवार सहित भाजपा के पदाधिकारी एव कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में शिशु संरक्षण माह की बैठक सम्पन्न

**जिले के 1 लाख 11 हजार से अधिक बच्चों को विटामिन ए एवं आयरन की सिरप पिलाया जायेगा**

**19 जुलाई से 23 अगस्त तक शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम**

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी 19 जुलाई से 23 अगस्त तक होने वाले शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम के संचालन व संपादन के लिए अंतर्विभागीय जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि इस कार्यक्रम के बेहतर संचालन तथा क्रियान्वयन के लिए पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शिशु संरक्षण माह के दौरान की जाने वाले विभिन्न गतिविधियों के बारे में आवश्यक प्रचार-प्रसार, मुनादी, प्रशिक्षण, दवाइयों की उपलब्धता व किशोर-किशोरियों व अभिभावकों को दवा सेवन के बारे में जानकारी प्रदाय कर शत प्रतिशत दवा सेवन कराया जाए। साथ ही इसका मॉनिटरिंग भी करें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को विटमिन-ए व 06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को आयरन सिरप पिलाया जायेगा।

गरियाबंद जिले के 09 माह से 05 वर्ष तक के 53 हजार 107 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक एवं 06 माह से 05 वर्ष तक के 58 हजार 691 बच्चों को आयरन सिरप 1 हजार 331 सत्र आयोजित कर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी में प्रशिक्षित ए.एन.एम व आशा के माध्यम से पिलाये जाने का लक्ष्य है। शिशु संरक्षण माह गतिविधियों में दी जाने वाली सेवाएं में 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस में वर्ष में दो बार विटामिन-ए सिरप। 06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को आयरन सिरप सप्ताह में दो बार। 06 माह से 05 वर्ष के बच्चों की एनिमिया जांच एवं प्रबंधन एवं 05 वर्ष तक के बच्चों का वजन लिया जायेगा। इसके अलावा प्रसव पश्चात स्तनपान के विषय संवर्धन हेतु प्रचार-प्रसार एवं परामर्श गतिविधि, स्तनपान के साथ-साथ 06 माह पश्चात आयु अनुरूप आहार की जानकारी प्रदान करना। अति गंभीर कुपोषित बच्चे है, उन्हें चिन्हांकन कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में आहार प्रदायगी सहित संक्रमण के उपचार हेतु भर्ती किया जायेगा।

# बाढ़ से सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करे दुरुस्त : कलेक्टर अग्रवाल

## बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित होने पर फोन नंबर 07706-241288 पर कॉल करके दे सकते हैं सूचना, चौबीस घंटे सक्रिय बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष शुरू

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बाढ़ आपदा प्रबंधन समिति की बैठक ली। उन्होंने वर्तमान बारिश के मौसम को देखते हुए अत्यधिक जल भराव वाले जगहों का चिन्हांकन कर बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही वनांचलों के गांवों में रहने वाले लोगों को बाढ़ से बचाने के अलावा मौसमी बीमारियों से भी बचाव के लिए जागरूक एवं आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के जलप्रपातों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम तथा अत्यधिक जलभराव की स्थिति में लोगों की सुरक्षा के लिए किये जाने वाले उपायों पर विस्तृत चर्चा कर सभी व्यवस्था दुरूस्थ करने के निर्देश दिये। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश की भी रेडियम पट्टी युक्त सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिये। पर्यटन स्थलों में आवश्यक संख्या में सुरक्षा अधिकारी भी तैनात करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों से जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी लेकर ऐसे क्षेत्रों में जागरूकता के लिए सूचना बोर्ड लगाने तथा लोगों को बाढ़ के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिये।

साथ ही एसडीएम को अपने -अपने अनुविभागों में भी बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने एवं कक्ष में नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर उन्हें क्रियाशील करने के निर्देश दिये। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, सभी एसडीएम सहित राजस्व, पुलिस, जिला सेनानी, जल संसाधन, स्वास्थ्य, नगरीय निकाय, वन विभाग एवं पीएचई विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे। अत्यधिक जल भराव एवं बाढ़ की सूचना फोन नम्बर 07706-241288 पर देवें - जिले में बाढ़ आपदा नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कन्ट्रोल रूम संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद के कक्ष क्रमांक 01 में स्थापित है। जिले में कहीं भी अत्यधिक जल भराव एवं बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित होने पर फोन नम्बर 07706-241288 पर फोन करके सूचना दे सकते हैं। नियंत्रण कक्ष चौबीस घंटे कार्यशील है। इसमें तीन शिफ्टों में तीन-तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष में किसी भी प्रकार के आपदा की सूचना प्राप्त होने पर समय रहते राहत की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर अग्रवाल ने बाढ़ आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में बाढ़ से निपटने सभी जरूरी तैयारियां पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मंडल क्रमांक-1, रायपुर (छ.ग.)**

दूरभाषः-(0771) 2331431 फैक्सः-(0771) 4055885 ईमेलः- se1.raipur@gov.in

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

ज्ञाप क्र./40-242/सा.2 रायपुर, दिनांक / /2024

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निम्नलिखित निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

| | एन.आई.टी.क्र./निविदा क्र. | निविदा दिनांक | जी.नं./दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 270/154435 | 03.07.2024 | 242500838 / |
| 2 | 269/154437 | 03.07.2024 | 04.07.2024 |

जी. नं.- 242500838

G-242501081/5

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)

# देवशयनी एकादशी पर जनकपुर राष्ट्रीय गौशाला में आज भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com





जनकपुर राष्ट्रीय गौशाला में आषाढ़ शुक्ल द्वितीया तिथि को जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ,बहन सुभद्रा,भाई बलभद्र की रथयात्रा पहुंचने के पश्चात प्रतिदिन महाप्रभु के दर्शन हेतु भक्तों की भीड उमड़ रही है,जहां भजन कीर्तन के साथ प्रतिदिन पूजा अर्चना पूरी आस्था और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हो रहा हैं। सनातन धर्म में देवशयनी एकादशी का एक अलग ही आध्यात्मिक महत्व है। कहा जाता है कि इस दिन से सभी देवता सुसुप्त अवस्था में चले जाते हैं, लेकिन आषाढ़ शुक्ल त्रयोदशी को महाप्रभु अपने स्थान के लिए वापसी रथ यात्रा में सवार होकर करेंगे, इससे पूर्व पढने वाले उक्त एकादशी व्रत पर पूजन अर्चन का विशेष महत्व शास्त्रों में उल्लेखित है। इसी के अंतर्गत जनकपुर राष्ट्रीय गौशाला में देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर आज 17. जुलाई को शाम 6 बजे से शिव कृपा मानस मंडली बालोद द्वारा सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया है, जिसमे सम्मिलित होने के लिए भक्तजनों से राष्ट्रीय गौशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल एवं जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष किरण कुमार गांधी ने अपील की है। प्रतिदिन चलने वाले सुबह 9 बजे से भजन कीर्तन में सम्मिलित होने के साथ साथ भक्तजन महाप्रभु के विशेष श्रृंगार के साथ दर्शन भी करेंगे। बसंत त्रिवेदी भक्तजन एवं सदस्यों द्वारा प्रातः 9 बजे प्रति दिन भजन किया जा रहा है जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष किरण भाई गांधी ने बताया कि जगन्नाथ मंदिर से अपने ननिहाल के घर जनकपुर राष्ट्रीय गौशाला पहुंचे भगवान की रथ यात्रा वापस 19 जुलाई, शुक्रवार को दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय गौशाला से प्रारम्भ होगी जो सिहावा चौक होते हुए जगदीश मंदिर पहुँचेगी सभी कार्यक्रम में शामिल होने की अपील है । जिसमे ट्रस्ट के सभी सदस्यगण शहर के इस प्रमुख धार्मिक आयोजन रथ यात्रा को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए लगे हुए हैं। कार्यक्रम में शामिल होने की अपील राष्ट्रीय गौशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल और सभी ट्रस्टी सदस्यों द्वारा आम जनता से की गई है। महाप्रभु जगन्नाथ जी का आगमन जनकपुर राष्ट्रीय गौशाला पहुँचने पर भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए राष्ट्र गौशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल,ट्रस्टीगण, आमंत्रित सदस्य समाजसेवी एससी बाहेती,निर्मल बरडिया, रामकिशन अग्रवाल, हर्षद मेहता, लख्खु भाई भानुशाली,रितेश लोढा, हेतल संघवी,मदन मोहन खंडेलवाल,प्रदीप अग्रवाल,अनील अग्रवाल,महेन्द्र चोपड़ा, नवलकिशोर अग्रवाल, सुनील जैन,विपिन पटेल,पंकज महावर,ओमप्रकाश महावर, विजय महावर, जिगनेश ठक्कर,श्याम अग्रवाल, मनसुख अग्रवाल,आशिष अग्रवाल ,सुरेश महावर, विपिन पवार, मोहन अग्रवाल,सभी ट्रस्टी आमंत्रित सदस्यगण साथ ही रथ यात्रा महोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली,ट्रस्टी श्यामसुंदर अग्रवाल,डा हीरा महावर, श्याम अग्रवाल,हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीकांत बाहेती,अजय अग्रवालएविपिन पटेल,मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी,पं् बालकृष्ण शर्मा,अनिल मित्तल,आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल, समाजसेवी कीर्ति शाह, महेंद्र पंडित, दिलीप सोनी,गोवर्धन सोनी, महेंद्र राजपुरिया, राजेंद्र शर्मा पार्षद , संजय अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, अंशुल महावर, प्रजय महावर,राहुल महावर,सुनील सोनी, गोलू ठाकुर, कुलेश सोनी, सरिता यादव, पिंटू यादव, केवल साहू, हरि कटारिया, लोचन भाई ,मनहर गांधी, तरुण अंबानी, पीयूष राठौड़, निशित पटेल, अनुराग महावरए आदि जुटे है।

## चौतरफा समर्थन मिल रहा टोल टैक्स फ्री करने की मांग पर

### व्यापारी महासंघ, वाहन मालिकों, स्थानीय विधायक सहित अन्य संघ, संगठन



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में पड़ने वाला टोल प्लाजा छुईपाली और ढांक में स्थानीय वाहनों को टोल टैक्स फ्री करने की मांग को लेकर विगत 11 जुलाई से वाहन मालिकों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं इस मांग को लेकर वाहन मालिक संजय चौधरी भूख हड़ताल पर भी बैठ गए हैं। वाहन मालिकों की मांग को समर्थन देने के लिए व्यापारी महासंघ, वाहन मालिकों, बार एसोसिएशन, सहित अन्य संघ संगठन के साथ ही स्थानीय विधायक चातुरी नंद भी वहाँ पहुँची। सभी ने एक स्वर में मांग को जायज बताते हुए कहा कि स्थानीय निवासियों को अनेक कार्यों से जिला मुख्यालय सहित राजधानी रायपुर भी जाना पड़ता है। इससे टोल टैक्स के नाम पर उन्हें अच्छी खासी रकम चुकानी पड़ती है। महासमुंद जिले के निवासियों को हो रहे आर्थिक नुकसान के लिए उन्होंने भी स्थानीय वाहनों को टोल टैक्स से छूट दिये जाने की मांग की।

# उच्च्तर माध्यमिक शाला जर्वे के शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बच्चों को दी गई यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



15जुलाई सोमवार को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात के साथ पुलिस बल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जर्वे में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुजूर द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि नाबालिक बच्चे किसी भी स्थिति में वाहन ना चलाएं। वाहन की गति, मार्ग में चलने वाले अन्य वाहनों की स्थिति आदि के संबंध में नाबालिक बच्चे सही निष्कर्ष में नहीं पहुंच पाते, जिस कारण सड़क दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है। सांथ ही कोई भी नाबालिग बालक द्वारा, वाहन चलाते पाये जाने पर मोटर यान अधिनियम के तहत नाबालिग बच्चे के पालक के उपर जूर्माना लगेगा, जिसमें ?25000 तक का जुर्माना व तीन महीने का सजा का प्रावधान रखा गया है, यदि नाबालिग बच्चा वाहन चलाते हुए कोई एक्सीडेंट कर देता है, जिसमें किसी व्यक्ति की मृत्यु या गंभीर चोट होती है तो पालक के साथ ही नाबालिग बालक के उपर भी अपराध दर्ज होगा। इसलिए नाबालिक बच्चे किसी भी स्थिति में वाहन ना चलाएं एवं यातायात नियमों का सदैव पालन करें। कार्यक्रम में बलौदाबाजार यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा यातायात सिग्नल, रोड में बने मार्किंग व यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए दोपहिया वाहन में तीन सवारी नहीं चलने, वाहन में चलते समय हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग करने, बिना लायसेंस के वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाने के लिए सीखते समय किसी प्रशिक्षित व्यक्ति की ही उपस्थिति में ही वाहन सीखने या चलाने की जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रारंभ होते समय एवं छुट्टी होते समय सभी बच्चे स्कूल के बाहर थोड़ी देर रुक कर मार्ग में आने वाले वाहनों की स्थिति को देखें उसके बाद ही सड़क मार्ग पार करें। थोड़ा सा संयम में एवं धैर्य किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकने या टालने का सबसे बड़ा सूत्र है। इस अवसर पर कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, काफी संख्या में ग्रामवासी एवं स्कूली बच्चे, पत्रकारगण, शाला विकास समिति के सदस्य एवं पालकगण उपस्थित थे।

# शटर तोड़कर तीन दुकानों में हुए चोरी एवं कुकरेल में दो जगहों पर हुए चोरी के आरोपी गिरफ्तार,दो नाबालिग भी रहे शामिल

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



12 जुलाई 2024 के दरम्यानी रात्रि में ग्राम पोटियाडीह थाना अर्जुनी के नवीन काम्पलेक्स के दुकान नंबर 01,05 एवं 06 में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकानों के शटर का सेंटर लॉक काटकर दुकान अंदर प्रवेश कर हार्डवेयर सामग्री एवं डेलीनीड्स सामग्री एवं नगदी रकम को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना अर्जुनी में अपराध क्रमांक 217/24, 218/24, 2019/24 धारा 331 (4) 305 (ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।
जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर आरोपी को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर सायबर सेल तकनीकी एवं थाना अर्जुनी तथा केरेगांव की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। विवेचना दौरान मुखबिर सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेहियों से पूछताछ किया गया जिन्होने बताया कि 12/07/2024 के दरम्यानी रात्रि में रामकुमार ध्रुव अपचारी विधि से संघर्षरत बालक के मोटर सायकल में बैठकर ग्राम पोटियाडीह थाना अर्जुनी के नवनिर्मित काम्पलेक्स के दुकान नंबर 01,05 एवं 06 में शटर के सेंटर लॉक तोडकर दुकान अंदर प्रवेश कर चोरी करना बताये तथा उसी क्रम में दिनांक 0-.06/07/2024 के दरम्यानी रात्रि में थाना केरेगांव क्षेत्रान्तर्गत के अपराध कमांक 47/2024, 48/2024 धारा 331 (4) 305 (ए) बीएनएसण् के संबंध में पूछताछ करने पर ग्राम कुकरेल के थानू किराना दुकान एवं सांई गणेश मेडिकल स्टोर्स में भी चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपी रामकुमार ध्रुव को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। 02 अपचारी विधि से संघर्षरत् बालकों को बाल कल्याण समिति में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी रामकुमार ध्रुव पिता तेजराम ध्रुव उम्र 20 वर्ष साकिन ठाकुरदेव पारा अर्जुनी थाना अर्जुनी, अपचारी विधि से संघर्षरत 02 बालक। जप्त सामग्री- जप्त जुमला नगदी रकम 5000 रूपये, एक नग तेल टिना, बीड़ी, बिस्किट, चायपत्ती, आरीब्लेड एवं हार्डवयेर सामग्री, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं लोहे का रॉड। उक्त आरोपियों को पकड़ने में थाना अर्जुनी एवं सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबेए प्रआर देवेन्द्र राजपूत, लोकेश नेताम,आर आनंद कटकवार, युवराज ठाकुर, विकास द्विवेदी, योगेश नाग, फ्नेश साहू एवं थाना अर्जुनी से उनि कपिश्वर पुष्कर, सउनि राजेन्द्र सोरी, उत्तम निषाद, आरक्षक राजेश साहू, खेमू हिरवानी एवं थाना केरेगांव टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# धमतरी महाविद्यालय में अनेक नए कोर्स के लिए सांसद को सौंपा गया पत्र-उमेश साहू



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू धमतरी आए लोकसभा महासमुंद क्षेत्र के सांसद रूप कुमारी चौधरी को पत्र देते हुए महाविद्यालय के समस्याओं के बारे में अवगत कराए। सांसद रूप कुमारी चौधरी ने जल्द से जल्द समस्याओं को पूरा करने का प्रयास शुरू करने आश्वासन भी दिए। पत्र देते समय जिला धमतरी के कलेक्टर नम्रता गांधी भी उपस्थित थी उन्होंने भी विषय के गंभीरता को समझते हुए छात्रों के हित में न्याय संगत बताए। पत्र में उल्लेख है कि धमतरी पीजी कॉलेज में आईआईएम की पढ़ाई शुरू होए एमए साइकोलॉजी का कोर्स प्रारंभ होए एमए , एम काम, बीएससी की सीट में वृद्धि हो जिससे और ज्यादा छात्र.छात्राएं इसका लाभ उठा सके। छात्र.छात्राओं के हित में एक बड़ी ऑडिटोरियम का निर्माण हो। रायपुर स्थित नालंदा के तर्ज पर ग्रंथालय की स्थापना हो, नए विषय के रूप मेंआईटीईपी जल्द शुरू किया जाए। कुकरेल में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना हो जिससे आसपास करीब 40 गांव के बच्चे जो 12वीं पढ़ने के बाद या तो पढ़ाई बंद कर देते हैं या भटकने लगते हैं और जिसमें ज्यादातर आदिवासी परिवार के छात्र.छात्राएं हैं इसलिए वहां जल्द से जल्द महाविद्यालय प्रारंभ किया जाए और साथ ही जनपद पंचायत के पीछे स्थित कन्या महाविद्यालय में सभी विषयों पर एमए प्रारम्भ हो जाए जिससे बीए करने के बाद जो छात्राएं आगे पढ़ नहीं पाती वह वहीं पर बी ए के बाद एम ,करके पोस्ट ग्रेजुएट होने का फायदा उठा सकते हैं। इस तरह से धमतरी के महाविद्यालय छात्र.छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए अनेक पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने हेतु ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से उमेश साहू पूर्व भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष के साथ पीजी कॉलेज के छात्र सुभाष यादव, मनीष साहू ,भाजपा नेता कीर्तन मिनपाल के साथ और भी छात्र उपस्थित थे।

# नगरी ब्लॉक के सभी सरकारी अस्पताल में मिर्गी इलाज की सुविधा

## एम्स के डॉक्टर ने दी ट्रेनिंग, काउंसलर दे रहे गांव-गांव में दस्तक



पायनियर संवाददाता नगरी/धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत सरकार दिल्ली के एम्स न्यूरोलाजीसट डॉ ममता भूसन सिंग ने अपने रिसर्च टीम के साथ सिविल अस्पताल नगरी में एक दिवसीय शिविर लगा कर 180 मिर्गी के मरीजों की जाँच की है। मरीजों को अलग अलग प्राथमिक स्वास्थय केंद्र के हिसाब से सूचीबद्ध किया गया हैं ताकि मिर्गी के मरीजो की देखभाल कर इलाज आगे भी निरंतर किया जा सके। यहाँ पर ये बहुत महत्वपूर्ण हैं कि एम्स दिल्ली की डॉक्टर ने नगरी ब्लॉक के सभी सरकारी अस्पताल के डॉक्टर, मेडिकल ऑफिसर, आरएमए,स्टाफ़ नर्स को स्पेशल ट्रेनिंग दिया हैं ताकि अपने स्तर पर प्रथम चरण में इलाज कर सके। दूसरे चरण के लिए दिल्ली के काउंसलर जो नगरी ब्लॉक में मौजूद हैं, जो लगातार सभी अस्पतालों में जाकर अस्पताल के रजिस्टर से मिर्गी मरिजो का नाम सूचीबद्ध कर रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा हैं। तीसरे चरण में गंभीर हालत के लिए सीधे एम्स के डॉक्टर से संपर्क कर इलाज करने की सुविधा बताई गई है । मतलब अब मिर्गी पीडित व्यक्ति को अपने नजदीक के सरकारी अस्पताल में इलाज कर पूरी तरह से स्वथ्य करने का काम चालू हो गया हैं। अब मिर्गी पीडित व्यक्ति को इलाज के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। सोमवार को पीएचसी सांकरा में डॉ किशोर साहू आरएमए, शीतल मिश्रा दिल्ली एम्स, यजुवेंद्र सोम फार्मासिस्ट, कविता साहू उपस्थित रहे। इन्होंने चर्चा में बताया कि भारत सरकार के दिल्ली एम्स की सुविधा से निश्चित ही मिर्गी के बीमार लोगो का बढ़िया से इलाज किया जा सकता हैं और आने वाले समय में इस बीमारी पर बहुत जल्दी ही नियंत्रण भी हो पाएगा जिसके लिये सभी ग्रामीण जनो को जागरूक किया जा रहा हैं। इधर नगरी के बाद अब ग्रामीणों ने आगामी दिनों में पीएचसी सॉंकरा में शिविर लगाने की मॉंग किया हैं।



सरायपाली- महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी को टोल प्लाजा के संबंध में प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन दिया गया ।

# धमतरी यातायात पुलिस द्वारा इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से की गई चालानी कार्यवाही

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 16 वाहन चालक से 27500 रूपये वसुले गये जुर्माना



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी पुलिस से उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चंद्रा एवं यातायात स्टॉफ द्वारा पुराना धमतरी रायपुर मार्ग में यातायात के दबाव को देखते हुए एवं उक्त मार्ग में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों का पालन कराने हेतु ग्राम देमार पेट्रोल पंप के आगे ऑफलाईन मॉड में इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से लेजर मशीन स्पीड रडार के द्वारा ओवर स्पीड से चलने वाले 14 वाहन मोटर सायकल, कार, ट्रक,मेटाडोर,छोटा हाथी पर चालनी कार्यवाही कर 26000 रूपये का जुर्माना किया गया व बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले 02 वाहन पर 1500 का जुर्माना कर यातायात नियमों का पालन करने समझाईश दिया गया। उक्त कार्यवाही से निश्चय ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी एवं वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों के पालन करने लगेगें। धमतरी पुलिस की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। यातायात पुलिस सभी वाहन चालको से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें और असुविधा से बचें। उक्त कार्यवाही में सउनि बोधन ध्रुच, प्रआर भेनूराम वार्म, जितेन्द्र कृदत्त, आर तरूण साहू, चालक आर संतोष ठाकुर, पवन दिली रहें।

## 57 सौ से अधिक आवेदनों का किया गया निराकरण

# राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 11 दिनों में 88 शिविरों का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 11 दिनों में कुल 88 ग्राम पंचायतों शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में 6 हजार 269 आवेदन मिले जिसमें से 5747 आवेदनों का निराकरण तत्काल किया गया। साथ ही बचे हुए 522 आवेदनों को समय सीमा में दर्ज किया गया है।

भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त शिविर में बी-1 पठन 241, फौती नामांतरण-153, बंटवारा-43, अभिलेख त्रुटि सुधार-72, किसान किताब-108, आरबीसी.6-4 के 2, आय,जाति, निवास-5603 एवं अन्य-288 आवेदन शामिल है। अनुविभाग अनुसार बलौदाबाजार में बी-1 पठन 40, फौती नामांतरण-51, बंटवारा-9, अभिलेख त्रुटि सुधार-20, किसान किताब-35, आय,जाति, निवास-2342 एवं अन्य-123आवेदन शामिल है। पलारी में बी-1 पठन 70, फौती नामांतरण-17, बंटवारा-9, अभिलेख त्रुटि सुधार-36, किसान किताब-12, आर बी सी 6-4 के 1 आय,जाति, निवास-575 एवं अन्य-27 आवेदन शामिल है। भाटापारा में बी-1 पठन 42, फौती नामांतरण-45, बंटवारा-4, अभिलेख त्रुटि सुधार-3, किसान किताब-12, आय,जाति, निवास-586 एवं अन्य-30 आवेदन शामिल है। सिमगा में बी-1 पठन 37, फौती नामांतरण-19, बंटवारा-5, अभिलेख त्रुटि सुधार-8, किसान किताब-12, आरबीसी 64 के 1 आय,जाति, निवास-679 एवं अन्य-57 आवेदन शामिल है। कसडोल में बी-1 पठन 21, फौती नामांतरण-10, बंटवारा-6, अभिलेख त्रुटि सुधार-1, किसान किताब-23, आय,जाति, निवास-569 एवं अन्य-27 आवेदन शामिल है। गिरौद में बी-1 पठन 31, फौती नामांतरण-11, बंटवारा-10, अभिलेख त्रुटि सुधार-4, किसान किताब-14, आय,जाति, निवास-852 एवं अन्य-24 आवेदन शामिल है। उक्त शिविर में राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित पटवारी, कोटवार, सरपंच सचिव की लगातार उपस्थिति रही। कलेक्टर दीपक सोनी ने आज इस सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की पीठ थपथपाई उन्होंने कहा हमें यही नहीं रुकना है। हमने जो राजस्व शिविर के लिए जो मापदंड निर्धारित किए थे उसे पूरे राज्य के लिए अपनाया गया है यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही अब 18 जुलाई से जिले में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. हमे उस पर फोकस करनी है।

# विधायक देवेन्द्र यादव भिलाई नगर ने कलेक्टर को टोल टैक्स यूनिट से मुक्त रखने लिखा पत्र,

**सरायपाली।** विधायक देवेन्द्र यादव भिलाई नगर ने अपने पत्र में लिखा कि युवा कांग्रेस संजय चौधरी द्वारा महासमुंद सी.जी.-06 टोल टैक्स फ्री करने के संबंध में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे है। जिसके अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर छुईपाली तहसील-बसना जिला महासमुंद में टोल टैक्स युनिट स्थापित की गई है। जिससे महासमुंद जिले के आसपास के ग्रामीणों को दैनिक दिनचर्या, व्यापार एवं अन्य छोटे-बड़े कार्यों के लिए राजधानी रायपुर आवागमन करना पड़ता है। आवागमन के दौरान महासमुंद जिले यातायात विभाग अंतर्गत पंजीकृत वाहन मालिकों को टोल शुल्क देना पड़ रहा है, एवं विरोध करने पर वाद-विवाद की स्थिति बनी रहती है। जो कि उनके जेब पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड रहा है, जो कि उचित प्रतीत नहीं होता है।

# पंचतत्व में एक जल शामिल है, इसे सहेजना हम सबकी जिम्मेदारी : विधायक ललित






पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

जल जीवन के लिए आवश्यक है। आज बारिश न होने का मुख्य कारण पर्यावरण का संतुलित नहीं होना है। इसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार है। उक्त बातें दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहीं। वे जल संर्वधन और संरक्षण पर तालपुरी बी ब्लाक में आयोजित कार्यशाला 'जल मड़ई' के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि पांच तत्व में जल एक तत्व है। जल जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। जल का दोहन हम सब करते है, किन्तु संरक्षण की बात नहीं हो पाती। यही वजह है कि गाँव से लेकर शहर तक जिला प्रशासन जल मंड़ई का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि जल को सहेजने के लिए आयोजित कार्यशाला महत्वपूर्ण है। हम सब को जल संरक्षण के लिए बताए तरीकों को अपनाना है। संगोष्ठी के बाद दुर्ग ग्रामीण विधायक व महापौर शशि सिन्हा ने रूआबांधा में 6 लाख से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर एमआईसी डॉ. सीमा साहू, पार्षद सविता ढवस, टिकम साहू, सारिका साहू, ममता सिन्हा, गजेन्द्री कोठारी, रमा साहू, विधि यादव, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, जिला महामंत्री कंचन सिंह, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेन्डे आदि उपस्थित थे।

**वार्ड दो में वृहद पौध रोपण**-आयुक्त मोनिका वर्मा के नेतृत्व में नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में पौध रोपण की शुरूआत की गई। 'जल मड़ई' संगोष्ठी के बाद विधायक ललित, महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड 2 में पौध रोपण किया। यहां पर 50 से अधिक फ्लदार और छायादार पौध लगाए गए। इस अवसर पर विधायक ने रोपे गए पौध की जिम्मेदारी से देखभाल करने की बात कही।

**बताए सोखपिट बनाना**-कार्यशाला के मुख्य वक्ता नीरज वानखेड़े ने बताया कि धरती के भीतर से हम सब पानी ले रहे है, किन्तु हम दे कुछ नहीं रहे है। पानी को बनाया नहीं जा सकता। इसलिए पानी को सहेजना अति आवश्यक है।

# जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 98 आवेदन, 20 का स्थल पर ही निराकरण

## सड़क, नाली, बिजली,पीएम आवास,पीएम स्वनिधि,नए -पुराने राशन कार्ड के आवेदन मिले

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर ॠचा प्रकाश चौधरी के आदेशानुसार व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम द्वारा शहर सीमा क्षेत्र अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर में आमजनों की समस्या-शिकायतों का समाधान के लिए 16 जुलाई को वार्ड क्रमांक 23 से 32 तक 10 वार्डो के लिए एक साथ शिविर का आयोजन किया गया. इस समय शिविर में आम नागरिकों के पहुचने का सिलसिला शुरू हुआ और नागरिको ने शिविर के स्टॉल में पहुँचकर अपनी समस्याओं को दर्ज कराया।उक्त शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए।शिविर में पार्षद नरेश तेजवानी, पूर्व महापौर आर एन वर्मा,राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,शिविर प्रभारी व उपअभियन्ता पंकज साहू,संजय मिश्रा,निशांत यादव,अभ्युदय मिश्रा के साथ शिविर में मौजूद रहें। शिविर में सुबह से ही आम नागरिकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ। शिविर में नए राशन कार्ड बनवाने व नाम जोड़ने,राजस्व वसुली, पीएम आवास, सफाई से सम्बंधित आवेदन, अतिक्रमण से सम्बंधित शिकायत, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम स्वनिधि, निराश्रित पेंशन,विद्युत तथा पेयजल, सड़क एवं नाली निर्माण, श्रम कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड, आजीविका मिशन व बिजली आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अधिकारी/कर्मचारी द्वारा गंभीरता के साथ हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाया।

## मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर ॠचा प्रकाश चौधरी के आदेशानुसार 17 जुलाई मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर ने जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट, बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे एफएल.-1(घघ), एफएल.-1(घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2(घघ), सी.एस.-2(घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2(ग-अहाता), सी.एस.-2(ग-कम्पोजिट अहाता), एल.एल.-1(ख-अहाता), एफएल 3, 3(क,ग), 4, 4(क), 5, 5(क), 7, 8, 9, 9(क), सी.एस.-1, सी.एस. 1-ख, सी.एस. 1-ग, एफएल. 10, 10(क,ख), भांग एवं भांग घोटा की समस्त दुकानों तथा भण्डारण भाण्डागार भिलाई को सम्पूर्ण दिवस में बंद रखने के आदेश दिए हैं। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

# बिना अनुज्ञप्ति एवं गुमास्ता के संचालित दूकानों पर होगी कार्रवाई, नगर निगम कटेगी चालान, होगी सामान की जब्ती

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत गुमाश्ता और लाइसेंस को लेकर निगम सख्ती बरतेगी. नगर निगम के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश के बाद स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा गुमास्ता, लाइसेंस को लेकर सख्ती से पालन कराने के लिए कमर कस ली है।स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने कहा बिना गुमास्ता एवं अनुज्ञप्ति के संचालित दूकानों पर तगड़ी कार्रवाई होगी.नियम को अनदेखी करने वाले दुकानदारो पर जुर्माना की कार्रवाही की जावेगी।यदि उसके बाद भी दुकानदार गुमास्ता कानून का पालन नहीं करता है तो दुकानदार पर जुर्माना के साथ साथ सामान जब्ती की कार्रवाही की जावेगी. उन्होंने बताया कि बिना लाइसेंस चल रहे किराना दुकान सहित व्यूटी पार्लर, पान ठेला,डेली नीड्स आदि व्यवसाय करने वाले गुमास्ता लायसेंस नगर निगम कार्यालय में पहुँचकर जल्द बनवा लेवे.बिना गुमाश्ता लाइसेंस के संचालित की जा रही दुकानों को नगर निगम जुर्माना एवं सामान जप्ती के साथ दुकानें सील करने की सख्त कार्रवाही की जाएगी। अधिकारी जावेद अली ने बताया कि बिना गुमाश्ता, लाइसेंस के संचालित की जा रही दुकानो को नगर निगम द्वारा कार्रवाही करने की तैयारी शुरू करने वाली है।नगर निगम द्वारा इसके लिए दुकान संचालक को नोटिस जारी करेगी।नोटिस के बाद भी दुकान संचालक द्वारा गुमाश्ता लाइसेंस बनाने में कोई रूचि नहीं ली गई तो सावधान हो जाइए जल्द निगम आपके दुकान में जांच कार्रवाही करने पहुचेगी।

# नगर निगम भिलाई के सामान्य सभा में पूर्व निर्धारित बैठक हुई संपन्न

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, एम.आई.सी. सदस्यगण, नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षदगणो, नगर निगम के प्रमुख अधिकारीजन उपस्थित हुए। नगर निगम भिलाई के सभागार में 11 बजे सामान्य सभा की शुरूआत हुई। जिसमें सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियो द्वारा सफाई से संबंधित पूर्व निर्धारित एजेण्डा क्रमांक 2 से 16 तक सफई से संबंधित विषयो पर विचार विमर्श किया गया। एम.आई.सी. सदस्य, पार्षदगण, नेता प्रतिपक्ष, महापौर शहर की सफाई कैसे और व्यवस्थित हो इसके संबंध में अपने सुझाव एवं विचार रखें। सफाई संबंधित विषयो पर सारगर्भिक चर्चा की गई। चर्चा के उपरांत यह प्रस्ताव पारित किया गया कि अभी वर्तमान में पूर्व एजेंसी से कार्य कराते हुए नयी एजेंसी के लिए निविदा जारी की जावे। हमारा भिलाई नगर साफ सुथरा और व्यवस्थित हो इसलिए निगम के 25 प्रतिशत पार्षदगणो की एडवाईजरी कमेटी बनायी जायेगी। जिसमें सेक्टर क्षेत्र के भी पार्षदगण होगें। सभी लोग मिलकर निर्णय लेगे उसके आधार पर सफाई के लिए आने वाली एजेंसी से कार्य लिया जायेगा। उन्ही के सुझाव पर आगामी सफाई संबंधी अनुबंध होगा, प्रस्ताव पारित किया गया। एजेण्डा क्रमांक 19 पेयजल के विषय पर भी पार्षदगणो ने अपना विचार रखा। पेयजल की पूर्ति सभी नागरिको तक प्रर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति हो इस पर भी सत्ता पक्ष एवं प्रतिपक्ष दोनो पक्षो के तरफसे विचार विमर्श किया गया। यह निर्णय लिया गया कि टंकियो को जोड़ने के लिए जो प्रस्ताव सदन के सामने रखे गये है, उसकी स्वीकृति प्रदान की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि पेयजल से संबंधित आगामी बैठक रखी जावे। जिसमें सभी पार्षदगण अपने अपने वार्ड के पेयजल की प्रतिपूर्ति के संबंध में चर्चा करेगें।

# गंभीर लापरवाही एवं अनियमितता बरतने पर तहसीलदार निलंबित

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग संभागायुक्त सत्य नारायण राठौर ने बालोद जिले के मर्री बंगला (देवरी) के तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु को कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही एवं अनियमितता बरतने पर निलंबित किया है। नीलकंठ जनबंधु तहसीलदार के द्वारा प्रथम बरती गई लापरवाही एवं अनियमितता छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल है। तद्नुसार छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 (1) (क) के अंतर्गत नीलकंठ जनबंधु, तहसीलदार मार्री बंगला (देवरी) जिला बालोद को कर्तव्य निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं अनियमितता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर, खैरागढ़ छुईखदान-गण्डई निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## विधानसभा प्रश्नों की जानकारी समय पर तैयार करने एवं भेजने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के षष्ठम विधानसभा के तृतीय सत्र का आयोजन 22 जुलाई 2024 से 26 जुलाई 2024 तक किया जाना है। कलेक्टर ॠचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार विधानसभा तृतीय सत्र में विधानसभा प्रश्नों की जानकारी समय पर तैयार करने एवं भेजने हेतु डिप्टी कलेक्टर जिला कार्यालय दुर्ग लवकेश ध्रुव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

# अपर कलेक्टरों के मध्य कार्यों का विभाजन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ॠचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर मती योगिता देवांगन के अवकाश पर होने के फ्लस्वरूप कार्यालयीन आदेश के अनुसार जिले में पदस्थ अपर कलेक्टरों के मध्य कार्यविभाजन किया गया है। आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कार्यालय कलेक्टर से मिली जानकारी के अनुसार अपर कलेक्टर अरविंद कुमार एक्का को अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जिला दुर्ग के न्यायालयीन कार्य, दुर्ग अनुभाग के अंतर्गत छ.ग. भू-राजस्व संहिता से संबंधित अपील पुनरीक्षण एवं पुर्नविलोकन प्रकरण के निराकरण हेतु कलेक्टर की शक्तियों का उपयोग, दुर्ग अनुभाग के अंतर्गत भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 240 एवं 241 के अंतर्गत कलेक्टर को प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुये, प्रकरणों में समुचित आदेश पारित करने हेतु अधिकृत किया गया है। रोस्टर के अनुसार तहसील/अनुविभाग कार्यालय/ उप पंजीयक कार्यालय/ जनपद कार्यालय का निरीक्षण, प्रोटोकाल अधिकारी, सामान्य/ स्थानीय निर्वाचन, शासकीय कर्मचारियों के लिए शासन से प्राप्त होने वाले स्वत्वों के संबंध में वैध वारिसान प्रमाण पत्र जारी करने, शासकीय कार्यालयों के उपयोग हेतु भवन के किराया निर्धारण, प्रमाण पत्र जारी करना इसके उपर के प्रकरणों की नस्तियों को कलेक्टर को प्रस्तुत करना, अनुपयोगी डेड स्टॉक जो 5000 रूपए तक की कीमत का हो, को अपलेखन करने का अधिकार, चोरी हुए 2000 रूपए तक की सामग्री को अपलेखन करने का अधिकार, समयावधि में पेश शस्त्र लाईसेंसों का नवीनीकरण, शस्त्र अनुज्ञप्ति स्वीकृति एवं नवीनीकरण आदेश के पश्चात् लायसेंस बुक तथा लायसेंस पंजी के प्रविष्टियों पर हस्ताक्षर एवं सत्यापन, अस्थाई फटाका लाईसेंसों का नवीनीकरण, 20 हजार रूपए तक आवर्ती व्यय स्वीकृति का अधिकार, सेवानिवृत्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के परिवार कल्याण निधि, समूह बीमा योजना की राशि, ग्रेच्यूटी एवं जीपीएफ/डीपीएफ जमा राशि का भुगतान, शासकीय वाहन के टायर, ट्यूब एवं बैटरी नियमानुसार क्रय करने की स्वीकृति।

# आवारा मवेशियों की हुई धरपकड़,निगम ने चलाया अभियान, मुख्य सड़क से पकड़े गए 11 आवारा पशु

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम क्षेत्र में आवारा पशुओ को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य जी ई मार्ग रायपुर नाका से लेकर गंज पारा तक मुख्य सड़क से 11 आवारा पशुओं को पकड़ा गया। नगर निगम क्षेत्र में आवारा घूमने वाले मवेशियों से किसी को परेशानी न हो इसे देखते हुए नगर निगम क्षेत्रों में आवारा पशुओं को पकड़ने अभियान चला रही है। अभियान के तहत आवारा पशुओं को पकड़ कर गौठान भेजा गया है। आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निर्देश दिए हैं.अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के मार्गदर्शन में अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ घूम-घूम कर आवारा मवेशियों को पकड़ रहे हैं। काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे पुलगांव गौठान में छोड़ा जा रहा है। नगर निगम की टीम मुख्य रूप से शहर के सभी मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों के किनारे घूमने वाले मवेशियों को टारगेट करते हुए पुलगांव चौक, अंजोरा रोड, राजेन्द्र पार्क, मालवीय नगर साइंस कॉलेज, नया बस स्टैंड, रायपुर नाका ओवरब्रिज, गंजपारा तथा जीई रोड के किनारे आवारा मवेशियों को पकड़ रही है।आवारा पशुओं के कारण आने वाले लोगों को समस्या से निजात दिलाने निगम की टीम पशुओ को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। विशेष अभियान में निगम क्षेत्र के वार्डो से आवारा मवेशी पकड़ने योजना बनाकर कार्य कर रहे है।

# नवाचारी शैक्षिक गतिविधियां प्रदान करने वाले शिक्षक हुए सम्मानित नेशनल स्कूल खेल में पदक विजेताओं को किया चेक वितरण

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ॠचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा के मार्गदर्शन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा गुणवत्ता हेतु जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षा सहायक कार्यक्रम अंतर्गत नवाचारी शैक्षिक गतिविधियां प्रदान करने वाले शिक्षकों एवं वर्ष 2023-24 में नेशनल स्कूल खेल में पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हार-जीत प्रत्येक स्पर्धा के दो पहलू हैं, लेकिन उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करना खिलाड़ी की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवं शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप जो भी काम कर रहे हैं, उसे अच्छे से करो, मन लगाकर करो वही आपकी साधना है। शिक्षकों द्वारा विनोबा एप में अपने नवाचारी शैक्षिक गतिविधियों को साझा कर जिले के अन्य शिक्षकों को प्रेरित किया गया तथा एप में सक्रिय रूप से भाग लेकर अधिक से अधिक सहायक शिक्षण सामग्री तैयार कर अपलोड किया गया। दुर्ग जिले के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व मा. विद्यालय के 15 चयनित शिक्षकों को ओपन लिंक फाऊन्डेशन द्वारा प्राप्त प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार को कलेक्टर ॠचा प्रकाश चौधरी के करकमलो से प्रदान किया गया। साथ ही 2023-24 में नेशनल स्कूल खेल- फैनसिंग, नेट बॉल, जुडो, कबड्डी विजेता एवं पदक विजेता प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ की टीम से दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले 44 विद्यार्थियों को कुल 5,46,000/ रूपए की राशि का चेक प्रदान किया गया। यह राशि लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा प्रदान की गई, जिसमें प्रथम पुरस्कार 21 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रूपए एवं तृतीय पुरस्कार 10 हजार रूपए है। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 44 विद्यार्थियों को कलेक्टर द्वारा चेक प्रदान किया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (छज।) द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में भर्ती हेतु आयोजित 'श्रेष्ठा' परीक्षा में चयनित संदीपनी बालिका छात्रावास की 04 छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

## शंकराचार्य महाविद्यालय के प्राचार्य ने एक दिवसीय आधार कार्ड अपडेशन शिविर के लिए दिया आवेदन

# सेलुद से पतोरा रोड़ में स्ट्रीट लाईट लगवाने ग्रामवासियों ने की मांग

■ उरला स्थित 'हमर क्लीनिक' में डॉक्टर उपलब्ध कराने दिया आवेदन,-जनदर्शन में आज 157 आवेदन प्राप्त



दुर्ग/ कलेक्टर ॠचा प्रकाश चौधरी ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 157 आवेदन प्राप्त हुए। बोरसी के ग्रामवासियों ने बोरसी में लगने वाले एयरटेल टॉवर को हटाए जाने की मांग की। ग्रामवासियों का कहना है कि बोरसी ग्राम सघन आबादी क्षेत्र होने के टॉवर से निकलने वाले रेडिएशन से स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। बड़े बुजुर्ग एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड क्रमांक 58 के पार्षद द्वारा हमर क्लीनिक में डॉक्टर उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उरला स्थित 'हमर क्लीनिक' में विगत चार माह से डॉक्टर नही होने के कारण ग्रामवासियों को चिकित्सीय सुविधा के लिए अन्यत्र स्थान जाना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। छात्र पालक संघ ने स्कूल भवन निर्माण को शीघ्र पूर्ण करवाने की गुहार लगाई। वार्ड 37 में स्थित लाल बहादुर शास्त्री शासकीय विद्यालय की बिल्डिंग जर्जर होने के कारण विद्यालय को तोड़ने के पश्चात पुर्ननिर्माण किया जाना था, किन्तु आज दिनांक तक निर्माण कार्य प्रारंभ नही किया गया है। उक्त विद्यालय के बच्चों को 3 किलोमीटर दूर सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय विद्यालय में अस्थाई रूप से दो कमरों में शिक्षण कार्य सम्पन्न कराया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने कमिश्नर नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम सेलुद निवासियों ने सेलूद पटेल चौक से पतोरा रोड़ में विद्युतीकरण कर स्ट्रीट लाईट लगवाने की मांग की। इस सड़क से प्रतिदिन आम जनता एवं कामगारों का रात में भी आना-जाना लगा रहता है। रात में अंधेरा होने के कारण आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विद्युतीकरण हो जाने से किसानों को ट्यूबवेल से पानी लेने से खेती करने में सुविधा होगी। इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई नगर के प्राचार्य ने एक दिवसीय आधार कार्ड अपडेशन हेतु शिविर लगाने के लिए आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने चिप्स अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## मृतक के परिजन को मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ॠचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खुड़मुड़ी, पोस्ट झीट तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी नरोत्तम ठाकुर की विगत 01 दिसंबर 2022 को नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी।

**कार्यालय उप संचालक**
**क्षेत्रीय महिला प्रशिक्षण संस्थान (डिमरापाल) जगदलपुर**
**महिला एवं बाल विकास विभाग (छ.ग.)**
E-Maii ID- ddrwtijdp@gmail.com Phone No. 9406081423

//--::दर आमंत्रण सूचनाः--//

क्रमांक 97/मबावि/प्रशिक्षण/2024-24 दिनांक 12/07/2024

क्षेत्रीय महिला प्रशिक्षण संस्थान महिला एवं बाल विकास विभाग डिमरापाल, जगदलपुर जिला बस्तर अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जाने है। प्रशिक्षण सत्रों में भोजन एवं चाय नाश्ता हेतु दर आमंत्रित किये जाते है ।

इच्छुक फर्म/स्व सहायता समूह द्वारा रूपये 500/- (पांच सौ रूपये मात्र) विभागीय मद 0235 सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण 02 विविध आय में जमा चालान की मूल प्रति कार्यालय में जमा कर दर आमंत्रण संबंधी फार्म एवं अन्य दस्तावेज कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

1. दर आमंत्रण संबंधी फार्म प्राप्त कने की अंतिम तिथि - 26.07.2024 शाम 5.00 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 29.07.2024 दोपहर 3:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 31.07.2024 शाम 3:00 बजे

उप संचालक
क्षेत्रीय महिला प्रशिक्षण संस्थान
महिला एवं बाल विकास विभाग
डिमरापाल, जगदलपुर, जिला-बस्तर

G-242501079/3

## संपादकीय

# उपचुनाव परिणाम 'इंडिया' को बढ़त

**सात राज्यों में हुए उपचुनाव** परिणामों में 'इंडिया' समूह को 13 में से 10 पर विजय मिली, जबकि भाजपा केवल दो सीटों पर सफल हुई। इस प्रकार हाल ही में सात राज्यों में हुए उपचुनाव में 'इंडिया' समूह को लाभ हुआ है। इस नतीजे के महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव हो सकते हैं। समय आ गया है कि भाजपा आत्मनिरीक्षण कर पता लगाए कि क्या मतदाताओं से उसका संवाद कमजोर हो रहा है या राज्यों के स्तर पर राजनीतिक व चुनावी गणित में कोई बदलाव हो रहा है? विभिन्न क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' ने दिखा दिया है कि वह एक मजबूत शक्ति है और उसकी यह स्थिति संभवत: बनी रहेगी। वैसे आमतौर से माना जाता है कि उपचुनाव राज्य में सत्तारूढ़ दल के पक्ष में जाते हैं और इस दृष्टिकोण से विपक्ष शासित राज्यों में 'इंडिया' की विजय स्वाभाविक लगती है। उपचुनावों में सबसे बड़ी विजेता तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी है। उसने अपने राज्य में उपचुनाव वाली सभी चार सीटों पर विजय पाई है। इस विजय से राज्य में टीएमसी का प्रभुत्व स्पष्ट होता है राज्य की जनता के बड़े हिस्से का ममता बनर्जी के नेतृत्व पर विश्वास प्रकट होता है। इससे यह भी स्पष्ट है कि राज्य में भाजपा अपना इच्छानुकूल विस्तार करने में विफल रही है। हालांकि, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि टीएमसी भले ही राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया' का हिस्सा हो, पर वह बंगाल में कांग्रेस और माकपा के लिए कोई स्पेस छोड़ने को तैयार नहीं है। महाराष्ट्र में 'इंडिया' समूह के संयुक्त प्रयासों से शिवसेना-उद्धव बालासाहब ठाकरे गुट को विजय मिली है और उसने राज्य में अपनी स्थिति मजबूत की है। उपचुनाव परिणाम ने शिवसेना, कांग्रेस तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा गठबंधन को मजबूत किया है।



लोकसभा चुनाव के कुछ ही समय बाद हुए इन उपचुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि मतदाताओं की वह प्रवृत्ति बनी हुई है जिसके चलते उन्होंने विपक्ष को तुलनात्मक रूप से मजबूत किया है तथा भाजपा को थोड़ा झटका दिया है। भाजपा को कर्नाटक में कांग्रेस से मुकाबला करना पड़ रहा है, जबकि कांग्रेस राजस्थान में भी सफल रही है। भाजपा को उत्तराखंड में तगड़ा झटका लगा है जहां उसने लगातार तीसरी बार लोकसभा की सभी सीटों पर विजय पाई है। उत्तराखंड में अभूतपूर्व ढंग से पुष्कर सिंह धामी दूसरी बार प्रदेश में सरकार बनाने में सफल हुए थे। वैसे बद्रीनाथ विधानसभा सीट पहले कांग्रेस का गढ़ रही है, पर कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा के पुराने मतदाता और कार्यकर्ता पार्टी में आने वाले नए लोगों से संतुष्ट नहीं थे। उपचुनावों में भाजपा को केवल दो सीटें मिलने से स्पष्ट है कि उसे अपनी रणनीति पुन: बनानी होगी तथा राष्ट्रीय मुद्दों के साथ ही स्थानीय मुद्दों को ज्यादा प्राथमिकता देनी होगी। इसके साथ ही आने वाले महीनों में स्पष्ट होगा कि विपक्षी 'इंडिया' समूह अपनी एकजुटता बनाए रखने में सफल होता है या नहीं। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की मदद करने वाली समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन सहयोगी के रूप में उतरने की इच्छा जताई है। लेकिन उन्होंने यह भी कहा है कि यदि उनको समुचित संख्या में सीटें न दी गईं तो सपा अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी। भाजपा लोकसभा चुनाव परिणामों का गंभीर विश्लेषण कर रही है। वह उपचुनाव परिणामों का भी विश्लेषण कर समुचित सबक लेगी। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि उपचुनाव परिणामों का कुछ समय बाद होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों पर क्या प्रभाव पड़ेगा तथा 'इंडिया' व भाजपा नीत 'राजग' इस बीच कैसी तैयारी करते हैं।

# आर्थिक विभीषिका से बचा भारत

## हालांकि, अपने दम पर बहुमत न मिलने से भाजपा दबाव में है, पर यदि कांग्रेस नीत 'इंडिया' सरकार बनाने में सफल होता तो भारत को भयानक आर्थिक विभीषिका का सामना करना पड़ता।



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**चार जून** को लोकसभा चुनाव, 2024 परिणाम आने के बाद केन्द्र 'राजकोषीय विभीषिका' की स्थिति से बचने में सफल हुआ है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा अपने दम पर पूर्ण बहुमत प्राप्त करने में विफल रही, पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग के 53 सांसदों के साथ 293 सांसद जुटा कर वह बहुमत पाने में सफल हुई तथा सरकार बनाई। दूसरी ओर देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' कुल 234 सांसदों का समर्थन ही प्राप्त कर सकी। यदि 'राजग' के केवल 38 सांसद 'इंडिया' समूह में चले जाते तो वह सत्ता तक पहुंच जाती। इस परिदृश्य में कांग्रेस को अप्रैल, 2024 में जारी अपने चुनाव घोषणापत्र-'न्याय पत्र' में किए गए वादे-गारंटियां पूरी करनी पड़तीं। इनका राजकोष पर भारी बोझ पड़ता। 'महालक्ष्मी' योजना के अंतर्गत प्रत्येक गरीब भारतीय परिवार को हर साल 100,000 रुपये अनुदान की बात पर गौर करें। यह बिना शर्त के आर्थिक सहायता सीधे परिवार की सबसे वृद्ध महिला के खाते में जानी थी। यदि परिवार में महिला न होती तो इस धनराशि को परिवार के सबसे वृद्ध व्यक्ति के खाते में जाना था। एक चुनावी रैली में राहुल गांधी ने घोषणा की थी, 'शुरुआत में हम आपको 100,000 रुपये वार्षिक देंगे, जबकि बाद में हम यह राशि बढ़ा कर 2,00,000 भी कर सकते हैं।' भारत में लगभग 400 मिलियन परिवार हैं। यदि हम इन परिवारों में केवल 10 प्रतिशत को ही गरीब मानें तो उनकी संख्या 40 मिलियन होती है। इस प्रकार इस योजना से सरकारी खजाने पर हर साल 400,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ता। यदि यह अनुदान बढ़ा कर 200,000 कर दिया जाता तो यह खर्च बढ़ कर हर साल 800,000 करोड़ हो जातज्ञ।

बजट पर इसके कारण पड़ने वाले भारी प्रभाव को देखते हुए घोषणापत्र में योजना के साथ दो शर्तें लगाई गई थीं। पहला, 'गरीब की पहचान आय पिरामिड के सबसे नीचे वाले परिवारों के आधार पर होगी।' दूसरा, 'इस योजना को चरणों में लागू किया जाएगा तथा हर साल लाभार्थी परिवारों की समीक्षा की जाएगी तथा गरीबी उन्मूलन पर इसके प्रभाव का आंकलन होगा।' ये शर्तें इस आधार पर परिभाषित की गई थीं कि शुरुआत में सभी 40 मिलियन परिवारों को इसमें शामिल नहीं किया जाता। इसके साथ ही पार्टी बोझ को देखते हुए कुछ लाभार्थियों को छोड़ सकती थी। लेकिन योजना के अंतर्गत मिलने वाली भारी धनराशि को देखते हुए एक भी गरीब परिवार एक बार लाभार्थी परिवार के दायरे में शामिल होने के बाद किसी प्रकार उससे बाहर न जाना चाहता। ऐसा करने का कोई भी प्रयास भारी सामाजिक-आर्थिक तनाव का कारण बनता तथा लाभार्थियों व उनसे वंचित लोगों के बीच टकराव होता। इस कारण सभी 40 मिलियन गरीब परिवारों को हर साल 200,000 लाख रुपये न मिलते।

कांग्रेस की अन्य गारंटियों में 'युवा अप्रेंटिसशिप योजना'-वाईएएस शामिल थी जिसके अंतर्गत प्रत्येक डिप्लोमाधारक बेरोजगार नौजवान को हर साल 100,000 रुपये मिलने थे। वर्तमान समय में 15-29 वर्ष आयुवर्ग के कुल 260 मिलियन युवा हैं और बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत है। यदि सभी 26 मिलियन बेरोजगार युवाओं को 100,000 रुपये सालाना दिए जाते तो इससे खजाने पर हर साल 260,000 करोड़ का बोझ पड़ता। 'अप्रेंटिसशिप' एक प्रकार की व्यवस्था है जिसके अंतर्गत किसी युवा को एक समय तक नया कौशल सिखाया जाता है ताकि वह एक उपयुक्त रोजगार या नौकरी प्राप्त कर सके। इस कालखंड में उसे स्टाइपेंड के रूप में एक निश्चित धनराशि मिलती है। तार्किक रूप से इस व्यवस्था में प्रशिक्षण काल समाप्त होने के बाद स्टाइपेंड की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। लेकिन कांग्रेस ने इसकी कोई रूपरेखा नहीं दी थी कि प्रशिक्षण और उसके बाद अप्रेंटिसशिप पूरी कर चुके युवाओं को किन बिजनेसों में स्थान मिलेगा। ऐसे परिदृश्य में हर साल 100,000 रुपये प्राप्त करने वाला नौजवान हमेशा वैसा ही बना रहता। इसके परिणामस्वरूप केन्द्र को लगातार हर साल 260,000 करोड़ रुपये का बोझ उठाना पड़ता।कांग्रेस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा किया था। किसन इसे उन सभी 26 फसलों के लिए चाहते थे जिन पर वर्तमान समय में एमएसपी दिया जाता है। अंतत: यह सभी फसलों, यानी सभी कृषि उत्पादों पर लागू होता। सरकार निजी क्षेत्र को एमएसपी पर खरीद के लिए बाध्य नहीं कर सकती, इसलिए उसे सारी फसलें खरीदनी पड़तीं। इससे हर साल खजाने पर 33,00,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ता। कांग्रेस ने 3 मिलियन सरकारी नौकरियों का वादा किया था। यदि औसत वेतन हर महीने 50,000 रुपये मान लिया जाए तो इसे खजाने पर 180,000 करोड़ का बोझ हर साल पड़ता। यदि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून-मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी बढ़ा कर 400 रुपये प्रति दिन कर दी जाए तो इससे लगभग 80,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। कांग्रेस ने छात्रों को एक बार कर्ज माफी का वादा भी किया था जिससे लगभग 120,000 करोड़ का बोझ पड़ता। इस प्रकार यदि कुल मिला कर देखा जाए तो कांग्रेस की 'गारंटी योजनाओं' से केन्द्र सरकार पर हर साल 47,40,000 करोड़ रुपये का असाधारण बोझ पड़ता। यदि एक बार छात्रों को माफ किए जाने वाले कर्ज का बोझ छोड़ दिया जाए तो इससे हर साल खजाने पर 46,20,000 करोड़ का बोझ पड़ता।

यह धनराशि 2024-25 के अंतरिम केन्द्रीय बजट में प्रस्तावित 47,66,000 करोड़ रुपये के लगभग बराबर है। इसके साथ ही यह 11,00,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च से चार गुना अधिक है। 2024-25 में केन्द्र सरकार की कर्ज के अलावा कुल प्राप्तियां लगभग 30,80,000 करोड़ थीं। इनमें करों से होने वाली प्राप्तियां 26,02,000 करोड़ हैं। इस प्रकार केवल बहु-प्रचारित 'महालक्ष्मी' योजना पर होने वाला खर्च सारी प्राप्तियों तथा लगभग एक तिहाई कर प्राप्तियों को अपने भीतर समेट लेता। वर्तमान समय में राजकोषीय घाटा 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का 5.1 प्रतिशत है। यदि इसमें 'कांग्रेसी गारंटियों' का अतिरिक्त खर्च जोड़ लिया जाए तो यह जीडीपी का 19.1 प्रतिशत हो जाएगा। यह 2020-21 में हुए 9.2 प्रतिशत घाटे से दूना है, जब अर्थव्यवस्था विनाशकारी कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के दुष्प्रभाव से पंगु हो गई थी। यह सोच कर ही भय पैदा हो जाता है कि कांग्रेस की सभी 'गारंटियां' लागू होने के बाद केन्द्र का खर्च लगभग 187,35,000 करोड़ हो जाता। वर्तमान समय में केन्द्र का कर्ज जीडीपी का 57 प्रतिशत है।

राजकोषीय दायित्व एवं बजट प्रबंधन कानून-एफआरबीएम में संशोधन के बाद इसे 2024-25 में घटा कर 40 प्रतिशत किया जाना है। इसके बजाय हम 100 प्रतिशत से अधिक की ओर बढ़ रहे हैं। भारत के मजबूत आर्थिक आधारों, जीवन्त वृद्धि गतिशीलता तथा राजकोषीय मजबूती पर ध्यान देने से वैश्विक रेटिंग एजेंसियों, जैसे एसएंडपी ने हमारी सावरेन रेटिंग बढ़ाई है। इससे देश लगभग डेढ़ शताब्दी बाद 'स्थिर' से 'सकारात्मक' श्रेणी में आने में सफल हुआ है। यदि दुर्भाग्य से 'कांग्रेसी गारंटियां' लागू हो जातीं तो 'राजकोषीय व्यावहारिकता' मिट्टी में मिल जाती। ऐसी स्थिति में राजकोषीय विभीषिका पैदा होती, कर्ज बेलगाम हो जाता, ब्याज की दरें आसमान छूने लगतीं, मुद्रास्फीति बहुत बढ़ जाती, निवेश घट जाता तथा आर्थिक गतिविधियां कम हो जातीं। 'कांग्रेसी गारंटियों' यज्ञ 'खैरातों' के कारण करोड़ों लोगो को कमाने की जरूरत न रहती और वे अपनी सभी जरूरतें पूरी करने के लिए सरकारी खैरातों की ओर देखते रहते। संक्षेप में इससे भारत 'आर्थिक विनाश' की ओर आगे बढ़ता। हालांकि, अपने दम पर पूर्ण बहुमत न मिलने से भाजपा दबाव में है, पर यदि कांग्रेस नीत 'इंडिया' समूह को सत्ता मिल जाती तो भारत निश्चित रूप से आर्थिक विनाश का शिकार बन जाता।

# इच्छाओं से मुक्ति की कला

> बुद्ध ने चार अवधारणाओं की वकालत की- शरीर का निरीक्षण करें, संवेदनाओं का निरीक्षण करें, मन के प्रवाह का निरीक्षण करें, अपने वास्तविक स्वभाव का निरीक्षण करें

रवि वलूरी
(लेखक, रेलवे विभाग से संबंधित हैं)



**एक बार** एक मस्तिष्क भौतिक विज्ञानी रहते थे जो एक सम्मानित विश्वविद्यालय में पढ़ाते थे। प्रोफेसर को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया और दुनिया भर में उनकी पहचान बनी। जैसे-जैसे वे एक मशहूर हस्ती बनते गए, उनका सिर जल्दी ही फूलने लगा। उनका दिखावा उनका अहंकार बन गया। सरकार और प्रशासन ने उन्हें दिए जाने वाले सभी पुरस्कारों को छीन लिया और उनकी पत्नी ने उन्हें छोड़ दिया क्योंकि वे शराबी बन गए थे। सम्मानित प्रोफेसर जीवन में इन दुर्घटनाओं से जूझने में असमर्थ थे।

उनके बिरादरी के कुछ शुभचिंतकों ने उनके साथ सहानुभूति जताई और अपने एक समय के तेजस्वी सहयोगी के लिए करुणा से भर गए। भौतिक विज्ञानी को एक पुनर्वास केंद्र में ले जाया गया और एक विषहरण आहार के तहत धीरे-धीरे शराब और नशीली दवाओं से छुटकारा दिलाया गया। उन्होंने हैप्पीनेस प्रोग्राम से गुज़रा और अनोखी लयबद्ध साँस लेने की तकनीक सीखी जिसने उनके ठीक होने के लिए सहारा प्रदान किया। हालाँकि प्रोफेसर अब शांत हो चुके थे और उनकी भोगवादी प्रवृत्तियाँ समाप्त हो चुकी थीं, फिर भी वे भीतर से तृप्त महसूस कर रहे थे। उनकी आत्मा अभी भी तृप्त नहीं हुई थी। उन्होंने जीवन और ब्रह्मांड के आध्यात्मिक आयाम में गहरी रुचि विकसित की। इस प्रकार, प्रोफेसर ने आध्यात्मिक यात्रा शुरू की। यात्रा उन्हें दुनिया के आधे हिस्से में ले गई, जब तक कि वे हिमालय में एक सुदूर गाँव में एक सिद्ध गुरु के चरणों में नहीं पहुँच गए।

विभिन्न धर्मों के पवित्र ग्रंथों के इस अधिपति ने ज़ेन बौद्ध धर्म में उल्लेखनीय निपुणता और गुण प्राप्त किया था। गेरू के वस्त्र पहने पवित्र व्यक्ति ने प्रोफेसर का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनकी खोजी और चमकदार आँखें प्रोफेसर को देख रही थीं। भौतिक विज्ञानी ने अपनी कहानी सुनाई।



> जब तक तुम अपने अहंकार और आत्म-दंभ को उसी तरह नहीं छोड़ देते जैसे चाय कप से छलकती है, तुम कभी भी कुछ नया नहीं सीख पाओगे। जब तुम गुरु के पास जाओ तो अपनी सारी इच्छाएँ छोड़ दो। अपना बोझ छोड़ दो।

उन्होंने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला कि वे अब आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ब्रह्मांड के गर्भ में छिपे रहस्यों को समझने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन यही तो आप विश्वविद्यालय में और अपनी प्रयोगशाला में कर रहे थे, है न प्रोफेसर? द्रष्टा ने पूछा।उन्हें लगा कि ज़ेन मास्टर उनके जीवन से गायब चिंगारी को प्रज्वलित कर सकते हैं और उनके मन से द्वेषपूर्ण विचारों को दूर करने में उनकी मदद कर सकते हैं ताकि वे पिरामिड को उलट सकें। वह एक बार निराशा के भंवर से सफलतापूर्वक बाहर निकल आया था और सुरंग के अंत में उसे रोशनी दिखाई दे रही थी। फिर भी उसके जीवन में कुछ कमी थी!

वह पेड़ की शाखाओं से गिरने वाले पतझड़ के पत्ते की तरह सूखा था। जिस समय तुम मुक्त होते हो तो, तुम क्या नया जानने की कोशिश कर रहे हो? ठीक है, चलो एक कप चाय पीते हैं, पूज्य आत्मा ने कहा। जब उस समझदार और बुद्धिमान आत्मा ने चाय डाली तो प्रोफेसर सहज दिखाई दिए। जल्द ही कप छलकने लगा। यह देखकर प्रोफेसर ने कहा, पवित्र महोदय, कप छलक रहा है! बिल्कुल, और मैं आपकी प्रतिक्रिया की जांच कर रहा था, पवित्र व्यक्ति ने टिप्पणी की। जब तक तुम अपने अहंकार और आत्म-दंभ को उसी तरह नहीं छोड़ देते जैसे चाय कप से छलकती है, तुम कभी भी कुछ नया नहीं सीख पाओगे। यही रहस्य है, ज़ेन मास्टर ने बिल्कुल तथ्यात्मक तरीके से कहा। जब तुम गुरु के पास जाओ तो अपनी सारी इच्छाएँ छोड़ दो। अपना बोझ छोड़ दो, उन्होंने कहा। ज़ेन मास्टर ने आगे कहा, बुद्ध ने चार अवधारणाओं की वकालत की- शरीर का निरीक्षण करें (कायाना पास्काना) संवेदनाओं का निरीक्षण करें (वेदानु पास्काना) मन के प्रवाह का निरीक्षण करें (चित्तना पास्काना) अपने वास्तविक स्वभाव का निरीक्षण करें (धम्मानु पास्काना)। प्रोफेसर को एहसास हुआ कि वह अपने मन को समझे बिना ही अज्ञात क्षेत्रों में प्रवेश कर गया था। उसका मन राक्षसी और अहंकारी विचारों से भरा हुआ था और वह कठोर हो गया था। वह न तो सरल था, न ही विनम्र या जागरूक। ये उसके लिए जाने और शुद्ध और स्पष्ट होने की कुंजी थे।

## आप की बात

### जनसंख्या वृद्धि

**विश्व जनसंख्या दिवस** के मौके पर भारत सरकार की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार देश के 36 में से 31 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों ने टोटल फर्टिलिटी रेट-टीएफआर को रिप्लेसमेंट लेवल 2.1 प्रतिशत से नीचे लाने में कामयाबी हासिल कर ली है। इसका अर्थ है कि अब इन राज्यों में जनसंख्या बढ़ने के बजाय घटेगी। फर्टिलिटी रेट्स का नियंत्रित होना भारत जैसे देश के लिए अत्यावश्यक था। मगर धर्म के आधार पर देखा जाए तो आबादी की बढ़ोतरी में यह गिरावट मोटेतौर से हिंदुओं में ज्यादा आई है। हालांकि, आजादी के बाद मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि भी थोड़ी घटी है, पर यह अब भी हिंदुओं व अन्य समुदायों की तुलना में बहुत अधिक है। जनसंख्या वृद्धि से देश की 140 करोड़ की आबादी के सामने सारे संसाधन बोने पड़ गए हैं। इसे देखते हुए संतति नियंत्रण कानून लाने की अब भी जरूरत है। एक या दो बच्चे वाले अनेक मध्यवर्गीय परिवार कोई मुफ्त सुविधा नहीं लेते हैं और सरकार को टैक्स देते हैं। इसके उलट अधिक संतानों वाले अनेक परिवार सभी मुफ्त सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं। जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकारी सुविधायें व सरकारी नौकरियां केवल छोटे परिवारों तक सीमित की जानी चाहिए।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### ट्रंप पर हमला

**पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प पर किये गए हमले की जितनी निंदा की जाय वह कम है। यह लोकतंत्र पर हमला है और इसका कोई स्थान नहीं होना चाहिए। मगर यह देखना भी जरूरी है कि आज दुनिया भर में राजनीति वर्चस्ववादी हो गई है। इसके कारण अनेक देशों में नेताओं और जनता के बीच न केवल दूरियां बढ़ रही हैं, बल्कि जनता के अनेक तबके और लोग व्यक्तिगत रूप से नेताओं को अपना दुश्मन मानने लगे हैं। इस कारण ट्रम्प पर हमला करने वाले 20 वर्षीय किशोर की मन:स्थिति भी समझी जानी चाहिए। कहा जा रहा है कि हमलावर रिपब्लिकन पार्टी का ही वोटर था और डोनाल्ड ट्रम्प की कथित विभाजनकारी नीति का विरोधी था। वैसे भी अमेरिकी समाज में हिंसा और बंदूक की संस्कृति काफी गहरे तक जड़ें जमा चुकी है। ट्रंप पर हमला अमेरिका में फिर बंदूक नियंत्रण कानून की आवश्यकता प्रदर्शित करता है, लेकिन विडंबना है कि स्वयं ट्रंप और उनकी पार्टी हमेशा से बंदूक-नियंत्रण के खिलाफ रही है। इस हमले से कई अमेरिकी राष्ट्रपतियों की हत्या तथा कई पर हुए हमलों की यादें फिर ताजा हो गई हैं। देखना होगा कि इसका अमेरिकी चुनाव तथा ट्रंप की विजय की संभावनाओं पर क्या प्रभाव पड़ता है।

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### संविधान हत्या दिवस

**सरकार** ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सहित सारे विपक्षी दलों का गठबंधन- इंडिया संविधान बचाओ व लोकतंत्र बचाओ के नारे संसद से सड़क तक लगाता रहा है। 25 जून, 1975 को वास्तव में संविधान और लोकतंत्र की हत्या हुई थी, विपक्ष के सारे नेताओं को जेल में डाल दिया गया था, अखबारों के मुंह पर ताले लगा दिए गए थे और यहाँ तक कि आम लोगों में भी यदि कोई सरकार के विरूद्ध बोलता पाया गया तो उसे भी जेल में बंद कर दिया जाता था। पूरे 19 माह सरकार की तानाशाही चली। इंडिया समूह के अनेक नेता भी उस समय प्रताड़ित हुए थे, पर आज संकुचित राजनीतिक व चुनावी स्वार्थ के कारण उनको यह याद नहीं आ रहा है। आज वे अघोषित आपातकाल की बात करते हैं, लेकिन पिछले 10 वर्षों में न तो मीडिया पर सेंसरशिप लगी न नेताओं की बोलने की आजादी पर प्रतिबन्ध लगे और न विरोधी दलों के नेताओं को बंद किया गया। भाजपा सरकार ने न संविधान या लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया और न आरक्षण खत्म करने का प्रयास किया। ऐसे में कटु यथार्थ से मुंह चुराने वाले विपक्षी अनर्गल प्रलाप का कोई अर्थ नहीं है और जनता यह असलियत समझ रही है।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### एलजी को अधिक शक्ति

**कश्मीर** में विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर प्रदेश के उप-राज्यपाल-एलजी को अधिक शक्तियां दे दी हैं। मोटेतौर से दिल्ली के एलजी की लगभग सभी शक्तियां तरह जम्मू कश्मीर के एलजी को दी गई हैं। केंद्र सरकार का यह निर्णय अनेक कारणों से प्रशंसनीय है। जम्मू कश्मीर की विशिष्ट स्थिति को देखते हुए तथा वहां हालिया लोकसभा चुनाव में रिकार्डतोड़ मतदान के बावजूद केन्द्र सरकार प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा देने तथा वहां पैदा होने वाली संभावित समस्याओं के बारे में फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। जम्मू कश्मीर के राज्यपाल को पुलिस पर अधिकार तथा कर्मचारियों के स्थानान्तरण के संबंध में अधिकार दिए गए हैं। इनका उद्देश्य राज्य में सेना व अर्धसैनिक बलों के साथ ही पुलिस का बेहतरीन तालमेल बैठाना तथा अधिकारियों की स्थानान्तरण शक्ति से राज्य के सभी भागों का समुचित व समन्वित विकास सुनिश्चित करना है। विडंबना है कि जम्मू कश्मीर की ऐसी शक्तियां इस बदलाव पर हायतोबा मचा रही हैं जो अब तक राज्य को अपनी जागीर समझती थीं।

- **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# महिला कोटवारों से कराया जाता है झूठे बर्तन और शौचालय साफ मामले को लेकर पहुची कलेक्ट्रेट



पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के डौंडीलोहारा ब्लाक के कोटवार संघ के सभी कोटवार अपनी समस्या को लेकर मंगलवार को बालोद कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन पहुचे। जहां कोटवारों ने बताया कि उनको पिछले 2 माह से पारिश्रमिक राशि नही मिली है। जिससे उनके सामने आर्थिक स्थिति की समस्या आ गई है। मगर इससे बड़ी समस्या महिला कोटवारों की सामने आई, जहां उनको कोटवारी के साथ साथ अब शौचालय साफ करने का काम दिया जा रहा है। जिससे महिला कोटवार काफी आक्रोशित है। मामले में बता दे की राजस्व विभाग की अहम कड़ी कोटवार होते है। जो ग्रामीण इलाको में राजस्व के सारे कार्य करते है। मगर अब कोटवारो को कोटवारी के साथ साथ अधिकारी शौचालय साफ करने का भी काम दे रहे है।

'पिछले 2 माह से पारिश्रमिक राशि नही मिला है, हमारी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है, अब तीसरा माह चल रहा है, मगर अधिकारी सही जवाब नही दे रहे, इसी समस्या को कलेक्टर के पास लेके आये है।'
**कन्हैय्या दास मानिकपुरी,**
**अध्यक्ष कोटवार संघ डौंडीलोहारा**

## झूठा बर्तन भी धोने बोलते है : कोटवार

ऐसा ही गम्भीर मामला डौंडीलोहारा ब्लाक का है। जहा की महिला कोटवारों ने अपनी बड़ी समस्या बताते हुए अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाया कि महिला कोटवारों को जब डौंडीलोहारा तहसील कार्यालय में उनकी ड्यूटी लगाई जाती है तो उन्हें तहसील कार्यालय में झाड़ू पोछा करने बोला जाता है। इतना ही नही शौचालय भी साफकराया जाता है। इस बात को लेकर महिला कोटवार काफी आक्रोशित नजर आई। इतना ही नही अधिकारी नास्ता चाय करने बाद झूठे बर्तन भी धोने बोलते है। जिस वजह से महिला कोटवार काफी परेशान है। वही जब सभी कोटवार कलेक्टरेट पहुचे तो उनके पीछे पीछे तहसीलदार भी आये। जहां उन्हें कलेक्टर के पास जाने से मना करते हुए समस्या का समाधान का आश्वासन देते रहे। मगर तहसीलदार की बात कोटवार नही माने जिसके बाद एसडीएम पहुचे। वो भी कोटवारों को जल्द पारिश्रमिक राशि देने का आश्वासन देते रहे। जहा कोटवारों ने तहसील में हो रही समस्या को भी बताया कि कैसे उन्हें शौचालय साफकरने बोला जाता है, जिस पर एसडीएम नेआश्वासन दिया कि ऐसे कोई कार्य नही करवाया जाएगा। जिसके बाद सभी कोटवार वापस डौंडीलोहारा लौट गए।

'एक तो पैसा नही दे रहे, फिर काम भी पूरा करवाते है। और जब तहसील में ड्यूटी लगाते है, तो झाड़ू पोछा करवाते है. उम्र का भी ध्यान नही देते, सरकार हम को वर्दी दी है, मगर इसका भी ध्यान नही रखते, अधिकारी मैडम लोग।
**भानकुमारी, महिला कोटवार**

तहसील कार्यालय में जब ड्यूटी लगाई जाती है तो कभी शौचालय साफकरने बोलते है, तो कभी झाड़ू पोछा लगवाते है। महिला कोटवारों के साथ व्यवहार ठीक नही करते। अपना झूठा बर्तन भी धोने बोलते है। मानवता के नाते नाश्ता चाय कुछ नही करवाते। बहुत परेशान है सभी महिला कोटवार।'
**रामकुंवर मेश्राम, महिला कोटवार, ग्राम बटेरा**

## अधिकारी ने मामले से झाड़ा पड़ला

वही इस गंभीर मामले जब डौंडीलोहारा तहसीलदार गोविन्द सिन्हा से मीडिया जानकारी लेने पहुची तो वो मामले से पल्ला झाड़ते हुए मामले से बचते रहे और कैमरे से बचते रहे। इससे अब ये तो साफ हो गया है कि डौंडीलोहारा तहसील कार्यालय में सब कुछ ठीक नही चल रहा है। जबकि सोमवार को एकदिवसीय प्रवास पर बालोद पहुचे प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने राजस्व कार्य मे लापरवाही बरतने पर देवरी तहसीलदार को सस्पेंड किया है साथ ही समीक्षा बैठक के दौरान भी राजस्व कार्य मे लापरवाही पर कलेक्टर को जिम्मेदार बताया है।

# जिला पंचायत सीईओ के पत्र को तब्जो नही दे रहा है बोड़ला जनपद सीईओ

## फर्जी हाजरी भरने वाले को दिया जा रहा है संरक्षण

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत भारी गड़बड़ी और अनियमितता उजागर होने के बावजूद अधिकारी अपने कर्मचारियों पर कार्यवाही करने के बजाए संरक्षण देते है । इस मामले में बोडला विकासखण्ड सबसे आगे दिखाई देता है जबकि वहां के जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी परिवीक्षा अवधि में है बावजूद कार्यवाही नहीं करते जो चर्चा का विषय बना हुआ है ।

**मामल 01**– बोडला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मड़मडा जहां तालाब गहरीकरण के नाम पर लाखो रुपए का फर्जी हाजरी भरकर राशि निकाल लिया गया और दोषियों को बर्खास्त करने के बजाए वसूली की कार्यवाही किया जा है जबकि नियमानुसार पद से हटाते हुए अपराधिक मामला दर्ज करना चाहिए।

**मामला 02**– कार्यालय जिला पंचायत कबीरधाम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (छ.ग.) पत्र क्रमांक/1151 / जि.पं./स्था. / MGNREGA/2023-24 कबीरधाम, दिनॉक-29.02.2024 मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला को जारी पत्र में तीजराम एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत बांधा द्वारा ÷मनरेगा योजनांतर्गत सुन्दर लाल पोर्ते, रोजगार सहायक ग्रा.पं. बांधा, जनपद पंचायत बोड़ला द्वारा अपने आदमी एवं अपने घर परिवार को बिना कार्य किये फर्जी हाजरी भरना एवं फायदा पहुंचाने के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर संदर्भित पत्र के माध्यम से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन अनुसार जॉच की बिन्दु एवं लिखित बयान के अनुसार रोजगार सहायक का आम नागरिको के साथ सुमधुर व्यवहार नहीं करने तथा पारिवारिक अविवाहित भाईयों के नाम जॉब कार्ड बनाने तथा तालाब निर्माण में फर्जी हाजरी भरने के कारण दोषी पाया गया। इस तरह से अपने पदेन दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं किया जाना प्रदिवेदित किया गया है।÷ अतः निर्देशित किया जाता है कि उक्त शिकायत पर प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित सुन्दर लाल पोते को ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत बांधा, विकासखण्ड बोड़ला के पद से तत्काल नियमानुसार बर्खास्त की कार्यवाही करते हुए पालन प्रतिवेदन 03 दिवस के भीतर इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें का निर्देश दिया गया है ।

**जिला पंचायत के पत्र को जनपद सी ई ओ ने किया किनारा**

परिवीक्षा अवधि जनपद पंचायत बोडला के मुख्यकार्यपालन अधिकारी ने उच्च कार्यालय जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी के पत्र को किनारे कर दिया है जबकि कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित किया है उसे भी किनारा किया है। आखिर रोजगार सहायक को संरक्षण देते हुए फर्जीवाड़ा को पनाह दे रहा है ।

## कलेक्टर ने छात्र सुरक्षा बीमा योजना के तहत छात्र छात्राओं के परिजन को बीमा राशि का चेक प्रदान किया



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने छात्र सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत बेमेतरा जिले अंतर्गत आकस्मिक निधन हुये कुल 29 छात्र छात्राओं के संबंधित परिजनों को एक-एक लाख रुपए का बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया 7 इस अवसर पर कलेक्टर ने संबंधित परिवारजनों को सांत्वना दी एवं योजना के महत्व और इसके लाभों को बताया और परिजनों को यह आश्वासन दिया कि सरकार उनकी सुरक्षा और भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। छात्र सुरक्षा बीमा योजना का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत, अगर किसी छात्र की दुर्घटना के कारण मृत्यु हो जाती है या वह स्थायी रूप से विकलांग हो जाता है, तो उसके परिवार को बीमा राशि प्रदान की जाती है। इस बीमा योजना का लाभ स्कूल और कॉलेज के छात्रों को मिलता है, जिससे उनके परिवार आर्थिक संकट से उबर सकें। यह योजना छात्रों और उनके परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है, जो अप्रत्याशित घटनाओं में मददगार साबित होती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, दुर्घटना के बाद परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करना, छात्रों को बिना किसी आर्थिक चिंता के शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना, छात्र सुरक्षा बीमा योजना शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो छात्रों के सुरक्षित और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बेटियो की सुरक्षा पर ध्यान नही दे रहा आदिम जाति कल्याण विभाग



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

अनुसूचित जनजाति वर्ग की बालिकाओं को कक्षा 6 से कक्षा 12 वीं तक आवासीय सुविधा सहित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं नियमित आधुनिक तकनीक एवं राष्ट्रीय प्रतियोगी वातावरण के अनुरूप तैयार करने हेतु योजना स्वीकृत है। विभागान्तनर्गत कन्या शिक्षा परिसर माध्यमिक शिक्षा मण्डल के पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित है। भोरमदेव कन्या शिक्षा परिसर में 240 सीट स्वीकृत है। जहां पर 12 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाएं अध्ययनरत होती है । साथ ही जिले के अन्य छात्रावासो और आश्रम शालाओं में अधीक्षिका या अधीक्षक नही है । एक अधीक्षक पर दो , दो जगह का प्रभार सौंपा दिया गया है । जिम्मेदार अधिकारियो के द्वारा अनुसूचित जनजाति कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव ( महराजपुर )में कवर्धा की पोस्ट मैट्रिक की अधीक्षिका को प्रभार दिया गया है जबकि वहां भी 50 किशोरी ,युवती बालिकाओ के लिए सीट स्वीकृत है ।एक अधिक्षिका दो स्थान पर ड्यूटी किस तरह से कर रही होगी ये समझ से परे है।

## एक संस्था से दूसरे संस्था की दूरी 10 किमी

पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास और अनुसूचित जनजाति शिक्षा कन्या परिसर भोरमदेव (महराजपुर) की दूरी लगभग 10 किलोमीटर है। शिक्षा परिसर में 6 वी से लेकर 12 वी की छात्राएं आवासीय शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं । जिनका उम्र 12 से 18 वर्ष के बीच होता है वही कन्या पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में 11 वी से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली बालिकाएं निवास कर शिक्षा ग्रहण करते हैं। दोनो संस्थाओं में किशोर अवस्था से लेकर युवा अवस्था की बालिकाएं रहती हैं । सोचने की बात यह है कि एक अधिक्षिका दो स्थान पर ड्यूटी कर रही है जो संभव नहीं है ।

## बेटियो की सुरक्षा पर सवालिया निशान

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की स्लोगन को चरितार्थ करते हुए शासन प्रशासन के द्वारा जगह जगह पर आवासीय विद्यालय और छात्रावास खोला गया है । जहां पर दुरस्त अंचल के बेटियां सुरक्षित रहकर शिक्षा प्राप्त कर सके लेकिन जिस तरह का खेल कबीरधाम जिला में खेला जा रहा है इससे बेटियो की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा होता है ।

## इन संस्थाओं पर नही है अधीक्षक

अनुसूचित जनजाति कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव (महाराजपुर)के साथ पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास कवर्धा, कन्या आश्रम नेउर के साथ बैगा बालक आश्रम नेउर, प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास दलदली बालक आश्रम दलदली ,कन्या आश्रम चिल्पी के साथ साथ कन्या पोस्ट मैट्रिक चिल्पी ,पोस्ट मैट्रिक एससी बालक छात्रावास कवर्धा के साथ पोस्ट मैट्रिक ओबीसी बालक छात्रावास कवर्धा ,प्री मैं ओबीसी बालक छात्रावास कवर्धा के साथ साथ पोस्ट मैट्रिक एसटी बालक छात्रावास कवर्धा में अधीक्षक नही है । मजे की तो यह है कि सबसे बड़े संस्था जो हमेशा सुर्खियों मे बना रहता है अनुसूचित जनजाति कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव वहां पर बालिकाओं की संख्या अधिक भी है बावजूद जुगाड के अधीक्षिका रखे हुए हैं साथ ही पोस्ट मैट्रिक कन्या चिल्पी और आश्रम की दूरी लगभग दो किलोमीटर है बाकी संस्थाएं एक कैंपस में ही है ।

## एक माह में व्यवस्था नही कर पाया विभाग

शिक्षा सत्र की शुरुआत एक माह होने को है जहां पर विभाग पूर्ण रूप से एक व्यवस्था की देखरेख के लिए एक अधीक्षक का व्यवस्था नही कर पाया जो चर्चा का विषय बना हुआ है। उक्त संस्थाओं में अनियमित चतुर्थ कर्मचारियों के भरोसे पर ही संस्थाओं का संचालन हो रहा है जो भगवान भरोसा ही है। अधीक्षक का व्यवस्था नही कर पाना अपनो को लाभ पहुंचाने की मंशा तो नही है ।

## पुलिस अधीक्षक ने थानखम्हरिया के अंतर्गत ग्रामों का किया गया औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक बेमेतरा द्वारा थाना थानखम्हरिया क्षेत्रांतर्गत खम्हरिया, ठेलका जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक का निरीक्षण किया गया विदित हो कि दिनांक 14.07.2024 को बैंक में अज्ञात चोरों द्वारा गैस, सिलेडर कटर लेकर बैंक के तिजोरी को काटने का प्रयास किया गया था जिसका निरीक्षण कर बैंक के मैनेजर व कर्मचारियों से पूछताछ करने व बैंक की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और साथ ही थाना प्रभारी थानखम्हरिया को मौके पर निर्देषित किया गया चोरों को जल्द से जल्द पतासाजी कर गिरफ्तार किया जाये इसी प्रकार ग्राम नवागांव कला के सोसायटी का निरीक्षण किया गया जहां ग्रामीणों से मुलाकात कर उनसे बातचीत कर गांव में अवैध कारोबार करने वालों के संबंध में चर्चा किया गया व उनकी समस्याओं को सुना गया व पशुपालकों अपने गौववंष को सुरक्षित अपने घर में बांध कर रखने सड़क पर नहीं बैठने जिससे वाहन चालकों एवं मवेषियों का सड़क दुर्घटना होने के संभावना रहती है इसके बारे में ग्रामीणों से अपील की गयी।

# नगरपालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने 7 सूत्रीय मांगो को लेकर उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा एक दिवसीय दौरे पर बालोद पहुंचे जहां दल्लीराजहरा नगरपालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने उनसे मुलाकात कर दल्लीराजहरा नगर में मूलभूत कार्यों को पूर्ण करने 7 सूत्रीय मांगो पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपकर उनसे अनुरोध किया है कि इन समस्या को दृष्टिगत रखते हुए अनुदान राशि स्वीकृति हेतु संबंधित विभाग को पहल करने की कार्यवाही हेतु आदेशित करने की कृपा करेंगे। शिबू नायर ने अपने ज्ञापन में बताया कि लौह अयस्क नगरी दल्ली राजहरा नगर की जनता के सर्वांगीण विकास हेतु और नगर को आदर्श नगर स्थापित करने की दिशा में निम्नलिखित मांगो को पूर्ण करने नगर की बेहतर भविष्य के अति आवश्यक है। मांगो में कहा गया कि जल आवर्धन योजना के अंतर्गत अधूरे कार्य से रोड खोदकर छोड़ दिया गया है जिसे पूर्ण करने की कृपा करेंगें। नगर में गिरते शिक्षा स्तर को सुधार करने केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना करने की कृपा करेंगे। क्योंकि नगर में केन्द्रीय कर्मचारियों की संख्या अधिक है। पुराना बाजार वीर नारायण सिंह चौक से अंतिम छोर तक रोड डामरीकरण एवं टाउनशीप के समस्त जर्जर रोड का डामरीकरण कार्य कराया जाए। राजहरा डेम फाइंस से पट चुका है जिसकी सफाई अति आवश्यक है ताकि जल संग्रहण हो और जल स्तर को सुधारा जा सके एवं उसका सौंदर्यीकरण किया जा सकें। . 50 बिस्तर शासकीय अस्पताल का जल्द ही 100 बिस्तर शासकीय अस्पताल के क्षमता के रूप में परिवर्तित किया जाए , तथा विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए, झरन मंदिर का जलकुण्ड सफाई एवं सौदंर्गीकरण के लिये अनुदान राशि स्वीकृत करने की कृपा करेंगें। बीएसपी द्वारा निर्मित पेलेट प्लांट में स्थानीय बेरोजगार युवको को नियुक्त करवाने के लिए विशेष प्रयास करेंगे।

# जनदर्शन में कलेक्टर शर्मा ने सुनी लोगों

## जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति मे आज मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमे जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 30 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील बेमेतरा के ग्राम खैरझिटी के समस्त ग्रामवासी ने सचिव को स्थानांतरण करने के संबंध में आवेदन दिया। बेमेतरा तहसील के ग्राम आदू के समस्त ग्रामवासी ने सरपंच द्वारा पद का दुरूपयोग करकर अनेको विकास कार्यो में पैसा गबन और परिवार के करीबी लोग के पैसे का लेन देन के संबध में आवेदन दिया। थानखम्हरिया तहसील ग्राम पदमी के निवासी टीकाराम गोंड़ ने कृषि भूमि मुआवजा राशि प्रदान किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम सोमई खुर्द के निवासी रोहितलाल साहू ने शीतला गली का नाली निर्माण कराने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील नवागढ़ ग्राम पौसरी के समस्त ग्रामवासी नें शिक्षक को स्थानांतरण करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील नवागढ़ के ग्राम नांदघाट निवासी मनीष सेवर ने अनुकम्पा नियुक्ति प्रदाय करने के संबंध में आवेदन दिया।

## गुप्त नवरात्रि व्रत पर बच्चों सहित राहगीरों को कराया भोजन



**बेमेतरा।** ऑल इंडिया नीलेश क्लब हमेशा समाज सेवा बढ़ चढ़कर करता है कल हनुमान मंदिर दक्षिण मुखी गुप्त नवरात्रि के पर्व पर नवमी का दिन बच्चों कों का खाना दिया और रहागीरों को भी नवमी के उपलक्ष में पूरी सब्जी चावल बिस्कुट बच्चों को बांटे गए इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद राघव सचिन रामेश्वर साहू शारदा तिवारी जी उमा तिवारी आरती साहू वर्षा गौतम शशि तिवारी कनक लता मिश्रा मौजूद थे धन्यवाद।

# कांवड़ यात्रियों की सेवा का सौभाग्य प्राप्त होना हमारे लिए महादेव का आशीर्वाद : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



22 जुलाई से श्रावण माह शुरू होने वाला है। कांवड़ यात्री भी प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे उल्लास व हर्ष के साथ भगवान शिवजी के प्रमुख धार्मिक स्थलों में कांवड़ में जल भरकर उनका जलाभिषेक करने पहुंचेंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कबीरधाम जिले से सैकड़ों की संख्या में कांवड़ यात्री कठिन यात्रा करके अमरकंटक में भगवान भोलेनाथ के दर्शन व जलाभिषेक के लिए पहुचेंगे। ऐसे में उनकी यात्रा को सुखद व सुगम बनाने के लिए इस वर्ष भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा 22 जुलाई से 18 अगस्त तक नवनिर्मित पालिका परिषद, अमरकंटक, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश में निशुल्क भोजन व ठहरने की व्यवस्था की गई है। आपको बताते चले कि विगत तीन वर्षों से उनके द्वारा कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए यह निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं जहां हजारों कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिला है। 16 जुलाई को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कांवड़ यात्रियों के विश्राम हेतु उक्त स्थल का निरीक्षण किया, वहां हो रही तैयारियों का जायजा उनके द्वारा लिया गया साथ ही वहां किसी भी प्रकार की कांवड़ यात्रियों व श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने के लिए समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि हमारे कबीरधाम जिले के सैकड़ों भक्तजन व कांवड़ यात्री पूरे उत्साह व भक्ति-भाव से अमरकंटक में भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन व जलाभिषेक करने के लिए जाते हैं। सैकड़ों किलोमीटर की इस कठिन यात्रा को सुगम बनाने तथा अमरकंटक जाने वाले कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों के विश्राम और सात्विक भोजन की समुचित व्यवस्था हेतु इस वर्ष भी हमने अमरकंटक में सर्वसुविधायुक्त विश्राम स्थल एवं भोजन की व्यवस्था की है। यह हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि प्रतिवर्ष हमें कांवड़ यात्रियों व भक्तजनों की सेवा करने का सौभाग्य हमें मिल रहा है। कांवड़ यात्रा निकालने से पुण्यदायी फल मिलते हैं और इस पुण्य का भागीदार बनने का सुअवसर मिलना हमारे लिए स्वयं भगवान शिव का आशीर्वाद मिलना है। कांवड़ यात्रियों की सेवा, उनके विश्राम तथा शुद्ध एवं सात्विक भोजन के लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। तय स्थान में उनके विश्राम हेतु सभी प्रकार की समुचित सुविधा उपब्ध कराई जा रही है, जहाँ वे अपनी कठिन यात्रा के बाद विश्राम कर सकते हैं। प्रतिदिन उक्त स्थान में प्रतिवर्ष की भांति भगवान भोलेनाथ की भव्य महाआरती भी की जाएगी जहां सैकड़ों की संख्या में शिवभक्तों का आगमन होता है। भावना बोहरा ने बताया कि हमारे कबीरधाम जिले के सैकड़ों श्रद्धालु कठिन यात्रा करके भगवान भोलेनाथ जी का जलाभिषेक करने के लिए अमरकंटक तक कांवड़ यात्रा लेकर जाते हैं। उनकी इस आस्था का सम्मान करते हुए और एक जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने हेतु हमने कबीरधाम जिले से कांवड़ यात्रा लेकर अमरकंटक जाने वाले कांवड़ियों के लिए नवनिर्मित पालिका परिषद, अमरकंटक में 22 जुलाई से 18 अगस्त तक ठहरने व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की है। कबीरधाम जिले से जाने वाले कांवड़ियों की सुविधा और इस कठिन यात्रा के बाद उन्हें विश्राम मिल सके इसके लिए यह व्यवस्था की है जिससे कांवड़ यात्रियों को राहत मिलेगा।हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक व पुरातन संस्कृति के संरक्षण हेतु हमसे जो भी प्रयास होगा वह हम जरुर करेंगे। आज मैंने स्थल का निरीक्षण किया वहां की तैयारियों का जायजा लेते हुए सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी को भी कोई असुविधा न हो।

# 25 टन सरिया लूटपाट मामले में रायगढ़ पुलिस को मिली अभूतपूर्व सफलता, पुलिस ने झारखंड, ओड़िसा में दबिश देकर 03 आरोपियों को दबोचा

**पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़**
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में माल-मुल्जिम की पतासाजी के दिए गए निर्देशों पर साइबर सेल और धरमजयगढ़ पुलिस की टीम को ट्रक ड्राइवर से 25 टन टीएमटी सरिया लूटपाट मामले में अभूतपूर्व सफ्लता हाथ लगी है। पुलिस टीम द्वारा ट्रक ड्राइवर से हुई लूटपाट में शामिल मुख्य साजिशकर्ता उसके एक साथी और चोरी की संपत्ति के खरीदार हार्डवेयर व्यवसायी को गिरफ्तार किया गया है जिनसे लूट का 21 टन सरिया घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर, ऑल्टो कार, 02 मोटरसाइकिल, 03 मोबाइल और लूटपाट में बंटवारे की रकम करीब ?5000 बरामद किया गया है। आरोपियों को डकैती के अपराध में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

**थाना धरमजयगढ़ में दर्ज अपराध -** घटना को लेकर 23.06.2024 को ग्राम सराईपाली गेरवानी स्थित रूपानाधाम स्टील प्रा0लि0 कंपनी पूंजीपथरा के एचआरए डिपार्टमेंट के अभिषेक उपाध्याय (उम्र 21 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22/06/2024 को स्टील प्लांट से ट्रक क्रमांक CG 15 AC-1490 में चालक मुजाहिद खान सरिया 8mm,10mm, 12mm मारूती टीएमटी कुल वजन 25 टन 50 kg लोड कर रमानुजनगर, सूरजपुर के लिए रवाना किया गया था। अंतिम बार ड्रायवर ने धरमजयगढ सिसरिंगा घाटी पहुंचना बताया था जिसके बाद उसका मोबाइल स्वीच ऑफ आया। उक्त ट्रक में लोड सरिया के लूट की रिपोर्ट पर अप.क्र 169/2024 अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया।

**पुलिस टीम की जांच पड़ताल और दबिश-** थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा ट्रक ड्रायवर के मुजाहिद खान और खलासी से पूछताछ कर बयान ली जिसमें उन्होंने बताया कि घटना दिनांक 22 जून को धरमजयगढ़ सिसरिंगा घाट के चार कि.मी. पहले चार अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा अपनी कार को ट्रक के आगे अडा कर ट्रक से ड्रायवर को उतार कर मारपीट करते हुये उसके मोबाईल को छीन कर फेंक दिये मारते-पीटते अपने साथ काला कलर के कार में हाथ, आंख में पट्टी बांधकर ले गये और सरिया से भरा ट्रक को लूट पीछे-पीछे लाये। आरोपियों द्वारा लगातार 4-5 घण्टा चलने के बाद एक सुनसान जंगल में कमरे में बंधक बनाकर दिनभर रखे रहे और 23 जून की रात्रि करीब 09:15 बजे करमडीह उडीसा में रोड किनारे उनके आंखो में पट्टी बांधकर छोडे कुछ देर बाद लूट हुआ खाली ट्रक क्रमांक CG 15 AC-1490 को लेकर आये और भाग जाओ वरना मारकर फेंक देगे कहकर धमकी देकर भाग गये। प्रकरण की गंभीरता पर एसपी दिव्यांग पटेल द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामगोपाल करियरे के निर्देशन में साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में डीएसपी सिद्धांत तिवारी, टीआई धरमजयगढ़ कमला पुसाम और साइबर सेल की टीम बनाकर शीघ्र माल मुल्जिम पतासाजी के संबंध में निर्देश दिये। टीआई कमला पुसाम द्वारा ट्रक ड्रायवर के बताये तथ्यों को ध्यान में रखकर थाना में पूर्व में घटित अपराधों और इस लूटपाट के आरोपियों के तरीका-ए-वारदात का एनालिसिस की जिसमें उन्हें संदेही लोकेश यादव के इस प्रकार लूटपाट में शामिल होने की जानकारी मिली। जिसकी पुष्टि मुखबीरों से हुआ। घटना दिनांक को आरोपी लोकेश यादव उसके साथी आरोपी रूपेश यादव के साथ था। इस बड़ी लीड पर आगे बढ़ते हुए डीएसपी अभिनव और उनकी टीम द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के लिये ओड़िसा के सुन्दरगढ और झारखंड के सिमडेगा में दबिश दिया गया और आरोपी रूपेश यादव निवासी लस्सीअम्बा थाना तपकरा जशपुर को पकड़ा गया।

# कृषकों के केसीसी प्रकरण में लाए तेजी: एडीएम

## नियम विरूद्ध चलने वाले वाहनों पर करें कार्यवाही

- **जन शिकायत से संबंधित आवेदनों का तत्थयात्मक एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश, समय-सीमा की बैठक आयोजित**



**पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़**
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एडीएम संतन देवी जांगड़े ने समय-सीमा की बैठक ली। इस अवसर पर डीएफ्ओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम संतन देवी जांगडे ने कृषि, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन के केसीसी प्रकरणों के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग केसीसी निर्माण में आवश्यक प्रगति लाए। उन्होंने कृषि, मत्स्य व उद्यानिकी विभाग द्वारा विभागीय स्तर एवं बैंक में लंबित प्रकरणों को अतिशीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बैंको में आवेदनों के रिजेक्ट होने के कारण स्पष्ट करने के निर्देश अपेक्स बैंक को दिए ताकि किसानों के आवेदनों में किसी प्रकार की गलती ना हो। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग द्वारा पॉम आयल क्षेत्राविस्तार हेतु भूमि चिन्हांकन के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि सभी विकासखंड से भूमि चिन्हांकन कर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने जिले में खाद की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होने एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि खाद की कमी होने पर त्वरित उसकी जानकारी उपलब्ध कराए, ताकि उन स्थानों में खाद प्राथमिकता के साथ भेजा जा सके। एडीएम जांगड़े ने खनिज विभाग द्वारा किए गए कार्यवाही की समीक्षा करते हुए अवैध उत्खनन व परिवहन पर नियमित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने खनिज, पर्यावरण व परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से वाहनों की नियमित जांच व बिना तारपोलिन ढंके चल रहे गाडियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन से जारी पत्र के अनुसार विभागों द्वारा निलंबित व लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों पर की गई कार्यवाही की जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने के निर्देश। अपर कलेक्टर जांगडे ने निगम एवं पीएचई के वाटर टैंक सफाई की स्थिति भी समीक्षा करते हुए अतिशीघ्र सफाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# चंद्रनाहूं चंद्रा समाज का नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण संपन्न हुआ

**पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर**
www.dailypioneer.com




चंद्रनाहूं चंद्रा समाज महा समिति का शपथ ग्रहण शक्ति मुख्यालय संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिव राम चंद्रा अधिवक्ता मौजूद रहेऔर उन्होंने बड़े सुंदर ढंग से अपना विचार व्यक्त करते हुए समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारी को शपथ ग्रहण कराया नंव निर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष राम रतन चंद्रा जी ने अपने तृतीय कार्यकाल को पूर्व की भांति अपने आपको समाज के लिए समर्पित करने की बात कही और समाज के आम जनों छोटे बड़ों सभी को समाज हित में महत्वपूर्ण विचार के लिए आमंत्रित किया। उन्हें पुनः निर्वाचन करने पर समस्त स्व जाति जनो का आभार प्रकट करते हुए कुछ सामाजिक घोषणा भि की 1 अब से समाज के बेटियों की शादी में समाज के तरह से शगुन के रूप 1100 रुपया प्रदान की जावेगी 2 किसी सामाजिक व्यक्ति की स्वर्गवास पर कफ्न की जगह 10 नग नारियल समाज की तरफ से प्रदान की जाएगी ।3 दशकरम को सादे से निपटाने की बात कहते हुए समाज के तरफ से 501रू चंदन पान के रूप में प्रदान किया जाएगा। उन्होंने अपने उद्बोधन में इसे पर्याप्त ना मानते हुए सिर्फएक शुरुआत की बात कही है। उन्होंने जो कही उसमें समाज में किसी प्रकार की भेदभाव सामाजिक व्यक्तियों में कभी नहीं की जाएगी तथा समस्त जनो जैसे एक सूत्र में बांधकर समाज में शांति और विकास लाया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय समिति प्रतिबद्ध होगी ।उन्होंने अपने उद्बोधन में बोला कि कोरबा ,रायपुर ,सारंगढ़ मे भव्य भवन निर्माण करने के लिए भरपुर प्रयास किया जाएगा।

# रामकिशोर सिंह के स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप 50 नीम के पौधों के रोपण के साथ सुघ्घर मुंगेली अभियान प्रारंभ हुवा

**पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली**
www.dailypioneer.com



स्टार्स ऑफटुमॉरो वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली अभियान के आठवें वर्ष का शुरुआत ष्आगर प्राण वायु परिसर में कुछ दिन पूर्व निधन हुवे टीम के सदस्य रामकिशोर सिंह के स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप 50 नीम के पौधों के रोपण के साथ प्रारंभ हुवा। कहते हैं अगर कोई काम शिद्दत से करो तो कायनात की सारी शक्ति उस काम को सफ्ल बनाने में लग जाती है और इस कथन को सही कर दिखाया है स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी की टीम ने जिनके सात वर्षों के अथक प्रयास ने मुंगेली जिले को फिर से हरा भरा कर दिया है। दिन ब दिन बढ़ते तापमान और घटते जलस्तर को देखते हुवे इस संस्था ने 2017 से वृक्षारोपण अभियान श्हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेलीश् की शुरुआत की थी जिसके प्रभाव से आज मुंगेली शहर सहित आसपास के विभिन्न गांवों को भी इस हरित टीम ने अपने इस नेक अभियान से हराभरा बना दिया है। इस अभियान के उद्देश्य को बताते हुवे संस्था के संयोजक रामपाल सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुसार एक इंसान अपने पूरे जीवन काल में सोलह पेड़ो से निकले आक्सीजन का उपयोग करता है इस हिसाब से देखें तो हम पर सोलह पेडों का कर्ज है इस हिसाब से हमें अपने मौलिक कर्तव्यों को निभाते हुवे कम से कम सोलह पेंड जरूर लगाने चाहिए और हम इस अभियान के माध्यम से लोगों को यही जागरूकता का संदेश देना चाहते हैं। संस्था के सह संयोजक रामशरण यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए विगत कई वर्षों से किया जा रहा टीम का यह अभियान पूरे मुंगेली के लिए एक वरदान है हम सबको भी इनसे अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना चाहते है।

# विश्व सांप दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने वन विभाग के 04 कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया

**पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली**
www.dailypioneer.com



विश्व सांप दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने वन विभाग के 04 कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में उन्होंने स्नेक रेस्क्यू दल के कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि 16 जुलाई को दुनिया भर में सांप की प्रजातियों की विस्तृत विविधता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ल्ड स्नेक डे के रूप में मनाया जाता है। सांप हमारे परिस्थितिक तंत्र का हिस्सा है। कहीं भी सांप दिखे, तो उसे मारे नहीं, बल्कि जिला प्रशासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर पर संपर्क कर जानकारी अवश्य दें, जिससे स्नेक रेस्क्यू टीम वहां तत्परता के साथ पहुंचकर सांप को सुरक्षित स्थान पर छोड़ सकें। जिला वन मण्डलाधिकारी संजय यादव ने बताया कि विश्व सांप दिवस पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने और संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देने में सांपों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक करता है। उन्होंने बताया कि जिले में बारिश के दिनों में घर में निकलने वाले सांपो के रेस्क्यू के लिए दल गठित किया गया है। कोई भी व्यक्ति हेल्पलाइन नंबर 94062-75514 पर संपर्क कर सकते है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर अजीत पुजारी, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की

**पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली**
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों को ओडीएफ मॉडल की ओर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हुए कार्यों में तेजी लाने तथा प्रत्येक गांव में कार्ययोजना बनाकर कचरा कलेक्शन करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने जिले में संचालित शाला भवनों की स्थिति की भी समीक्षा की तथा जर्जर शाला भवनों के तत्काल मरम्मत एवं ऐसे भवनों में कक्षाएं संचालित नहीं करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन अभियंता को शाला भवनों के मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर प्रतिवेदन देने भी कहा ताकि निर्माण कार्यों में पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित किया जा सके। विद्युत विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर देव ने कहा कि झूलते एवं खुले तारों से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इसलिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर इसे तत्काल ठीक करें। कलेक्टर ने जिले में जर्जर सड़कों की जानकारी लेते हुए शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता से जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों में तेजी लाने तथा टंकियों की पर्याप्त साफ -सफाई करवाने के लिए कहा, ताकि डायरिया फैलने की आशंका न रहे। उन्होंने एसडीएम एवं संबंधित अधिकारियों को बारिश में जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करने एवं अतिक्रमण रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

# बालक- बालिका छात्रावास के जगह को संशोधित कर जिला मुख्यालय मुंगेली में करने ज्ञापन सौंपा गया

**पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली**
www.dailypioneer.com



जिले के विकास खंड पथरिया के सरगॉव में रानी दुर्गावती बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे राज्य के आदिवासी कद्दावर नेता व आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम का केंद्रीय गोंड महासभा मुंगेली जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र मरावी सहित जिला पदाधिकारियों के द्वारा आतिशी स्वागत करते हुए लोरमी के खुड़िया में स्वीकृत 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक बालक/ बालिका छात्रावास के जगह को संशोधित कर जिला मुख्यालय मुंगेली में करने ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि आदिवासी बालक बालिकाओं को उच्च शिक्षा सुविधा प्रदान करने शासन की उच्च दूरदर्शी सोच है जिसके कारण आदिवासी अंचल के मुख्यालय में प्री. मेट्रिक व पोस्ट मेट्रिक छात्रावास खोला जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला मुंगेली में प्री मेट्रिक छात्रावास लगभग 50 वर्षो से संचालित है वही बालक बालिकाओं की संख्या होने के बावजूद आज पर्यंत तक पोस्ट मेट्रिक छात्रावास नहीं खुल सका है जिसके कारण आदिवासी बालक/ बालिका आगे की पढ़ाई करने से वंचित हो रहे हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए केन्द्रीय गोंड महासभा के द्वारा शासन प्रशासन से मुंगेली में पोस्ट मेट्रिक बालक/ बालिका छात्रावास की मांग की गई थी जिस पर संयुक्त सचिव छ. ग. शासन का आदेश क्र./ एफ- 16- 97/ 2023/ 25 - 2/ 26. 09. 2023 के आदेश के अनुसार आदिम जाति तथा अनु. जाति विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर रायपुर के द्वारा जिले के खुड़िया में नवीन प्री मेट्रिक, पोस्ट मेट्रिक बालक बालिका छात्रावास खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इस पत्र के पालनार्थ कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) मुंगेली द्वारा भी जिला मुंगेली के ग्राम खुड़िया में पोस्ट मेट्रिक बालक, पोस्ट मेट्रिक बालिका व प्री मेट्रिक बालक व प्री मेट्रिक बालिका छात्रावास 50- 50 सीटर खोले जाने आदेशित किया।

# सात सूत्रीय मांग को लेकर सौपा ज्ञापन

**पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली**
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार पदोन्नति में आरक्षण पर मौन, आरक्षण बगैर 2019 में लाखो पदो पर तथा वर्तमान में पदोन्नति देने की कारवाई से राज्य के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के अधिकारी व कर्मचारी चिंचित व आक्रोशित है इसलिए गवर्नमेंट एमप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आह्वान पर प्रथम चरण की आंदोलन में पदोन्नति में आरक्षण सहित अपनी सात सूत्रीय मांग को लेकर चारो बलाक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से मुख्यमंत्री,मुख्य सचिव, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के नाम ज्ञापन सौपा गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश घोसले जिला संयोजक मनीराम ध्रुव उपाध्यक्ष सनत बंजारे, बसंत बंजारे एवं जिलाध्यक्ष संतोष सोनकर ने बताया कि यदि शासन हमारी मांग पर उचित निर्णय नही लेती है तो दूसरे चरण की आंदोलन 22 जुलाई को जिला मुख्यालय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के ज्ञापन सौपा जायेगा। हमारे प्रमुख मांग में- पदोन्नति में आरक्षण बहाल तक पदोन्नति पर रोक लगाने, और आरक्षण को संविधान के नौवीं अनुसूची में शामिल करने विधान सभा में प्रस्ताव पारित किया जाए, शिक्षक एल. बी .संवर्ग को पुरानी पेंशन का लाभ देने 30वर्ष की सेवा शर्ते को घटाकर 5 वर्ष किया जाए, बस्तर एवं सरगुजा संभाग में स्थानीय भर्ती में आरक्षण को पुनः बहाल किया जाए, फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने वाले के विरूद्ध समयबद्ध जाँच व कार्यवाही करने। स्थानांतरण से प्रभावित शिक्षक एल. बी. संवर्ग के वरिष्ठता संबंधी निर्देश को सामान्य प्रशासन विभाग से मार्गदर्शन /अभिमत पश्चात ही पदोन्नति करने। राज्य निर्माण से लेकर अभी तक लंबित बैकलांगपदों की पूर्ति हेतु विशेष अभियान चलाया जाए एवं पदोन्नति से वंचित शिक्षक एल.बी.संवर्ग को नियुक्ति तिथि से गणना कर मध्य प्रदेश की भाँति समयमान /क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए शामिल है। पथरिया में विजय मारखंडे,शशि भास्कर मूँगेली में लंकेश पटले व लोरमी में मोहर बघेल शेर दास बंजारे सिद्द राम भास्कर, सुर्य कांत कुर्रे उपाध्यक्ष सचिव फलित घृतलहरे सह सचिव अशोक अंचल देव प्रसाद बर्मन दिलीप काठले दिलेश घृतलहरे नरेंद्र भार्गव दिलीप जाटवर ,मीन दास पात्रे गणपत घृतलहरे रोहित डिंडोरे के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौपा गया।

**सबूत पाये से विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया**

# डोंगाकोहरौद में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को 3 दिवस के अंदर सुलझाने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चाम्पा**
www.dailypioneer.com



डोंगाकोहरौद में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को 03 दिवस के अंदर सुलझाने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता। थाना पामगढ़ पुलिस को 13.07.2024 को सूचना मिला कि मृतक मनोज नट पिता स्व. महेत्तर नट उम्र 40 वर्ष निवासी डोंगाकोहरौद को अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार एवं नोकदार वस्तु से प्राणघातक हमला कर हत्या कर दिया है कि सूचना पर थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल घटना स्थल पर जाकर निरीक्षण किया जाकर प्रार्थी मृतक के पुत्र मुकेश नट निवासी डोंगाकोहरौद की रिपोर्ट थाना पामगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 271/2024 धारा 103 बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया। हत्या जैसे मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित किया जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में डॉग स्क्वाड, फोरेंसिक टीम से सहयोग प्राप्त कर घटना स्थल निरीक्षण कर शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्डम कराया गया मृतक के परिजनो एवं गवाहों का कथन लिया गया जांच पर पाया गया कि मृतक मनोज नट पिता स्व. महेत्तर नट उम्र 40 वर्ष साकिन डोंगाकोहरौद थाना पामगढ का खेल तमाशा दिखाकर पैसे मांगकर जीवन यापन करता था। मृतक शराब पीने का आदी था प्रतिदिन शराब पीता था और पत्नी एवं बच्चो से लड़ाई झगड़ा करता था और उसके पास पैसे नही रहता था तो शराब पीने के लिये घर में पैसे मांगता था नही देने पर छीन लेता था और मारपीट करता था जिसके कारण उसकी पत्नी आरोपीया अंजू नट उर्फ कोंदी काफी परेशान रहती थी। आरोपीया अंजू नट को तलब किया गया जो गुंगी बहरी (श्रवण बाधित) होने से श्रवण बाधित विशेषज्ञ रामायण कुर्रे एवं मृतक का बेटा मुकेश नट अनुवादक (ट्रास्लेट) के समक्ष पुछताछ किया गया जो अपनी ईशारो मे बताई कि दिनांक 12.07.24 को शाम को मृतक मनोज नट गाव के बाजार में सब्जी मांगने गया था। जन्हा से सब्जी भाजी व दो पाव शराब अपने साथ में लेकर आया था और रात्रि मे घर मे शराब पीकर खाट के नीचे जाकर सो गया बाद में मृतक मनोज नट उठा और अपनी पत्नी आरोपीया अंजू नट से झगड़ा लड़ाई किया जिससे क्षुब्ध होकर गुस्से मे आरोपीयो द्वारा अपनी पति को जान सहित मारने के लिये घर में रखे लोहे के हथौड़ी को अपने पास साड़ी मे छुपाकर रखी और अपने पति को दिशा मैदान जाना है कहकर रात्रि मे उठाकर अपने साथ में लेकर घर के सामने गली से होते जोखिया तालाब पार के पास गई और वही पर दिशा मैदान की और मृतक मनोज नट जो सुअर बाड़ा के पास खड़ा था तभी आरोपीया उसे जमीन पर धक्का देकर गिरायी और मृतक मनोज नट को हाथ में रखे हथौड़ा से उसके सिर में तीन बार मारी तो वह छटपटा रहा था फिर आरोपीया हथौड़ा को अपने घर ले जाकर थैला मे रखी और उसी थैला से एक चाकू लेकर घर से दौड़कर अपने पति मृतक के पास गई और उसी चाकू से आरोपीया द्वारा उसके गले मे ताबड़तोड़ हमला कर (मारकर) हत्या कर दिया और चाकू को जोखिया तालाब के गहरे पानी मे फेक दिया उसके बाद अपने पति मृतक मुकेश नट के एक पैर को पकड़कर घसीटते हुये कुछ दूरी पर जोखिया तालाब पार के नीचे में रख दिया। जो समक्ष गवाहो के मेमोरण्डम कथन लेखकर आरोपीया के निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक नग लोहे का हथौड़ी को बरामद किया गया है। तथा आरोपीया के विरूद्ध अपराध धारा सदर का घटित करना सबूत पाये से विधिवत् गिरफ्तार 15.07.2024 कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

उक्त कार्यवाही मे उप पुलिस अधीक्षक अनिल कुर्रे, उनि मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़, सउनि रामदुलार साहू, म.प्र.आर. बालमती यादव, आर. श्याम ओग्रे, भुवनेश्वर साहू, टिकेश्वर राठौर, सीताराम सूर्यवंशी एवं थाना पामगढ़ स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**
**eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्रमांक 155971/निविदा सूचना क्रं. 01/वलेलि/2024-25, छुईखदान, दिनांक 12.07.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **02.08.2024 17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :** खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के विकासखण्ड छुईखदान की सुरही नदी पर गोकना एनीकट कम काजवे निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत : रू. **725.34 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **19.07.2024** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, छुईखदान**
**कृते- मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**


**G-242501076/8**

# कुम्हारी में वार्ड परिसीमन को लेकर नगर में हुई राजनीति तेज

## कुम्हारी में वार्ड परिसीमन को लेकर घमासान, कांग्रेस की आपत्ति कई वार्डवासियों का भी विरोध

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड परिसीमन को लेकर नगर में राजनीति तेज हो गई है। नगर में वार्डों की सीमाओं की अदला बदली को लेकर विपक्ष की नाराजगी सामने आने लगी है । कांग्रेस वार्ड परिसीमन के विरोध में खड़ी है तो भाजपा मतदान केंद्रों में मतदाताओं को हो रही समस्या व वार्डों में समुचित विकास को लेकर व 2019 में हुए परिसीमन में विसंगतियों को दूर करने के लिए परिसीमन के पक्ष में नजर आ रही है । बात दे कि कुम्हारी नगर पालिका में 24 वार्ड हैं इन 24 वार्डों में नए सिरे से परिसीमन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है शासन प्रशासन ने इसकी तैयारी कर ली है लेकिन इससे पहले एक नया विवाद




भी खड़ा हो गया है नए परिसीमन को लेकर कुम्हारी नगर पालिका के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर और कांग्रेसी पार्षदों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि जब साल 2011 को आधार बनाकर साल 2019 में वार्डों का परिसीमन किया गया अब 2024 में किस आधार पर एक बार फिर वार्डो का परिसीमन किया जा रहा है जबकि परिसीमन के पूर्व जनगणना करना था। पालिका अध्यक्ष ने कहा की यह परिसीमन जन भावनाओं के विपरीत किया गया है जिसकी सूचना या आदेश पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं किसी भी विपक्षी पार्षदों नहीं दी गई साथ ही नगर के किसी भी नागरिक ने पालिका के किसी भी सर्वेक्षक को वार्डो का सर्वे करते हुए या पंचनामा बनाते नहीं देखा, लगता है सत्ताधारी दल के कार्यालय से परिसीमन को लेकर जो प्रस्ताव आया है उसे नगर पालिका प्रशासन ने बंद कमरे में सील मोहर लगाकर स्वीकृति दे दी है। हालांकि जन भावनाओं के विपरीत हुए परिसीमन से एवं परिसीमन पूर्ण जानकारी नहीं दिए जाने से पालिकाध्यक्ष ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र जारी कर इसकी जानकारी मांगी है। इसके साथ ही दावा आपत्ति के अंतिम दिवस में कलेक्टर व सम्बंधित विभागों को आपत्ति पत्र दिया है। वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने आरोप लगाया है कि प्रशासन द्वारा परिसीमन में घोर लापरवाही बरती गई है चाहे वार्डो की सीमा में हो या मतदाताओं के विभाजन से नागरिकों को भारी समस्या होने वाली है परिसीमन से प्रभावित नागरिकों के सरकारी दस्तावेजों में अब वार्ड क्रमांक के बदलाव से आमजन को जो परेशानी आयेगी वह सर्वविदित है। पार्षद थनेश पटेल का कहना है कि परिसीमन से मेरे स्वयं का वार्ड क्रमांक 3 अस्तित्व से बाहर हो गया है। वार्ड के मतदाताओं को वार्ड 5 व वार्ड 2 में विलय कर दिया गया है, वहीं वार्ड 13 के नए परिसीमन में दो गांवों को जोड़कर रहवासियों के लिए और समस्या उत्पन्न कर दी गई है। वार्ड 13 की स्थिति यह है कि इसका कुछ हिस्सा ग्राम परसदा एवं कुछ हिस्सा कुम्हारी क्षेत्र में आ गया जिससे लोगों को राजस्व सम्बंधित कार्य हेतु भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### वार्ड क्रमांक 18 के वार्डवासियों ने भी हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा

इसी विषय को लेकर वार्ड क्रमांक 18 के वार्ड वासियों द्वारा 10 जुलाई को दिए गए ज्ञापन में नए वार्ड परिसीमन को लेकर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया हस्ताक्षर युक्त सौंपे गए ज्ञापन में चार बिंदुओं में परिसीमन से होने वाले समस्याओं को रेखांकित किया गया जिसमें बताया गया है कि वार्ड का परिसीमन वर्ष 2011- 12 को आधार मानकर वर्ष 2019 में किया गया था नए परिसीमन में वार्डों के बदलाव से भविष्य में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वार्डों के विभाजन से परिवारों का भी बंटवारा हो गया है जो कि कष्ट दायक है । वार्ड परिसीमन में दावा, आपत्ति की तिथि 15 जुलाई से बढ़ाकर 22 जुलाई नियत किया गया है ।

शासन द्वारा जारी अधिपत्र के अनुसार कलेक्टर दुर्ग द्वारा प्रकाशन कराया गया जिसके अनुसार वार्डों का परिसीमन कराया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन को इस कार्य में जनसंख्या व सीमाओं की जानकारी देने हेतु आदेशित किया गया है । इसमें हमारी अन्य कोई भूमिका नहीं है।

**नेतराम चंद्राकर**
**मुख्य कार्य पालन अधिकारी नगरपालिका परिषद कुम्हारी**

पूर्व में कांग्रेस सरकार के द्वारा नगर पालिका परिषद कुम्हारी का जो परिसीमन कराया गया था उसमें बहुत सी विसंगतियां थी। वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार पुनः परिसीमन कराया जा रहा है उसमे उन विसंगतियों को दूर किया गया है ।

**-लोकेश साहू**
**नेता प्रतिपक्ष**

## निगम जोन 5 ने गोवर्धन चौक में रहवासी क्षेत्र की डेयरी में 15 मवेशियों को जप्त किया, डेयरी संचालकों को स्वत: डेयरी निगम सीमा से बाहर शिफ्ट करने 15 दिनों का समय दिया





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी जोनों द्वारा रहवासी क्षेत्र में संचालित डेयरियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, ताकि गंदगी और प्रदूषण की जनशिकायतों का निदान किया जा सके. इस क्रम में आज नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही एवं जोन 5 जोन कमिश्नर विमल शर्मा के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप भारती, प्रेम मानिकपुरी की उपस्थिति में नगर निगम जोन 5 के अंतर्गत गोवर्धन चौक रहवासी क्षेत्र में संचालित डेयरी संचालक संजय यदु और शत्रुहन यदु की डेयरी पर कार्यवाही कर डेयरी से 15 मवेशियों को जप्त कर लिया गय. सम्बंधित डेयरी संचालकों को 15 दिनों का समय अपनी डेयरी को स्वतः होकर नगर निगम सीमा क्षेत्र के बाहर शिफ्ट करने हेतु नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी और जोन 5 जोन कमिश्नर ने दिया है, अन्यथा की स्थिति में नगर निगम जोन 5 द्वारा अभियान चलाकर डेयरी के मवेशियों को जप्त कर डेयरी को सीलबंद करने की कार्यवाही की जाएगी।

## विप्र कॉलेज का 29 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से हुआ, संपन्न

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन शिक्षण समिति द्वारा आयोजित स्थापना दिवस समारोह सिद्धिविनायक मंदिर में आचार्य ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद जी महाराज (प्रमुख शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर) के सानिध्य में मोदक अर्चन , दूब अर्चन एवं हवन-पूजन मंत्रोच्चार और वैदिक रीति रिवाज से संपन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र महाविद्यालय का 29 वां स्थापना दिवस, विप्र पब्लिक स्कूल का सातवां स्थापना दिवस एवं सिद्धिविनायक मंदिर का छठवां स्थापना दिवस समारोह आचार्य धर्मेंद्र महाराज, महेंद्र महाराज के निर्देशन में सिद्धिविनायक को मोदक, व दूब अर्चन व हवन तथा ब्रह्मचारी डॉ इंदुभवा नंद महाराज के आशीर्वचन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा , अविनाश शुक्ला, आनंद पांडेय, भूपेंद्र शर्मा ,रविंद्र मिश्रा,सुनील पाण्डेय,प्रकाश तिवारी एवं संजय दीवान एवं विप्र समाज के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विप्र महाविद्यालय एवं विप्र पब्लिक स्कूल के समस्त प्राध्यापक गण और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भी स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित होकर आचार्य डॉ. इंदुभवानंद जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।



# बिजली कंपनी में फर्जी भर्ती के नाम पर ठगी की कोशिश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में विभिन्न पदों के लिए फर्जी भर्ती की सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देकर ठगी करने का प्रयास कतिपय लोगों व्दारा किया जा रहा है। इसकी जानकारी होने के बाद कंपनी प्रबंधन ने आगाह किया है कि ऐसे फर्जी विज्ञापनों पर ध्यान न दें। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कतिपय लोगों व्दारा फर्जी जानकारी देकर छात्रों को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। पॉवर कंपनी ने इस तरह का कोई विज्ञापन जारी नहीं किया है और न ही इस तरह के पदनाम से कोई सीधी भर्ती होती है। ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ शासन और सीएसपीडीसीएल का अधिकृत लोगो (प्रतीक चिन्ह) का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ बिजली विभाग भर्ती 2024 के नाम से फर्जी जानकारी साझा की जा रही है, यह पूरी तरह भ्रामक है। वर्मा ने सर्वसाधारण को आगाह किया है कि इस तरह के फर्जी व भ्रामक विज्ञापन के झांसे में न आएं। किसी के व्दारा इसे लेकर पैसे मांगे जाते हैं तो पुलिस में शिकायत करें। पॉवर कंपनी में सभी भर्तियां विधिवत प्रक्रिया के तहत पूरी की जाती है, जिसके लिए समाचार पत्रों में अधिकृत विज्ञापन किये जाते हैं।




# Motorola ने लॉन्च किया razr 50 ultra

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

Motorola ने लॉन्च किया razr 50 ultra; इस फ़ोन के सबसे बड़े और सबसे इंटेलीजेंट बाहरी डिस्प्ले ने भारत में फोल्डेबल स्मार्टफोन बाजार में खलबली मचा दी है, बाहरी डिस्प्ले से सीधे Google के जेमिनी - एक व्यक्तिगत AI सहायक - तक पहुंच प्रदान करने वाला एकमात्र फ्लिप फोन - प्री-रिजर्व 10 जुलाई 2024 से शुरू होगा!

जुलाई 2024: मोबाइल तकनीक और नवाचार में वैश्विक अग्रणी, मोटोरोला ने आज फोल्डेबल स्मार्टफोन तकनीक में एक बार फिर से बदलाव करते हुए अपने razr फ्रेंचाइजी के सबसे उन्नत स्मार्टफोन, मोटोरोला razr 50 अल्ट्रा को लॉन्च किया है। यह फ्लिप फोन मोटोरोला की विकास और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें विभिन्न उद्योग अग्रणी विशेषताएँ जैसे कि किसी भी फ्लिप फोन की सबसे बड़ी, सबसे इंटेलीजेंट बाहरी डिस्प्ले शामिल हैं।

कल्पना कीजिए एक ऐसी दुनिया की जहाँ आपका स्मार्टफोन केवल एक डिवाइस नहीं, बल्कि एक व्यक्तिगत सहायक, क्रिएटिव स्टूडियो और उत्पादकता का पावरहाउस हो। गूगल के साथ मिलकर, मोटोरोला ने नए मोटोरोला razr 50 अल्ट्रा में AI-संचालित अनुभव और सुविधाजनक सुविधाएँ लाकर इस विज़न को वास्तविकता में बदल दिया है।

पहली बार, razr उपयोगकर्ता बाहरी डिस्प्ले से सीधे Gemini[1] को एक्सेस कर सकते हैं। Google की Gemini ऐप एक व्यक्तिगत एआई सहायक है जो आपकी रचनात्मकता और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। चाहे उपयोगकर्ताओं को किसी नए प्रोजेक्ट के लिए चरण-दर-चरण निर्देश चाहिए हों, यात्राओं और गतिविधियों की योजना बनाने में मदद चाहिए, या धन्यवाद पत्र या ईमेल लिखने में सहायता चाहिए हो। Gemini दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए विचार मंथन में मदद कर सकती है और Google ऐप्स और सेवाओं जैसे मैप्स, यूट्यूब, फ्लाइट्स, जीमेल और ड्राइव से आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकती है। Gemini हमेशा समर्थन प्रदान करने के लिए वहाँ पर है।

## साधुमार्गी जैन संघ की साध्वीयों का चातुर्मास प्रवेश समता परिसर अमलीडीह मे हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर शहर के समता परिसर अमलीडीह स्थित परिसर में दिनांक 15 जुलाई को अपराह्न 2.15 बजे अरिहंत हाईटस भैरव सोसाइटी से आचार्य रामलाल जी म.सा. एवं उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि जी की आज्ञानुवर्तनी सुशिष्या महासती सुयशा जी म. सा. एवं महासती जयप्रज्ञा जी म. सा. आदि 5 का चातुर्मास हेतु प्रवेश सकल जैन समाज की उपस्थिति में आनंद और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

चातुर्मास प्रवेश स्थल समता परिसर में प्रवेश के दोरान संघ की महिलाओं के द्वारा प्रवेश मंगल गीत प्रस्तुत किया गया उपरांत साध्वी द्वय ने अपने संक्षिप्त प्रवंचन मे चातुर्मास काल में धर्म आराधना क्यूँ की जाती हैं के बारे में विस्तृत जानकारी दी संघ की ओर से कार्यक्रम का संचालन अमित सेठिया ने किया प्रवेश अवसर पर दुर्ग, धमतरी, राजिम, महासमुंद, राजनांदगांव आदि क्षेत्रों से भी लोगों की उपस्थिति रही

## बेटी बचाओ मंच टिकरापारा ने किया पौधारोपण



**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच टिकरापारा ने सरजू बांधा तालाब कब्रिस्तान के मैदान में पौधारोपण किया । आम ,जामुन, आंवला, नीम, पीपल, नारियल सहित फूल व फल वाले 31 पौधों का रोपण किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि कब्रिस्तान में आने वालों की सुविधा के लिए फलदार, छायादार तथा खुशबूदार फूलों वाले बड़े पेड़ लगाए गए। मुख्य रूप से ललित मिश्रा, अंजली यदु, सुप्रिया धुवारे, लता चंद्राकर, नीतू साहू, प्रीति मिश्रा सहित पदाधिकारी शामिल हुए।

## विकसित भारत डिजिटल साक्षरता के रूप में, MATS यूनिवर्सिटी ने अकोली कला गांव में एक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



विकसित भारत डिजिटल साक्षरता पहल के हिस्से के रूप में, MATS यूनिवर्सिटी ने 10 जुलाई 2024 को अकोली कला गांव में एक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता को बढ़ाना और ग्रामीणों के बीच प्रौद्योगिकी के लाभों को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में अकोली कला गांव के सरपंच, अकोली कला स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित कई प्रतिष्ठित अतिथि और संकाय सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का समन्वय और प्रबंधन MSIT विभाग के संकाय अमित साहू, सुहेमलता पटेल और दिग्विजय सिंह द्वारा किया गया था। MATS स्कूल ऑफआईटी के संकाय सदस्यों ने छात्रों के साथ बुनियादी कंप्यूटर कौशल, इंटरनेट उपयोग और डिजिटल साक्षरता के महत्व पर इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए। अमित साहू ने ग्रामीणों को कंप्यूटर और स्मार्टफोन के उपयोग की बुनियादी बातों से परिचित कराया, सुहेमलता पटेल ने दैनिक जीवन के लिए लाभदायक विभिन्न डिजिटल उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग का प्रदर्शन किया और दिग्विजय सिंह ने शिक्षा, रोजगार के अवसरों और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार के लिए डिजिटल साक्षरता की क्षमता पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में कुल 100 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें स्थानीय स्कूल के 75 छात्र और MATS स्कूल ऑफ आईटी के 25 छात्र शामिल थे।MATS विश्वविद्यालय ने छात्रों को कार्यक्रम के बाद उनकी सीखने की यात्रा जारी रखने में मदद करने के लिए स्टेशनरी सहित शैक्षिक सामग्री वितरित की।

## नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने गौ वंश की बचाई जान

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



मानवता ही सेवा भावना का प्रमुख अंश है । किसी भी प्राणी की सुरक्षा व सेवा से मानव धर्म की अनुभुति होती है ,इसे चरितार्थ करते हुए रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने गड्ढे में गिरे गौ वंश का जान बचाते हुए सुरक्षित निकालकर मानवता का परिचय दिया है । बीते दिन नगर के नवनिर्मित मकान में सेफ्टी टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में गौवंश गिर गया ,जिसकी खबर लगते ही तिल्दा-नेवरा नगर के नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने आनन-फानन में गौ वंश को गड्ढे से सुरक्षित निकालने हेतु भागा भागा मौके पर पहूंचकर अविलंब जे सी बी के माध्यम से गौ वंश को निकालकर किसी भी प्राणी के प्रति उदारवादी का प्रेरणा दिया ,यही नही नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने बकायदा गौ वंश को सुरक्षित निकालकर भोजन कराया , नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी की इस नेक काम को शुभचिंतकों ने काफी सराहा है ।

## स्व. बिंदेश्वरी महाविद्यालय में अध्यापन व्यवस्था हेतु रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

स्व. बिंदेश्वरी महाविद्यालय में अध्यापन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित किए जाने के उद्देश्य से आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेशानुसार अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के अंतर्गत महाविद्यालय में रिक्त सहायक प्राध्यापक पद / अतिथि ग्रंथपाल / अतिथि कीड़ा अधिकारी के विरुद्ध अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक / अतिथि ग्रंथपाल/अतिथि कीड़ा अधिकारी हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है । इसकी जानकारी देते हुए प्राचार्या डॉ रीना मजूमदार ने कहा कि इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार दिनांक 25.07.2024 सायं 5:00 बजे तक पंजीकृत डाक से अथवा स्वयं महाविद्यालय के कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं । सम्पूर्ण योग्यता तथा चयन प्रक्रिया अतिथि व्याख्याता नीति-2024 के परिपालन में किया जायेगा । अतिथि व्याख्याता नीति-2024 का अध्ययन महाविद्यालय के सूचना पटल से किया जा सकता है ।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 965/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 16/07/2024

आवेदिका लक्ष्मी गुप्ता पति नरेश गुप्ता निवासी ग्राम पोस्ट आफिस के पास सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 443/10 रकबा 0.0134 हैं. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 31/02/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 965/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 16/07/2024

आवेदिका कल्पना पति कमलेश जोगी निवासी ग्राम रानी सागर गली सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 443/12 रकबा 0.0265 हैं. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 31/02/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 । फैक्सः +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV (नियम 8(1)**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित), का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता और गारंटर को एक मांग नोटिस जारी किया गया था, जिसमें मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि और भविष्य का ब्याज एवं अन्य प्रभार उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।
उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का कब्जा उक्त नियमों 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित दिनांकों सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

| ऋण खाता नं. | कर्जदार/सह-कर्जदार और गारंटर का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना | | कब्जे की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | तिथि | बकाया राशि (रु.) | |
| 41273484 | 1. कमल किशोर कश्यप 2. गुरबरी बाई कश्यप | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका क्षेत्रफल 0.06 एकड़/0.024 हैक्ट. (243 वर्ग मी.) ओल्ड खसरा नं. 2635/3 का हिस्सा, नया खसरा नं. 2635/5, ग्रामः कटौद, पी.एच. नं.27, आर.एन.एम.-शिवरीनारायण, पुरानी तहसीलः नवागढ़, न्यू तहसीलः शिवरीनारायण, जिलाः जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़-495557 और चौहद्दीः पूरब में - मोहन का खेत, पश्चिम में - सड़क, उत्तर में - विक्रेता की भूमि, दक्षिण में - आयकर विभाग | 30.03.2024 | रु. 7,07,349.27/- | 11-07-2024 सांकेतिक कब्जा |
| 77996153 | 1. संतोष साहू 2. सावित्री बाई 3. सावित्री बाई 4. तुलमती साहू | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका सम्पत्ति क्षेत्रफल 0.025 हैक्ट. जोकि खसरा नं. 542/1, गांवः बिलासपुर, पीएच नं. 40, ओल्ड आरएनएम-भटगांव, नया आरएनएम-बिलासपुर, तहसील-बिलाईगढ़, जिला-बलौदाबाजार भाटापारा, छत्तीसगढ़-493559, और चौहद्दीः पूरब में - मेन रोड, पश्चिम में - लेखराम का मकान, उत्तर में - रामेश्वर का मकान, दक्षिण में - कार्तिक राम का मकान | 29.12.2023 | रु. 12,13,388.77 | 11-07-2024 सांकेतिक कब्जा |

उधारकर्ता /सह-उधारकर्ता/गारंटर्स को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार वास्ते मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि और भुगतान की तिथि तक भविष्य का ब्याज एवं अन्य प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
दिनांकः 11.07.2024
स्थानः छत्तीसगढ़

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् बलरामपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
cmobalrampur123@gmail.com

क्रमांक/876/लो.नि.शा./न.पा.प./2024 बलरामपुर, दिनांक 16/07/2024

**// मैनुवल निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मैनुअल पद्धति से स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा त्रिलिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 05/08/2024 को सायं 05:00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि - 06/08/2024 को सायं 05:00 बजे तक।
3. निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 09/08/2024 को सायं 05:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 12/08/2024 को दोपहर 02:00 बजे।

| क्र. | कार्य का नाम | तकनीकी स्वीकृत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद बलरामपुर में प्लेसमेन्ट कर्मचारियों/श्रमिक प्रदाय हेतु | 19.90 | 15000.00 | 750.00 |
| 2 | वार्ड क्रमांक 01 में कार्यालय भवन एवं विभिन्न मरम्मत कार्य। | 19.14 | 15000.00 | 750.00 |
| 3 | वार्ड क्रमांक 07 में बस स्टॉप निर्माण कार्य। | 7.51 | 6000.00 | 750.00 |


नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में अवलोकन किया जा सकता है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बलरामपुर**
**जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

# 100 प्रतिशत आरक्षण पूरा हुआ बगैर फिर परिसीमन 23 वार्डों की सीमाएं बदली एक नया वार्ड भी बनाया, आरक्षण के पेंच में कईयों के फंसने के आसार

## 22 जुलाई तक मंगाई गई दावा आपत्ति, 25 को शासन को भेजी जाएगी रिपोर्ट

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com






परिसीमन का चरण पूरा होने के बाद अब इसमें आरक्षण का चरण पुनः लागू किए जाने से पार्षद चुनाव की तैयारी कर रहे लोगों के माथे पर बल ला दिया है। इधर, 15 जुलाई को नगर निगम राजनांदगांव के 51 वार्डों नए परिसीमन का प्रारुप जारी कर दिया गया है। इसमें 22 जुलाई तक दावा-आपत्ति मंगाई गई है। 25 जुलाई को आखिरी रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। दूसरी ओर इस नए परिसीमन में 23 वार्डों की सीमाएं बदली हैं। इसमें एक वार्ड विलोपित भी किया गया है। हालांकि वार्डों की संख्या में परिवर्तन नहीं हुआ है।
परिसीमन में शहर की आबादी 01 लाख 63 हजार 114 बताई गई है। प्रत्येक वार्ड की औसत जनसंख्या 3198 बताई गई है। नए परिसीमन से 23 वार्ड प्रभावित हुए हैं। मेडिकल कॉलेज वार्ड 21 को पेंड्री वार्ड 20 में सम्मिलित कर दिया गया है। दरअसल, वार्ड 21 की जनसंख्या 390 ही थी। जबकि दूसरी ओर कैलाश नगर वार्ड 30 को दो हिस्सों में बांट दिया गया है। इस तरह 51 वार्डों की संख्या में परिवर्तन नहीं हुआ है। परिसीमन में सभी वार्डों में औसत रुप से समान जनसंख्या सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया गया था। लेकिन यह स्थिति बनती नहीं दिख रही है। जो नया प्रारुप सामने आया है उसमें कई वार्डों की जनसंख्या अब भी 4 हजार से ज्यादा है।
कन्हापुरी 4004, गौरी नगर 4005, और पेंड्री में 4098 शामिल हैं। सबसे छोटे वार्डों की बात करें तो वार्ड नं. 29 कैलाश वार्ड में 2190, मोतीपुर वार्ड 03 में 2183 जनसंख्या काफी है। वार्डों की नई सीमा निर्धारण में निकाय के कई बड़े नेताओं के वार्ड प्रभावित हुए हैं। इनमें महापौर हेमा देशमुख, कुलबीर सिंह छाबड़ा सहित कांग्रेस के तकरीबन 16 वार्डों में फेरबदल हुआ है। 7 भाजपा पार्षदों के ही वार्ड की सीमाएं बदली हैं। कुल मिलाकर परिसीमन के बाद अब दावेदारों को नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ेगी।

### परिसीमन से गहराया आरक्षण का पेंच

इस नए परिसीमन के बाद सबसे बड़ा पेंच आरक्षण का है। इसे लेकर निकाय के कई नेता विरोध भी कर रहे हैं। इसके पीछे तकनीकी कारण है। दरअसल, आरक्षण तीन चरणों में एक क्रम पूरा करता है। इस तरह आरक्षण की व्यवस्था में सभी को समान अवसर मिलते हैं। लेकिन 2014 से हर बार निकाय चुनाव में पुनः आरक्षण का क्रम अपनाया जा रहा है जो कि लोगों को समान अवसर से वंचित कर रहा है। शुन्य से शुरुकर आरक्षण तीन चरणों में 100 प्रतिशत पूरा होता है। तीन चुनावों के बाद परिसीमन और आरक्षण का नियम है। लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। गौरतलब है कि, 2014 के परिसीमन को असंतुलित बताकर स्टे लिया गया था। 2019 में पुनः परिसीमन किया गया था। एक बार फिर शासन ने 2011 की जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के आदेश दे दिए। जबकि आरक्षण के तीन चरण पूरे नहीं हो पाए हैं। ऐसे में पुनः वार्डों के आरक्षण में असंतुलन की आशंका भी है।

### परिसीमन से भाजपा को नुकसान की आशंका

वार्डों के परिसीमन में भाजपा को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। परिसीमन में भोगौलिक दृष्टि से किए गए परिवर्तन से कांग्रेस को ही फायदा मिलने के आसार दिख रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता कहते हैं, कुछेक वार्डों को छोड़ दें तो बाकी वार्डों का परिसीमन भाजपा के पक्ष में नहीं दिख रहा है।
हालांकि, इस बार महापौर के प्रत्यक्ष चुनाव की संभावना है लेकिन वार्डों में अगर पार्षदों की संख्या कम होगी तो इससे बड़ा फर्क पड़ेगा। बताया जा रहा है कि, जिला भाजपा की ओर से जिन्हें परिसीमन के लिए जिम्मेदारी दी गई उन्होंने बगैर मैदानी परिस्थितियों को आंके इसे अंजाम दिया।

### अब भी संख्या में संतुलित नहीं हैं वार्ड

पूर्व पार्षद अशोक फड़नवीस कहते हैं, वार्डों में जनसंख्या अब भी संतुलित नहीं है जो कि व्यवहारिक रुप से उचित नहीं है। शासन के निर्देश समान संख्या तय करने के थे। यह तो एक तरह से शासन के निर्देशों का उल्लंघन है। दरअसलन, परिसीमन के बाद भी कई वार्डों की जनसंख्या 2200 और कई की 4 हजार से ऊपर है। इसे लेकर निकाय के नेताओं में कई तरह की चर्चाएं हैं। हालांकि, 22 जुलाई तक लोगों के पास इस परिसीमन पर दावा आपत्ति का समय है। परिसीमन में जिन वार्डों की सीमाएं बदली हैं उन 23 वार्डों में वार्ड . 2, 3, 5, 6, 15, 16, 20, 22, 23, 24, 25, 29, 30, 31, 32, 33, 39, 41, 42, 43, 46, 47 और वार्ड . 50 शामिल है। बाकी के वार्डों में कोई हेरफ़ेर नहीं हुआ है।

# नक्सलगढ़ में आईजी, कलेक्टर और एसपी ने क्रिकेट खेला

### बीहड़ों के बीच पहाड़ के ऊपर बुकमरका भी पहुंचे आला अफसर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com



जिले में मानपुर ब्लॉक अंतर्गत महाराष्ट्र सीमावर्ती धुर नक्सल प्रभावित कोराचा ग्राम पंचायत क्षेत्र में पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, कलेक्टर एस. जयवर्धन व पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने दौरा कर सुरक्षा व प्रशासनिक व्यवस्था को खंगाला। यही नहीं कोरचा हाईस्कूल स्थित मैदान में क्रिकेट खेल रहे बच्चों के बीच मैदान में उतरकर आईजी, कलेक्टर व एसपी ने क्रिकेट भी खेली। दरअसल, महाराष्ट्र के मुहाने पर मौजूद मानपुर ब्लॉक के संबलपुर गांव में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। तीनों उच्च अधिकारी डीआरजी जवानों के सुरक्षा घेरे में ग्राम संबलपुर पहुंचे तथा सामुदायिक पुलिसिंग के जरिए आम जनों से रुबरू होकर उनकी समस्याओं व जरूरतों को जाना। वहीं स्कूली बच्चों को विभिन्न खेल व पाठ्य सामग्रियों का वितरण भी किया। इस दौरान बीहड़ों के बीच हजारों फिट ऊंचे पहाड़ के शीर्ष पर बसे ग्राम बुकमरका में पहुंचकर इन आला अफसरों ने स्कूली बच्चों को विभिन्न सामग्रियां बांटी। तथा पहाड़ीवासियों से मिलकर उनका हाल जाना। ग्राम कोराचा में भी इसी तरह विभिन्न सामग्रियां स्कूली बच्चों को बांट कर आदिवासी जनों से ये आला अफसर मुखातिब हुए।

**मैदान में दिख अनोखा अंदाज-** कोराचा में आईजी, कलेक्टर व एसपी का खेल मैदान में अनोखा अंदाज देखने को मिला जहां उन्होंने बच्चो के बीच पहुंचकर जमकर क्रिकेट भी खेला। दौरे के दरमियान आईजी दीपक झा ने इलाके में नए पुलिस कैंपों की स्थापना, क्षेत्रीय विकास, शांति कायमी, नक्सल घुसपैठ से रोकथाम जैसे विभिन्न मुद्दों पर मौजूद मीडिया प्रतिनिधि से बात की।
इस दौरान आईजी ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की आपसी सहभागिता के साथ क्षेत्र में विकास व शांति बहाली के लिए काम करने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा की नए पुलिस कैंपों की स्थापना से इस जिले में बस्तर व महाराष्ट्र से नक्सलियों की घुसपैठ पर लगाम लगेगी।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पित हुए तरुमित्र

### गायत्री परिवार द्वारा सघन पौधारोपण अभियान

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



अंचल के ग्राम चांदो में गत दिनों गायत्री परिवार के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा राम स्मृति उपवन में पौधारोपण अभियान के तहत पौधे रोपे गए। इस दरम्यान युवाओं द्वारा 500 औषधीय, फ्लदार व छायादार पौधो का रोपण किया गया। प्रत्येक पौधे के लिए युवाओं को तरुमित्र बनाया गया है। तरुमित्रों को पौधे का नियमित देखभाल करने संकल्प कराया गया।
उल्लेखनीय है कि उपवन में पिछले वर्ष रोपित 1200 पौधों को निराई गुड़ाई करके खाद दवाई दिया गया। तरुमित्रों के अथक प्रयास से विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधे तथा पुष्प लताओं से उपवन हराभरा दिखाई देने लगा है। युवाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण अभियान को सफ्ल बनाने अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उसके सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने हेतु निरंतर कार्य करने का फैसला लिया गया है। उल्लेखनीय है गायत्री परिवार के प्रज्ञा मंडल चांदो द्वारा लगातार वृक्षारोपण, व्यसन मुक्ति, नारी जागरण, गौ सेवा, कुरीति उन्मूलन, व्यक्तिव परिष्कार, जल संरक्षण तथा स्वच्छता के लिए सराहनीय कार्य कर रहे है। पौधारोपण अभियान में सुरेश यादव, होरीलाल साहू, निरंजन साहू, टोमन साहू, संदीप देवांगन, लिलेश देवांगन, गीता राम साहू, सुरेंद्र कोसमा, काशी देवांगन, अमन साहू, सुरेश पटेल, लीलम माली, कृष्णा पटेल, देवा माली, गिरधर माली, शेखर माली, नितेश वैष्णव, रोशन निषाद, देवेश्वरी भुवार्य सहित गायत्री परिवार के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डॉ. रमन सिंह आज शहर के कई कार्यक्रमों में

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल दिनांक 17 जुलाई को एक दिवसीय प्रवास पर शहर आ रहे है, वे इस दौरान अनेक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह आज 11.30 बजे अपने रायपुर स्थित निवास खनिज नगर मौल विहार से प्रस्थान कर दोपहर 12.20 बजे विश्राम गृह दुर्ग पहुंचेंगे। फिर वे दोपहर 01.10 बजे चिखली राजनांदगांव पहुंचकर वैष्णव समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे फिर वे दोपहर 02.00 बजे से विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव आकर आमलोगों से मुलाकात करेंगे फिर वे शाम 04.00 बजे गांधी सभागृह में आकर एक पेड़ मां के नाम पौधा वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लेगें फिर शाम 05.25 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव आकर रात्रि विश्राम करेंगे। इसी प्रकार दूसरे दिन स्थानीय कार्यक्रमों के लिये उनका समय आरक्षित रखा गया है।

### अतिथि व्याख्याता एवं अन्य पद पर आवेदन आमंत्रित

**मोहला।** स्व.लाल श्याम शाह नवीन महाविद्यालय मोहला, जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी में अतिथि व्याख्याता एवं अन्य पद के लिए 24 जुलाई तक कार्यालय समय में 5:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं वाहक के हस्ते कार्यालय से पावती प्राप्त कर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# जिपंसदस्य द्वारा छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण इको क्लब द्वारा परिसर में वृहद पौधारोपण



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत क्षेत्र के कोकपुर स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल एवं मिडिल स्कूल में संयुक्त प्रवेशोत्सव मनाया गया।
मुख्यअतिथि मति जागृति चुन्नी यदु जिला पंचायत सदस्य ने सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरित किया। इस मौके पर इको क्लब के द्वारा पौधारोपण किया गया। उक्त अवसर पर पौधारोपण करते हुए जिपंसदस्य ने पौधे के संरक्षण व संवर्धन करने स्कूल प्रबंधन को हिदायत दी। कार्यक्रम में मुकेश सिन्हा, कोकपुर प्राचार्य केआर सोरी, प्रधान पाठक मनोज ठाकुर, व्याख्याता शैलेंद्र यदु, अश्वनी रसागर, मती लता सोनी, दीपक राजपूत, प्रियंका रामटेके सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ

- मितानिनों व महिला समूहों को पौधे वितरण, संगठनमंत्री अजय जामवाल ने की शिरकत

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ हुआ। भाजपा के क्षेत्रीय संगठनमंत्री अजय जामवाल, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व जिपंअध्यक्ष दिनेश गांधी, जिलाध्यक्ष रमेश पटेल एवं सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल की उपस्थिति में ब्लॉक भर से आये मितानिनों, स्व सहायता समूह की महिलाओं व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को विभिन्न प्रजाति के लगभग एक हजार पौधे वितरित किये। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय आव्हान् पर शासन के मंशानुरूप वन विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के संयुक्त प्रयास से स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रागंण में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता जामवाल ने कहा कि प्रकृति के पांच तत्व हैं, जल, वायु, पृथ्वी, आकाश व अग्नि। आज इन पांचों तत्वों का संतुलन बिगड़ा है, इस संतुलन को संभालकर रखना है तो इस प्रकृति का जैसे हम संरक्षण करते थे, उस ओर हमें लौटना होगा।
कार्यक्रम में वरिष्ठजन प्रदीप गाँधी, मधुसूदन यादव, दिनेश गाँधी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दरम्यान मितानिनों, समूह की महिलाओं व जनप्रतिनिधियों को अतिथियों के माध्यम से विभिन्न प्रजाति के पौधों का वितरण किया गया। पश्चात जामवाल ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मंडी परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार गुप्ता ने तथा आभार बालकृष्ण सिन्हा ने किया। उक्त अवसर पर जिपं सदस्य जागृति यदु, अंजू त्रिपाठी, सरिता ढीमर, निर्मला सिन्हा, संतोष यादव, दिनेश साहू, गुलशन हिरवानी, डिकेश साहू, जितेंद्र सिन्हा, सिद्धिक बडगुजर, टीकाराम सोनकर, कोमल साहू, किशोर यादव, योगेश पटेल, लक्ष्मीनारायण सेन तथा जनपद सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# वनांचल में अवैध उत्खनन पर निगाह रखने के निर्देश, सरपंच-सचिव पर भी होगी कार्रवाई

- कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, खनिज विभाग, आबकारी विभाग सहित लोक निर्माण विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एस जयवर्धन ने अधिकारियों से कहा कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता एवं पूर्ण जवाबदेही के साथ दायित्व निर्वहन करना सुनिश्चित करें। खनिज विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। अवैध खनिज का परिवहन व भंडारण करने वाले व्यक्तियों एवं सम्बंधित ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव पर नियमानुसार कार्यवाही किए जाने के संबंध में चर्चा किया गया। राजस्व व खनिज विभाग को समन्वय स्थापित करें। अवैध रेत परिवहन, उत्खनन के प्रकरणों पर कार्यवाही करने कहा गया है। वन विभाग की भूमि पर किये जा रहे अतिक्रमण को हटाए जाने के संबंध में भी कार्रवाई करने कहा गया है। दुर्घटना जन्य क्षेत्र की पहचान कर प्रभावी नियंत्रण के लिए कार्ययोजना बनाने कहा गया है। रेत माफिया भू-माफिया एवं अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं उससे संबंधित जानकारियां की फाइल बना कर रखने कहा गया है। बरसात के दिनों में क्षतिग्रस्त सड़कों की बदहाल स्थिति को संवेदनशीलता से लेते हुए शीघ्र ही मरमत कार्य पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं। क्षतिग्रस्त सड़कों का शीघ्र मरम्मत नहीं किये जाने एवं किसी प्रकार की दुर्घटना होने की स्थिति में विभागीय अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुलिस चौकी चिचोला में पूर्व में हुई थी शिकायत, अख्तर और उसके साथियों पर लगे आरोप

# सूदखोर के एजेंटों ने डकारी लाखों की रकम, ग्रामीणों पर ज्यादा रकम चुकाने का दबाव बनाया, एकड़ों जमीन हड़प ली

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




छुरिया इलाके के 14 पीड़ितों ने जिला प्रशासन से लगाई गुहार
ब्याज में रकम बांटकर सूदखोरों ने हड़प ली 35 एकड़ जमीन

पुलिस चौकी चिचोला क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर में महापंचायत में सामने आए सूदखोरी, रकम हजम करने, किसानों की ऋण पुस्तिका धोखे से बंधक बनाकर नकली ऋष्ण पुस्तिका देने और तकरीबन 35 एकड़ जमीन हड़पने के मामले में पुलिसिया कार्रवाई का इंतजार है। अख्तर खान, हिरम दास और चेतन मानिकपुरी पर आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने किसानों से धोखाधड़ी की है और कमीशन के नाम पर तथा उनके नाम से साहूकार से ज्यादा रकम का ऋण लेकर डकार गए हैं। पीड़ित 14 किसानों में से पेमूराम के पुत्र ने बताया कि, उसके पिता ने महज 40 हजार रुपए लिए थे। लेकिन अब कर्ज दिलाने वाला अख्तर खान उर्फ गुड्डा उनसे 1 लाख रुपए लौटाने की मांग कर रहा है। उसने बताया कि, हम कई महीनों से ब्याज चुका रहे हैं। यही नहीं अख्तर खान, हिरम दास और चेतन ने मिलकर हमारी जमीन की ऋष्ण पुस्तिका भी बंधक रख ली है। धोखे से हमें नकली ऋण पुस्तिका दी गई है। हमें डर है कि, कहीं हमारी जमीन न हड़प ली जाए। इस मामले में पेमूराम के बेटे ने पुलिस चौकी चिचोला में शिकायत भी की थी। पुलिस ने अख्तर खान का बयान भी लिया था। लेकिन इसके बाद कोई कार्रवाई सामने नहीं आई है। पुलिस चौकी चिचोला प्रभारी भूषण चंद्राकर ने कहा कि, उन्होंने मामले की जानकारी ली है। अगर ग्रामीणों के साथ गलत हुआ है तो वे चौकी में शिकायत करें। मामले की पूरी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि, मैंने हाल ही में यहां पदभार संभाला है। अगर, पहले किसी पीड़ित ने आवेदन दिया था तो उसकी जांच की स्थिति की जानकारी लूंगा। उन्होंने कहा कि, वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई की जाएगी।

**10 एकड़ जमीन हड़प ली-गोपालपुर इलाके** के अलग-अलग गांवों में कृषकों को उनकी जरुरत पर रकम दिलाने के नाम पर ठग लिया गया है। ऐसे 14 किसान सामने आए हैं। गोपालपुर के भादूराम कोटवार के बेटे अजय ने बताया कि, उसके पिता को महत 7 हजार रुपए दिए गए थे। अख्तर, हिरम और चेतन ने मिलकर उनकी 10 एकड़ जमीन की धोखे से लिखा पढ़ी करवा ली। अब जानकारी मिल रही है कि उन्होंने इस जमीन की पॉवर ऑफएटॉर्नी करवा ली है। छल कपट कर हमारी पुश्तैनी जमीन को हड़प कर हमें आघात पहुंचाया गया है। अजय ने न्याय की मांग की है।

**55 लाख का मामला, 35 एकड़ जमीन की धोखे से लिखा पढ़ी-**पीड़ित किसानों के सामने आने के बाद ये पूरा प्रकरण बड़ी धोखाधड़ी के तौर पर सामने आया है। पीड़ित किसानों ने अपनी शिकायतों में बताया है कि, उन्हें कम रकम देकर अब दोगुनी रकम की मांग की जा रही है। इनमें एक महिला मालाबाई को तो 01 लाख 70 हजार देने के बाद अब उससे 5 लाख रुपए की मांग की जा रही है। इन पीड़ितों से 10 फीसद की दर से ब्याज वसूला जा रहा था। उसकी भी ऋण पुस्तिका सूदखोरों ने दबा रखी है। बताया जा रहा है कि, क्षेत्र में कुल 55 लाख के लेन-देन का मामला है जिसके एवज में सूदखोर धन्ना सेठों ने 35 एकड़ जमीन हथिया ली है।

**अख्तर मुख्य किरदार, चेतन-हिरम साझेदार**
इस पूरे मामले में गोपालपुर निवासी अख्तर खान की मुख्य भूमिका सामने आई है। उसने राजनांदगांव के धन्ना सेठों से लोगों को ब्याज पर रकम दिलवाने का काम शुरु किया। इसमें मासुलजोब निवासी हिरमदास मानिकपुरी और चेतन मानिकपुरी उसके साथी बने। हिरम और चेतन का काम जरुरतमंद किसानों को ढूंढकर लाना था। जबकि अख्तर राजनांदगांव में पैसे दिलवाकर भोले-भाले किसानों से जमीन की लिखा पढ़ी करवाता था। यही नहीं अख्तर, हिरम और चेतन ने ग्रामीणों के नाम पर ज्यादा पैसे सूदखोरों से उठाए लेकिन एक छोटी रकम ही किसानों को दी और बाकी हजत कर गए। अब जब ये मामला खुला है तो ग्रामीणों पर मिली रकम से कई गुना ज्यादा का कर्ज बताया जा रहा है।

**पुलिस को शिकायत का इंतजार-**पुलिस ने इस पूरे मामले की जानकारी ली है। लेकिन फिलहाल पीड़ितों की ओर से कोई शिकायत न मिलने के चलते कोई कार्रवाई नहीं की गई है। धोखाधड़ी के इस प्रकरण में पुलिस को भी शिकायत का इंतजार है। फिलहाल ग्रामीणों ने इस पूरे प्रकरण को जिला प्रशासन के सामने रखकर न्याय की गुहार लगाई है। विशेषज्ञ बता रहे हैं कि, आदिवासी किसानों की जमीनी हड़पने का मामला बेहद संवेदनशील है। अगर उनकी जमीनों की पॉवर ऑफएटॉर्नी भी तैयार करवाई गई तो ये बड़ा अपराध है।

# कलेक्टर नम्रता गांधी ने किया डांडेसरा, कातलबोड़, कुरूद, कोकड़ी, खैरा का औचक निरीक्षण

## कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि एवं संबंधित विभागों सहित कृषि और उद्यानिकी महाविद्यालय प्रमुखों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com






कलेक्टर नम्रता गांधी ने आज कृषि विज्ञान केन्द्र सम्बलपुर में रावे प्लान (ग्रामीण कृषि, उद्यानिकी कार्य अनुभव) के तहत कृषि एवं उद्यानिकी महाविद्यलाय के प्रमुखों से चर्चा की। इस दौरान कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा कि कृषि एवं उद्यानिकी कॉलेज में बच्चों को कार्य अनुभव की जानकारी व्यावहारिक तौर पर दी जाए। इसके लिए उन्हें बच्चों के साथ माह में कम से कम दो बार गांवों का दौरा कर मिट्टी परीक्षण, फसल चक्र परिवर्तन, सॉईल कार्ड तैयार करना सहित कृषि एवं उद्यानिकी से संबंधित कार्यों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कराकर दिखाया जाए। कलेक्टर सु गांधी ने मॉडल गांव परसतराई के तर्ज पर जिले में अन्य गांवों को भी विकसित और जागरूक करने के निर्देश कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारीअभी से ग्रामों में जाकर किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रेरित करें और उन्हें इसके लिए जागरूक करें और गर्मी में दलहन, तिलहन सहित कम पानी वाले फसल के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इस दौरान जल स्तर का डेटा, ट्यूबवेल की जानकारी, कितने लोग रबी में फसल लेते हैं इत्यादि संबंधी जानकारी गूगल शीट में तैयार करें। इसके साथ ही टांका, सोख्ता, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, बोरवेल रिचार्ज की स्थिति की जानकारी लेने कहा, इसके लिए ग्राम सभा में पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसके बाद कलेक्टर ने कुरूद के ग्राम पंचायत डांडेसरा स्थित आदिवासी भवन में आयोजित सुप्रजा कार्यक्रम में पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने गर्भवती माताओं से चर्चा की। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं को अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गर्भवती माताओं को आहार, विहार, धार्मिक, ज्ञानवर्धक और महापुरूषों की जीवनी संबंधी पुस्तकों का वाचन, भजन, गायत्री मंत्र, संगीत सुनना इत्यादि गतिविधियां करते रहना चाहिए। उन्होंने सुप्रजा कार्यक्रम के तहत योगा इत्यादि का लाभ लेने और औषधीय पौधों का रोपण अपने घरों में करने के लिएमहिलाओं से कहा। इस दौरान औषधी पौधों का वितरण भी उपस्थित जनप्रतिनिधि और अधिकारियों द्वारा किया गया। कलेक्टर ने अपने भ्रमण के अगले पड़ाव में ग्राम पंचायत कातलबोड़ का औचक निरीक्षण किया। यहां प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में पोषण वाटिका, यूथ एवं ईको क्लब के कार्यों का अवलोकन किया और बच्चों से रू-ब-रू चर्चा की।इस दौरान कक्षा सातवीं के विद्यार्थी रितेश साहू से कलेक्टर द्वारा जल संरक्षण के बारे में पूछने पर रितेश ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद में ध्यान देने और मोबाइल से दूर रहने की समझाईश दी। साथ ही पढ़ाई के अलावा कला आदि गतिविधियों पर भी ध्यान देने कहा। इस मौके पर कलेक्टर ने बच्चों को पीटीआई और कम्प्यूटर शिक्षण पर फोकस कराने के निर्देश शिक्षकों को दिए। साथ ही सप्ताह में कम से कम दो दिन पीटी कराने कहा। उन्होंने कहा कि दिन में कम से कम आधा घंटा शिक्षकों को बच्चों के अन्य गतिविधियों पर ध्यान देते हुए उन्हें कला, कम्प्यूटर सहित अन्य गतिविधियां कराने कहा। कलेक्टर ने स्कूल में स्थित मुस्कान पुस्तकालय, विज्ञान एवं कम्प्यूटर लैब का मुआयना किया तथा स्कूल परिसर में अधिक से अधिक पौधों का रोपण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मनरेगा के तहत अमृत सरोवर में किए गए वृक्षारोपण का अवलोकन कलेक्टर ने किया तथा पौधों का रोपण भी किया। इसके साथ ही कलेक्टर सु गांधी ने ग्राम पंचायत कोकड़ी और खैरा का निरीक्षण किया। यहां करीबं 3 एकड़ से अधिक क्षेत्र में 1200 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया है। आज कलेक्टर ने भी यहां पौधा रोपण किया। साथ ही खैरा स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल का मुआयना कर बच्चों से रू-ब-रू चर्चा की और बच्चों के साथ न्यौता भोज में शामिल हुई।इस मौके एसडीएम कुरूद दीनदयाल मण्डावी, सीईओ जनपद पंचायत कुरूद बी.आर.वर्मा, तहसीलदार कुरूद दुर्गा साहू, जिला शिक्षा अधिकारी जगदल्ले सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला व पुलिस प्रशासन की टीम मिलकर सड़कों से मवेशीयों को हटाने का कार्य कर रही

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश की सड़कों पर आवारा मवेशियों के मामले को हाईकोर्ट ने गंभीर मसला माना है। जिले में भी नेशनल हाइवे में आवारा मवेशीयों का झुंड बना रहता हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने का अभियान चलाया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर आवारा पशुओं की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना और यातायात को सुचारु बनाना था। इस दौरान प्रशासन द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया जो सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़ने और सुरक्षित स्थान पर ले जाने का काम कर रही हैं। पशुओं को पकड़ने और स्थानांतरित करने के दौरान उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा हैं। अभियान के लिए प्रशिक्षित कर्मियों और विशेष वाहनों का उपयोग किया जा रहा हैं। इस अभियान से सड़कों पर यातायात जाम और दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आई है, जिससे यात्रियों की यात्रा सुगम हो गई है। यातायात सुचारु होने से नागरिकों को आने-जाने में आसानी हो रही है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा बढ़ी है। शहर की सड़कों का वातावरण अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित हो गया है। सड़कों पर आवारा पशुओं के चलते दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हो रही थी। यातायात जाम और वाहनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इस अभियान का उद्देश्य न केवल यातायात को सुगम बनाना है, बल्कि शहर की सड़कों को सुरक्षित और साफ-सुथरा रखना भी है। इससे न केवल यात्रियों की यात्रा सुरक्षित होगी, बल्कि शहर का सौंदर्य और स्वच्छता भी बढ़ेगी।

## नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में प्रवेश शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) में जो कि वर्तमान में शासकीय हाईस्कूल नई लेदरी जिला -मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) के भवन में संचालित हैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरोज बाला श्याग विश्नोई के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार छ0ग0 शासन प्रवेश नियम 2024 के अनुसार कला संकाय,विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया प्रांरभ हैं। इच्छुक छात्रायें विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन कराकर नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) में प्रवेश ले सकती हैं पंजीयन फार्म के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर प्रवेश लेने की सुविधा उपलब्ध हैं, कला संकाय में बी.ए. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, विषय में अध्ययन की सुविधा कला संकाय में सीट संख्या प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में भी 90 हैं विज्ञान संकाय(बायो समूह) में बी.एस.सी. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र विषय में अध्ययन की सुविधा विज्ञान संकाय(बायो समूह) में सीट संख्या प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में भी 45 हैं। विज्ञान संकाय(गणित समूह) में बी.एस.सी. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में रसायनशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित, विषय में अध्ययन की सुविधा हैं विज्ञान संकाय(गणित समूह) में सीट संख्या प्रत्येक कक्षा में 45 हैं। वाणिज्य संकाय में बी.कॉम प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में वाणिज्य में सभी विषय में अध्ययन की सुविधा हैं वाणिज्य संकाय में सीट संख्या प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में भी 90 हैं। कला संकाय,विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय के स्वाध्यायी उतीर्ण छात्रायें भी महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं। महाविद्यालय में कला संकाय में इतिहास एवं विज्ञान संकाय में प्राणीशास्त्र, विषय में नियमित सहायक प्राध्यापक कार्यरत हैं शेष विषय के लिये अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति का विज्ञापन जारी कर दिया गया हैं।

## सांई बाबा मंदिर कुकरेल में गुरूपूर्णिमा महोत्सव 21 को

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी शहर से दस किलोमीटर दूर स्थित छोटा शिरडी धाम, सांई मंदिर, सांई दरबार कुकरेल में श्रीं सांई गुरुपूजन गुरु पूर्णिमा पर्व की तैयारी जोर.शोर से की जा रही है। इस दिन संतान प्राप्ति संबंधित कष्टों का निवारण, पितृदोष, शारीरिक आर्थिक समस्या हेतु श्री कुंदकेशवर महादेव की आशीष हेतु 21 जुलाई आषाढ़ पूर्णिमा में विशेष कार्यक्रम रखा गया है, इसके बाद मंदिर प्रांगण में 19 अगस्त श्रावण पूर्णिमा पांच सोमवार तक 6 बजे से सात बजे प्रतिदिन रुद्राभिषेक किया जायेगा श्री सांई सेवा एवं विकास समिति छोटा शिरडी धाम कुकरेल के संचालक डाक्टर संजय -सुलेखा तिवारी हर्बल क्लिनिक एवं श्री सांई मेडिकोज, छोटा शिरडी धाम कुकरेल द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि सुबह पांच से छह बजे बाबा का काकड़ आरती, बाबा जी का शाही स्नान, पूजा पाठ जय तप आरती, दस बजे से सांई पालकी 11 बजे से सांई गुरुपूजन सत्यनारायण व्रत कथा, रुद्राभिषेक, पार्थिव शिवलिंग, श्रावण मास प्रारंभ, बारह बजे से हवन पूजन, पूर्णाहुति, आरती,भजन -क्रीतन, विशाल सांई भंडार प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है समिति सदस्यों ने समस्त सांई भक्तों से अपील की है कि इस संपूर्ण आयोजनों में अपनी ज्यादा से ज्यादा उपस्थिति देकर सांई दर्शन कर गुरु कृपा प्राप्त कर जीवन धन्य बनाये।

## शिशु संरक्षण माह का आयोजन 19 जुलाई से 23 अगस्त तक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 19 जुलाई से 23 अगस्त 2024 तक किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुबह 9से शाम 4बजे तक निर्धारित सेवायें हितग्राहियों को दी जाएगी। अभियान का उद्देश्य बच्चों में होने वाले आंख से संबंधित रोग मोतियाबिन्द, रतौंधी, बिटॉट स्पॉट एवं खून की कमी को दूर करना है। अभियान के दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित कार्यक्रम एवं गतिविधियां विटामिन ए सिरप 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को 6 माह के अंतराल में पिलाया जाता है। साथ ही आयरन फोलिक एसिड सिरप भी दिया जाता है। बच्चों में पोषण के स्तर की जांच के लिए वजन लेकर पोषण आहार के विषय में पालक को जानकारी और अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केन्द्रों भर्ती किया जाना एवं गर्भवती माताओं की जांच करते हुए स्तनपान एवं पोषण आहार के विषय पर चर्चा किया जाना शामिल है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक ने बताया कि जिले में विटामिन ए के हितग्राही बच्चे 74 हजार 631 एवं आयरन फोलिक एसिड सिरप के हितग्राही बच्चों की संख्या 79 हजार 21 है। इन्हे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों के सहयोग से सेवायें प्रदाय किया जायेगा। जिला स्तर पर कार्यकम से संबंधित संपूर्ण तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गतिविधियों के दौरान प्रतिकूल प्रतिक्रिया पर उपचार की समुचित चिकित्सकीय व्यवस्थापन की तैयारी भी पूरी हो गई है।

साथ ही कार्यक्रम से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। पालकों से आग्रह किया गया है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने बच्चों को विटामिन ए एवं आयरन फोलिक एसिड सिरप अवश्य पिलाये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि एवं जनसामान्य को अपील किया गया है कि शिशु संरक्षण माह के दौरान पांच साल तक के बच्चों को अपने निकटतम शिशु संरक्षण बूथ तक ले जाने हेतु प्रेरित करें।

## प्रभारी मंत्री के निर्देश का दिखा असर, कलेक्टर की राजस्व विभाग को दो टूक राजस्व प्रकरणों के निराकरण में कोताही बरतने कड़ी कार्यवाही की चेतावनी

■ समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के निर्देश का असर देखने मिला है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित प्रकरण किसानों से जुड़े होने के कारण निर्धारित समयावधि में इसका समुचित निराकरण सुनिश्चित कराना शासन-प्रशासन के विशेष प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए हम सभी अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी बनती है कि आम जनता के राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित की जाए। दरअसल सोमवार को सूबे के उपमुख्यमंत्री एवं बालोद जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा अपने एक दिवसीय प्रवास पर बालोद पहुंचे थे। जहां उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व प्रकरणों का समयावधि के अंदर निराकरण नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की थ साथ ही देवरी के तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु को राजस्व मामले में लापरवाही बरतने पर सस्पेंड भी किया था। साथ ही समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कलेक्टर को निर्देश दिए थे कि अगर जिले में राजस्व विभाग में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है, तो उसके जिम्मेदार कलेक्टर होंगे। इसके बाद बालोद जिले के कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल ने समीक्षा बैठक के दौरान कड़ा रुख अपनाते हुए राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाकर समयावधि के अंदर ही प्रकरण के निराकरण की बात कही है। साथ ही उन्होंने राजस्व अधिकारियों को चेतावनी भी दी है कि अगर किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**30 जुलाई तक चलेगा राजस्व पखवाड़ा**-बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को किसानों के राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व पखवाड़ा को 30 जुलाई तक वृद्धि करने के भी निर्देश दिए। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को स्कूली बच्चों को खेल के बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने हेतु जिले के प्रत्येक विकासखंडों के 8 से 10 स्थानों पर बेहतरीन खेल मैदान के निर्माण हेतु उपयुक्त जगह चयनित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शाला भवनों के मरम्मत कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए शेष सभी कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

**बालोद बस स्टैंड से कलेक्ट्रेट तक होगा मिनी बस का संचालन**-कलेक्टर ने जिले के प्रभारी मंत्री के द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारी-कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के अलावा वहाँ पर मरीजों को सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्धारित तिथियों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय में स्थित सभी प्राथमिक शालाओं में सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा शिक्षको एवं कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु जिला चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को आम जनता के लिए कलेक्टोरेट तक आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने नया बस स्टैंड बालोद से संयुक्त जिला कार्यालय तक मिनी बस के संचालन करने के निर्देश भी दिए।

### किसानों के शिकायत के बाद भी जिला प्रशासन ने नहीं की कार्रवाई, खेती किसानी को लेकर किसानों की चेहरे पर चिंता की लकीर

## रामचंद्रपुर जनपद पंचायत में बांध निर्माण को लेकर हुआ भारी भ्रष्टाचार

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com


ग्रामीणों ने बांध निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

रामचंद्रपुर जनपद पंचायत का मामला

जनपद पंचायत रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लावा में बन रहे बांध निर्माण में बरती गई अनियमितता के संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर सहित जिला पंचायत सीईओ को लिखित शिकायत करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई थी किंतु लगभग एक माह का समय व्यतीत होने के बाद भी जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत सीईओ के द्वारा कोई संज्ञान नहीं दिया गया है अब शिकायत करता के सामने यह सवाल खड़े हो रहे हैं कि यदि विभाग के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का कोई शिकायत नहीं करता है तो वह मामला दवा छुपा रह जाता है लेकिन शिकायत के बाद भी प्रशासन यदि शुद्ध नहीं ले रहा है तो ईससे यही साबित होता है कि जनपद पंचायत रामचंद्रपुर में बैठे हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनता के टैक्स से दी गई शासकीय धनराशि का गमन करने का खुली छूट मिल गई है। यदि यही हाल रहा तो विकास के नाम पर आने वाला धनराशि को भ्रष्ट अवसर इसी तरह बंदर बांट करते रहेंगे और शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं होगी और जिनके खिलाफ शिकायत करेंगे वह ताल ठोकते हुए शिकायतकर्ता को मुंह चिढ़ाते नजर आएगा? बाध निर्माण में हुए भ्रष्टाचार का **क्या है पूरा मामला**-जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत लावा में मनरेगा के तहत् मिट्टी बांध निर्माण कराने के लिए स्वीकृति राशि 18 लाख मिला थीं, उस बांध मे सन् 2023-24 से काम चल रहा है, उस बांध में 20 से 25 प्रतिशत काम हुआ और उसका राशि 70 प्रतिशत फर्जी निकाल लिया गया है, उस बांध में मजदूर 8 से 10 लोग कभी-कभी दिखाने के लिए लगाये जाते है तथा 70 से 80 मजदूर के नाम से विचौलियों लोगों को मारस्टर रोल निकालकर एमआइएस कराके पैसा आहरण कराके पंचायत के पदाधिकारीयों ने पैसों को बन्दर बाट कर रहे है, पुछने पर बताते है कि काम कभी भी हो जायेगा कुडवा बांध को जिस भूमि को सिंचित करने के लिए कुड़वा में बांध निर्माण का मांग कर स्वीकृति कराया गया था। सभी किसान चिचिंत है व्ही प्रति सप्ताह लगभग 1 लाख रू का एम.आर. निकालकर एम.आई.एस.कराया जा रहा है। उक्त पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार में सलीपित लोगों को जेल भेजा जाए। शिकायत करता के द्वारा मांग की गई थी किंतु एक माह का समय बीतने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिसको लेकर शिकायत कर्ता चिंतित है।

**सीईओ की कुर्सी पर डिप्टी कलेक्टर और हो गया भ्रष्टाचार**-जन चर्चा के अनुसार वैसे तो निर्माण सबंधी विभागों में खासकर भ्रष्टाचार करना आम बात हो गया है और जब भ्रष्टाचार की कलई खुलती है तो उस विभाग से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों के द्वारा जांच का हवाला देकर मामले को शांत कर दिया जाता हैं। लेकिन वह अधिकारी इस बात को भूल जाते हैं कि आम जनता से वसूल किया गया टैक्स के रूप में उनके सुख सुविधाओं के लिए उन्हीं को पुनः वापस किया जाता है लेकिन आम जनता के पैसों पर डाका डालने की यह परंपरा अब आम को चली है। खैर मामला जो भी हो इस पर कार्रवाई होना या ना होना तो इस क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के विवेक पर निर्भर करता है और इन्हीं के आदेश के प्रतीक्षा में जिला स्तर के अधिकारी वेट करते रहते हैं और जब इनके द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जाता है तो शिकायतकर्ता चिल्लाता रहे मामला टाय टाय फिश हो कर रह जाता हैं। लेकिन जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के सीईओ पद पर असीन डिप्टी कलेक्टर के होने के बाद भी उनके अधीनस्थ कर्मचारी इतना बड़ा भ्रष्टाचार को अंजाम दे गए इसी बात की चर्चा राजनीति गलियारों में आए दिन हो रही है।



## छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का वार्षिक महासभा जांजगीर में 21 जुलाई को

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्रमांक 5066 के तत्व धान में वार्षिक महासभा का आयोजन नगर पालिका परिषद जांजगीर में 21 जुलाई दिन रविवार समय 11:00 बजे से किया गया है जिसमें 31 मार्च 2024 तक बने सभी पंजीकृत सदस्यों से निवेदन किया गया है कि आमसभा में सम्मिलित होकर कार्य म को सफल बनाया जावे वही इस आम सभा में प्रमुख रूप से संस्था का प्रगति प्रतिवेदन पाठन, संस्था के वर्ष 2023 -24 के अंकेक्षित पत्रक का अनुमोदन संस्था के संविधान संशोधन पर चर्चा इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आज 14 जुलाई को जांजगीर में।

# मुख्यमंत्री साय की संवेदनशीलता से तीन को मिली अनुकंपा नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील सरकार लोगों के हित में त्वरित कार्य कर रही है। समय सीमा के अंदर जरूरतमंद परिवार को अनुकंपा नियुक्ति मिल सकें, शासन इस पर लगातार प्रयास कर रही है। गरियाबंद जिले की शारदा पटेल, प्रमिला कुर्रे एवं सुअन्नपूर्णा ध्रुव को अनुकम्पा नियुक्ति मिल गई है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने तीनों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किया। शासन की त्वरित कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है। ग्राम देवरी जिला जांजगीर चांपा की रहने वाली शारदा पटेल ने बताया कि उनके पति व्याख्याता के रूप में हायर सेकेण्डरी स्कूल अकलवारा में पदस्थ थे। उनके निधन के बाद भृत्य पद के रूप में अनुकंपा नियुक्ति शासकीय हाईस्कूल लोहझर में मिली है। उन्होंने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति मिलने से परिवार के पालन पोषण एवं देखरेख में सहायता मिलेगी। साथ ही भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। इसी प्रकार मचेवा जिला महासमुंद की रहने वाली प्रमिला कुर्रे के पति शिक्षक (एलबी) के रूप में शासकीय मीडिल स्कूल गुड़ेमा में पदस्थ थे। उनके निधन के पश्चात उन्हें भृत्य के रूप में शासकीय हाईस्कूल सेमरा में अनुकंपा नियुक्ति मिली।

# कोलंबिया कॉलेज के छात्राध्यापकों द्वारा सामुदायिक गतिविधि का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया कॉलेज, रायपुर के छात्राध्यापकों ने विश्व पेपर बैग दिवस के अवसर ग्राम पंचायत बरबंदा, रायपुर के सरपंच जितेंद्र कुमार पटेल के सहयोग सेसामुदायिक गतिविधि का आयोजन कियागया।इस आयोजन का विषय पॉलिथीन बैग का उपयोग बंद करें था। छात्राध्यापकों ने प्लास्टिक बैग के उपयोग को बंद करने के विषय पर एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का मुख्य उद्देश्य था ग्रामवासियों को प्लास्टिक बैग के उपयोग को बंद करने और इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी देना। रैली के दौरान ग्रामवासियों से प्लास्टिक बैग के उपयोग पर प्रश्नोत्तरी की गई और उन्हें प्लास्टिक के पर्यावरण पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में बताया गया। इसके अलावा, प्लास्टिक बैग के विकल्प जैसे पेपर बैग, कपड़े के बैग, और जूट के बैग का इस्तेमाल करने के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्य म में महाविद्यालय द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच जितेंद्र कुमार पटेल को सहायक प्राध्यापिका सुगोपिका सिन्हा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट किया गया, सहायक प्राध्यापिका सुरेखा यादव द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया और



सहायक प्राध्यापिका सविता रानी वर्मा द्वारा धन्यवाद वाचन किया गया।














शिक्षा में सबसे ज्यादा
ताकत होती है।
जिससे पूरी दुनिया को
बदला जा सकता है।।








सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403